जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

राष्ट्रदूत
Metro
Rashtradoot

epaper.rashtradoot.com

ARBiT



**The Best TV Shows About The American Revolution** — In 1917, an American director was prosecuted for making *The Spirit of '76*, a film about the Revolution that criticized Great Britain, America's new ally

**You Did 'What' at the Table?**

**The Gazelle-Head Diadem of Thutmose III**

# कांग्रेस ने जयपुर के राजघराने का नाम भी घसीटा दुराचारी एप्स्टीन प्रकरण में

## एआईसीसी के मीडिया विभाग के अध्यक्ष पवन खेड़ा ने ट्वीट करके फैलाया कि महाराजा जयपुर, सवाई पद्मनाभ की बीसवीं सालगिरह पर एप्स्टीन के जानकार, मित्र व सहयोगी ने एक ''अलौकिक'' जश्न आयोजित किया

-रेणु मित्तल-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 9 फरवरी। कांग्रेस ने जयपुर राजघराने पर भारी कीचड़ उछाला। एआईसीसी के मीडिया प्रभारी पवन खेड़ा ने एप्स्टीन के एक दस्तावेज़ को एक्स पर शेयर किया।

''सोमवार, 14 मई 2018 को, एक प्रेषक (जिसका नाम गोपनीय कर दिया गया है) ने एप्स्टीन को लिखाः मैं इस गर्मी में रोम के पास हमारे पारिवारिक किले में जयपुर के महाराजा के जन्मदिन की पार्टी आयोजित कर रही हूँ। यह अलौकिक होने वाली है!!!''

- पवन खेड़ा की ट्वीट के अनुसार, यह जश्न (पार्टी) एप्स्टीन के मित्र ने अपने रोम के पास स्थित किले में 2018 में आयोजित किया था तथा इसकी सूचना एप्स्टीन को लिख कर भेजी थी।
- पवन खेड़ा की ट्वीट के अनुसार, जश्न की जानकारी तो ''टिप ऑफ द आईसबर्ग'' है और एप्स्टीन के घराने से संबंध काफी गहरे और पुराने हैं।
- पवन खेड़ा ने अपने ट्वीट में यह भी लिखा है कि यह सब जानकारी अमेरिका के डिपार्टमेंट ऑफ जस्टिस की वैबसाइटः जस्टिस.जीओवी/एप्स्टीन/फाइल्स/पर उपलब्ध है।
- पवन खेड़ा ने दीया कुमारी, राजस्थान की वित्त मंत्री, जो दस फरवरी को राज्य का बजट पेश करेंगी, को यह चुनौती भी दी कि वे उनके परिवार पर कांग्रेस द्वारा लगाए गए आक्षेप को स्वीकार करें, प्रतिवाद करें या चुप्पी रखें, यह उनका अधिकार है। पर, जनता में भारी उत्सुकता है कि उनके पुत्र के जन्मदिन पर आयोजित ''जश्न'' का बजट कितना था और किसने उसका भुगतान किया।

खेड़ा ने बताया, यहाँ जयपुर के जिन महाराजा का उल्लेख है, वे पद्मनाभ सिंह हैं, राजस्थान की उपमुख्यमंत्री और भाजपा नेता दीया कुमारी के पुत्र। सूत्रों ने बताया, वर्ष 2018 में रोम में उनका 20वाँ जन्मदिन भव्य तरीके से आयोजित किया गया था, इसकी जानकारी सार्वजनिक रूप से उपलब्ध है। पवन खेड़ा ने सवाल उठाया कि दीया कुमारी जब कल राज्य का बजट पेश

(शेष अंतिम पृष्ठ पर)

# शरद पवार की तबियत बिगड़ी

मुंबई, 09 फरवरी। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) प्रमुख और पूर्व केन्द्रीय मंत्री शरद पवार (85) की सोमवार दोपहर में सीने में अचानक जकड़न होने की वजह से तबियत बिगड़ गई। पवार को पुणे के रुबी हॉल अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। शरद पवार को गले से जुड़ी समस्या और खांसी की भी शिकायत है।

शरद पवार के भतीजे श्रीनिवास पवार ने बताया कि शरद पवार को कल रात से लगातार खांसी हो रही थी और उन्हें सीने में जकड़न महसूस हो रही थी, जिसके बाद उन्हें पुणे स्थित रुबी हॉल अस्पताल में भर्ती करवाया गया है।

रूबी हॉल अस्पताल के मुख्य कार्डियोलॉजिस्ट और मैनेजिंग ट्रस्टी

- सीने में अचानक जकड़न की शिकायत पर पवार को पुणे के रूबी हॉल अस्पताल में भर्ती कराया गया।

डॉ. परवेज़ ग्रांट ने कहा कि डॉक्टरों की एक टीम शरद पवार की जांच कर रही है और उसी के अनुसार आगे की कार्रवाई तय की जाएगी।

पूर्व उपमुख्यमंत्री अजित पवार की आकस्मिक मौत के बाद पवार परिवार को सांत्वना देने के लिए राज्य भर से नेता और पदाधिकारी बारामती आ रहे हैं। शरद पवार हर दिन सुनेत्रा पवार के परिवार से भी मिल रहे थे। इससे शरद पवार बेहद थक गए थे। इसी वजह से बीती रात उन्हें दिक्कत होने लगी, जिससे डॉक्टरों की टीम ने उनके

(शेष अंतिम पृष्ठ पर)

# सुप्रीम कोर्ट ने ममता बनर्जी की खिंचाई की

## सुप्रीम कोर्ट ने कहा, आपने पुरजोर ढंग से कहा था, जो 1.36 करोड़ नाम कटे हैं, उसके लिए अफसर जिम्मेदार हैं, पर, आपने अफसरों के नाम नहीं बताए

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 9 फरवरी। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने राज्य में निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त 8,300 माइक्रो-ऑब्ज़र्वरों की तैनाती का मुद्दा उठाया। उन्होंने इन्हें केन्द्र सरकार के अधिकारी बताते हुए आरोप लगाया कि वे बिना किसी अधिकार के असंवैधानिक रूप से मतदाता सूची से नाम हटा रहे हैं।

सुप्रीम कोर्ट पश्चिम बंगाल में विशेष गहन स्पेशल इंटेंसिव रिविज़न (एसआईआर) को चुनौती देने वाली मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की याचिका पर निर्वाचन आयोग के जवाब की सुनवाई कर रहा है।

इस मामले की सुनवाई भारत के मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत, न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची और न्यायमूर्ति विपुल एम. पंचोली की पीठ कर रही है।

निर्वाचन आयोग पर गंभीर आरोप लगाते हुए, मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने शीर्ष अदालत में कहा कि 1.36 करोड़ से अधिक मतदाताओं के नाम एक कानूनी विसंगति की सूची में डाले गए हैं, इन नामों को हटाए जाने का खतरा है।

उनका दावा था कि यह खतरा सरनेम में स्पैलिंग की गलतियाँ या

- सुप्रीम कोर्ट में प.बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की याचिका की सुनवाई हो रही है, जिसमें उन्होंने राज्य में एसआईआर को चुनौती दी है और चुनाव आयोग पर गंभीर आरोप लगाए हैं।
- चुनाव आयोग ने अपने जवाब में कोर्ट को बताया कि राज्य सरकार ने अफसरों के नाम नहीं बताए।

विवाह के बाद बेटियों के पते बदलने जैसी त्रुटियों के आधार पर पैदा हुआ है।

निर्वाचन आयोग ने दावा किया कि अधिकारियों से संबंधित विवरण और जानकारी साझा नहीं की गई।

ममता बनर्जी की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता श्याम दीवान ने निर्वाचन आयोग के इस दावे का खंडन करते हुए कहा कि नाम तैयार हैं, संकलित कर लिए गए हैं तथा उन्हें आयोग को भेज दिया गया था।

इस पर मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत ने ममता बनर्जी से सवाल किया, ''जब हमने 4 फरवरी को निर्देश दिए थे, तो आप 7 फरवरी को रात 12 बजे ई-मेल के जरिए नाम क्यों भेज रही हैं?''

# संसद को बम से उड़ाने की धमकी

नई दिल्ली, 09 फरवरी। राजधानी दिल्ली के 15 स्कूलों को सोमवार सुबह बम से उड़ाने की धमकी भरे ई-मेल मिले। मेल में दावा किया गया कि 13 फरवरी को दोपहर 1.11 बजे संसद में ब्लास्ट होगा और दिल्ली को खालिस्तान बना देंगे।

अधिकारियों ने बताया कि आठ धमकियां बाद में फर्जी पाई गईं। ईमेल में आतंकी अफजल गुरु और पंजाब को खालिस्तान बताने का भी जिक्र था। धमकी के बाद स्कूलों में सुरक्षा बढ़ा दी गई है।

दिल्ली फायर सर्विस (डीएफएस) के मुताबिक, सुबह अलग-अलग इलाकों के स्कूलों से इमरजेंसी कॉल आई। इसके बाद फायर टेंडर, बम

(शेष अंतिम पृष्ठ पर)

# पाकिस्तान टी-20 वर्ल्ड कप में खेलने के लिए तैयार

## पर, पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने इसके लिए तीन शर्तें रखी हैं

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 9 फरवरी। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पी.सी.बी.) ने इंटरनैशनल क्रिकेट काउन्सिल (आई.सी.सी.) के साथ चल रहे गतिरोध को खत्म करने के लिए तीन मांगें रखी हैं। इससे पहले पी.सी.बी. ने अपने कट्टर प्रतिद्वंद्वी, भारत के खिलाफ होने वाले टी20 विश्व कप 2026 मैच का बहिष्कार करने का फैसला किया था, जबकि आईसीसी ने उसे संभावित परिणामों के बारे में चेतावनी भी दी थी।

सूत्रों के अनुसार, पी.सी.बी. ने रविवार को लाहौर में आई.सी.सी. अधिकारियों के साथ हुई बैठक के दौरान गतिरोध खत्म करने के लिए तीन मांगें रखींः (1) बांग्लादेश के लिए मुआवजा बढ़ाया जाए, (2) टी20 विश्व कप से बाहर होने के बावजूद बांग्लादेश को भागीदारी शुल्क दिया जाए, और (3) भविष्य में किसी आई.सी.सी. टूर्नामेंट की मेजबानी का अधिकार दिया जाए।

- पहली शर्त है, बांग्लादेश को ज्यादा हर्जाना दिया जाए।
- दूसरी शर्त है, बांग्लादेश भले ही टी-20 वर्ल्ड कप नहीं खेल रहा है, पर, उसे पूरी फीस दी जाए।
- तीसरी शर्त है, पाकिस्तान को भी भविष्य में आईसीसी का इवैंट आयोजित करने का अवसर दिया जाए।

सूत्रों ने यह भी बताया कि जहाँ कुछ पी.सी.बी. अधिकारी 15 फरवरी को कोलंबो में होने वाले भारत के खिलाफ मैच खेलने के पक्ष में हैं, लेकिन बोर्ड के अध्यक्ष मोहसिन नकवी इस मामले में सहयोग नहीं कर रहे हैं।

आई.सी.सी. ने पिछले महीने बांग्लादेश को टी20 विश्व कप से बाहर कर दिया था, क्योंकि उसने सुरक्षा चिंताओं का हवाला देते हुए भारत जाने से इनकार कर दिया था। आई.सी.सी. ने भरोसा दिलाया था कि टीम के लिए कोई सत्यापित खतरा नहीं है, फिर भी बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बी.सी.बी.) अपने फैसले पर कायम रहा, जिसके बाद आई.सी.सी. ने उसकी जगह स्कॉटलैंड को शामिल कर लिया।

# मान को विदेश यात्रा की अनुमति तीसरी बार भी नहीं मिली

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 9 फरवरी। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान की चेक

- पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान नीदरलैंड व चैक रिपब्लिक जाने वाले थे, पर, केन्द्र सरकार ने अनुमति नहीं दी। इससे पहले उन्हें यूके व इज़रायल जाने की अनुमति भी नहीं दी गई थी।

गणराज्य और नीदरलैंड की यात्रा रद्द हो गई है, क्योंकि केन्द्र सरकार ने उनकी

(शेष अंतिम पृष्ठ पर)

# कांग्रेस ओम बिड़ला के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाएगी

## कांग्रेस का दावा है, उसके पास पर्याप्त सांसद संख्या है, प्रस्ताव लाने के लिए तथा बीस दिन का नोटिस भी दे दिया गया है, जो सदन के मार्च ब्रेक के बाद प्रभावी हो जाएगा

-रेणु मित्तल-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 9 फरवरी। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला एक बार फिर विवादों में घिर गए हैं। कांग्रेस, स्पीकर के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाने की तैयारी कर रही है। कांग्रेस का आरोप है कि उनके कई फैसलों में पक्षपात दिखाई दिया है, जिसमें सत्तारूढ़ भाजपा का पक्ष लेना, विपक्ष के साथ भेदभाव करना, विपक्ष के नेता राहुल गांधी को बोलने की अनुमति न देना, विपक्ष के आठ सांसदों को निलंबित करना, लेकिन भाजपा सांसद निशिकांत दुबे के खिलाफ कोई कार्रवाई न करना शामिल है। यह भी आरोप है कि उन्होंने सत्तारूढ़ भाजपा के निर्देश पर फैसले लिए और उन्हें यह तय करने दिया कि क्या किया जाना चाहिए।

- कांग्रेस अन्य विपक्षी दलों से बात भी कर रही है, अविश्वास प्रस्ताव में सहयोग देने के लिए। सपा, डीएमके, वामपंथी दल इस प्रस्ताव में सहयोग करने को तैयार हैं।
- कांग्रेस की लोकसभाध्यक्ष के खिलाफ मुख्य शिकायत है कि उन्होंने उनके नेता राहुल गांधी को बोलने का मौका नहीं दिया, जब उन्होंने गलवान घाटी पर चीनी घुसपैठ व झड़प पर पूर्व सेनाध्यक्ष नरवाणे की किताब के कुछ अंश पढ़ने चाहे। राहुल गांधी से कहा गया था कि उन्हें अपनी बात कहने का मौका बजट पर बहस आरंभ होने से पहले दिया जाएगा। पर, लोकसभाध्यक्ष ने यह मौका नहीं दिया और सदस्यों को बजट पर चर्चा आरंभ करने की अनुमति दी।
- दूसरी शिकायत है, लोकसभाध्यक्ष ने विपक्ष के आठ सांसदों को निलंबित किया, पर, भाजपा सांसद निशिकांत दुबे के खिलाफ कोई कार्यवाही नहीं की।
- लोकसभाध्यक्ष के खिलाफ विपक्ष की बड़ी शिकायत यह भी है, जिस प्रकार उन्होंने विपक्ष की महिला सांसदों पर यह आरोप लगाया कि वे प्र.मंत्री पर हमला करने की साजिश रच रही थीं।

विपक्षी सांसदों का कहना है कि सबसे बुरा तरीका वह था, जिसमें उन्होंने विपक्षी महिला सांसदों के खिलाफ बयान दिया और उन पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर हमला करने की योजना बनाने का आरोप लगाया।

(शेष अंतिम पृष्ठ पर)




सीकेवाईसी आईडीः केवाईसी संबंधी आपकी सभी ज़रूरतों को पूरा करने वाली एकमात्र चाबी

सीकेवाईसी रिकॉर्ड रजिस्ट्री द्वारा जारी की जाने वाली 14-डिजिट की विशिष्ट सीकेवाईसी आईडी

यह कैसे काम करता है?

- केवाईसी जानकारी अपने बैंक में जमा करें।
- बैंक केवाईसी जानकारी केंद्रीय केवाईसी रिकॉर्ड रजिस्ट्री पर अपलोड करता है।
- इसे सभी बैंकों और वित्तीय संस्थाओं द्वारा इस्तेमाल किया जा सकता है।

अपनी सीकेवाईसी आईडी को जानें।
मिस्ड कॉल: 7799022129 या
ऑनलाइन: www.ckycindia.in

प्रमुख फायदे
- विभिन्न बैंकों/ वित्तीय संस्थाओं में आसानी से खाता खोलें।
- केवाईसी अपडेट करना हुआ आसान: एक बैंक में अपडेट की गई केवाईसी आपके अन्य सभी बैंकों/ वित्तीय संस्थाओं में अपडेट हो जाती है सीकेवाईसी के ज़रिए।

आसान। सुरक्षित। मानकीकृत।

देखें https://rbikehtahai.rbi.org.in
अपनी प्रतिक्रिया देने के लिए rbikehtahai@rbi.org.in पर भेजें।
आधिकारिक व्हॉट्सऐप नं. 99990 41935 / 99309 91935




जनहित में जारी
भारतीय रिज़र्व बैंक
RESERVE BANK OF INDIA
www.rbi.org.in

## विचार बिन्दु

**एक झूठ को छिपाने के लिए अनेक झूठ बोलने पड़ते हैं। –कहावत**

# ‘ट्रेड डील’ या ‘ट्रैप डील’

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने 3 फरवरी, 2026 को अचानक यह घोषणा कर दी कि भारत और अमेरिका के बीच व्यापार समझौते पर सहमति हो गई है। उन्होंने यह जानकारी देते हुए बताया कि अमेरिका भारत से आने वाली वस्तुओं पर टैरिफ 50 प्रतिशत से घटाकर 18 प्रतिशत कर रहा है। भारत, अमेरिका से आयात होने वाली वस्तुओं पर शून्य टैरिफ लगाएगा या बहुत कम कर देगा। ट्रंप की घोषणा के बाद 6 फरवरी 2026 को भारत और अमेरिका के द्वारा एक संयुक्त विज्ञिप्त जारी की गई जिसमें ट्रेड डील के प्रमुख बिंदुओं के बारे में बताया गया । यह उल्लेखनीय है कि पहले अमेरिका ने भारत पर 25 प्रतिशत टैरिफ लगा दिया गया था। चूंकि भारत द्वारा रूस से तेल आयात किया जा रहा था इसलिए उस पर 25 प्रतिशत पेनल्टी लगा दी गई थी। इस प्रकार भारतीय वस्तुओं पर अमेरिका में 50 प्रतिशत की टैरिफ लागू हो गई थी ।

ट्रंप की इस एक तरफा घोषणा के बाद प्रधानमंत्री मोदी ने समस्त भारत वासियों की ओर से अमेरिका का धन्यवाद किया और आशा व्यक्त की, कि इससे दोनों देशों के व्यापार को बहुत गति मिलेगी। जब से यह डील सामने आई है, राजनीतिज्ञों, अर्थशास्त्रियों द्वारा प्रतिक्रियाएं दी जा रही है। सत्ताधारी दल, जहां इसे प्रधानमंत्री मोदी की बड़ी सफलता बता रहा है और इसे भारत के लिए बहुत बड़ी उपलब्धि बता रहा है, वहीं विपक्षी दल इसे भारत द्वारा अमेरिका के सामने समर्पण करने जैसा बता रहे हैं। इस लेख में हम यह देखने का प्रयास करेंगे कि वास्तविकता क्या है?

पाठकों की जानकारी के लिए यह जानना दिलचस्प होगा कि भारत का अमेरिका को कुल निर्यात 80 बिलियन डॉलर अर्थात् 7 लाख करोड़ रुपए का है। भारत से अमेरिका निर्यात होने वाली वस्तुओं में विद्युत उपकरण, दवाईयां और रत्न आभूषण प्रमुख हैं। इसकी तुलना में भारत में अमेरिका से होने वाला कुल आयात 47 बिलियन डॉलर यानि 4 लाख करोड़ का है। डोनाल्ड ट्रंप के अनुसार अमेरिका, आगामी पांच सालों में भारत को निर्यात 500 बिलियन डॉलर, अर्थात् 45 लाख करोड़ रुपए का करना चाहता है।

अमेरिका में भारत से आयात होने वाली वस्तुओं पर टैरिफ केवल 3 प्रतिशत का था, जिसे बढ़ा कर ट्रंप ने 50 प्रतिशत कर दिया था । अब इसी 50 प्रतिशत को घटाकर 18 प्रतिशत किया गया है, तो इसे भारत सरकार, बड़ी उपलब्धि बता रही है।

प्रधानमंत्री मोदी का भाजपा कार्यालय में इस उपलब्धि हेतु अभिनंदन भी किया गया। यह विचित्र बात है कि जो टैरिफ कुछ समय पहले तक 3 प्रतिशत था और उसे बढ़ाकर अब 18 प्रतिशत कर दिया गया है तो इसमें खुश होने की क्या बात है?

भारत में अमेरिकी वस्तुओं के आयात पर 17 प्रतिशत का टैरिफ था जिसे अब घटाकर या तो समाप्त कर दिया जाएगा या इसे अत्यंत ही कम कर दिया जाएगा। भारत द्वारा प्रमुख रूप से सैन्य सामग्री, रेयर अर्थ मैटिरियल आदि अमेरिका से आयात किये जाते हैं। अब महंगी गाड़ियां, शराब आदि के साथ ही फल, प्रोसेस्ड फ्रूट ज्यूस, सोयाबीन तेल, मक्का, ज्वार के आयात पर कोई शुल्क नहीं लगेगा। विभिन्न प्रकार के कृषि उत्पादों पर अमेरिकी सरकार द्वारा वहाँ के किसानों को बहुत बड़ी मात्रा में अनुदान दिया जाता है। इस कारण वहां के किसानों की उत्पादन लागत बहुत कम हो जाती है। यदि भारत में इनके आयात पर लगभग शून्य टैरिफ कर दिया तो विभिन्न प्रकार के फल, प्रोसेस्ड फूड, सोया तेल, मक्का आदि पर आदि बहुत बड़ी मात्रा में अमेरिका से आयात होगा। चूंकि यहां पर उसकी कीमत भारतीय उत्पाद के मुकाबले में कम होगी तो भारत के लोग वहां के उत्पादों को अधिक खरीदेंगे । इसके फल स्वरुप भारत में इन वस्तुओं के उत्पादकों को बहुत बड़ी मार पड़ेगी और वह कर्ज और बेरोजगारी में डूब जाएंगे। इसमें भारत के लोगों के लिए खुश होने की क्या बात है?

यह उल्लेखनीय है कि अब तक भारत से होने वाला निर्यात अमेरिका से होने वाले आयात की तुलना में लगभग दो गुना था । अमेरिकी राष्ट्रपति ने यह कहा है कि अगले 5 वर्ष में अमेरिका द्वारा भारत को 500 बिलियन डॉलर प्रति वर्ष का निर्यात किया जाएगा। वर्तमान में अमेरिका द्वारा भारत को लगभग 47 बिलियन डॉलर का निर्यात किया जाता है। इसका अर्थ है कि भारत में अमेरिका का आयात लगभग 10 गुना बढ़ जाएगा । जब सेव, सोया तेल और एथेनॉल बनाने के लिए मक्का अमेरिका से भारत में बहुत बड़ी मात्रा में आएगा तो यहां की सोया तेल बनाने वाली फैक्ट्रियां लगभग बंद होने की स्थिति में आ जाएंगी। परिणामस्वरूप, बेरोजगारी बहुत बढ़ने की संभावना रहेगी। साथ ही जब तेल फैक्ट्रियां बंद होंगी तो किसानों का सोयाबीन कौन खरीदेगा?

> **भारत-अमेरिका डील का विस्तृत विवरण तो मार्च के अंत में दोनों देशों के प्रतिनिधियों के हस्ताक्षर के बाद ही उपलब्ध हो पाएगा, किंतु अभी से जिस प्रकार का जश्न भारत सरकार द्वारा मनाया जा रहा है और इसे भारत की जीत के रूप में प्रचारित किया जा रहा है वह सही नहीं है।**

इसे पारस्परिक डील का नाम दिया गया है। जब अमेरिका, टैरिफ 3 प्रतिशत से बढ़ाकर 18 प्रतिशत कर रहा है और भारत 17 प्रतिशत से शून्य कर रहा है तो यह अमेरिका से भारत में वस्तुएं बड़ी संख्या में लाने का काम करेगी । इसके कारण यहां बहुत समस्याएं उत्पन्न होंगी । पारस्परिक समझौते का सामान्य अर्थ होता है कि दोनों पक्ष एक-दूसरे के साथ बराबरी का व्यवहार करें। वर्तमान डील इस सिद्धांत के ठीक विपरीत है। कयास लगाए जा रहे हैं कि ऐसा भारत पर अमेरिका के दबाव के कारण हुआ है। कहीं ऐसा तो नहीं है कि ट्रंप, मोदी या उनके मित्रों की किसी कमजोरी का लाभ उठा रहे हों। गौतम अदानी के विरुद्ध अमेरिकी न्यायालय द्वारा सम्मन एक वर्ष से अधिक समय तक भारत सरकार लेकर बैठी रही। दबाव का एक और कारण एप्सटीन फाइल में कई भारतीय अधिकारियों, मंत्रियों और अनिल अंबानी जैसे उद्योगपतियों के नाम आना भी संभावित हैं। यह भी जानकारी में आया है कि भारतीय विदेश सेवा के पूर्व अधिकारी और वर्तमान में भारत सरकार के पेट्रोलियम मंत्री हरदीप पुरी ने एपिस्टीन के निजी सहायक को भारत का वीसा देने के लिए सिफारिश की थी। एपस्टीन जैसे बाल यौन हिंसा में लिप्त अपराधी के साथ भारतीय मंत्रियों और उद्योगपतियों का नाम जुड़ना भारत सरकार के लिए अटपटी स्थिति उत्पन्न करता है।

वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल से जब रूस से तेल की खरीद बंद करने के लिए अमेरिका की शर्त के बारे में पूछा गया तो उन्होंने यह कहकर टाल दिया कि इस संबंध में कोई भी उत्तर विदेश मंत्रालय ही दे सकता है। यदि वास्तव में अमेरिका के दबाव में भारत ने रूस से तेल खरीदना बंद कर दिया तो इससे भारत को लगभग 1 लाख करोड रुपए साल का नुकसान होगा। न केवल यह, इससे यह भी सिद्ध होगा कि भारत की विदेश नीति के संबंध में निर्णय भी अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रंप के दबाव में लिए जा रहे हैं । भारत एक संप्रभु, स्वतंत्र देश है और इसकी विदेश नीति और आर्थिक नीति किसी अन्य देश के दबाव में संचालित हो, यह भारत के स्वाभिमान के विपरीत है। यह स्थिति प्रारंभ से लेकर अब तक सभी सरकारों द्वारा अपनाई गई विदेश नीति के अनुकूल नहीं है ।

भारत-अमेरिका डील का विस्तृत विवरण तो मार्च के अंत में दोनों देशों के प्रतिनिधियों के हस्ताक्षर के बाद ही उपलब्ध हो पाएगा, किंतु अभी से जिस प्रकार का जश्न भारत सरकार द्वारा मनाया जा रहा है और इसे भारत की जीत के रूप में प्रचारित किया जा रहा है वह सही नहीं है। यह डील के पक्ष में पक्ष में वातावरण बनाने का प्रयास प्रतीत हो रहा है। अमेरिका से जो खाद्य पदार्थ, तेल, फल आदि आयात होंगे, उससे यहाँ किसानों के हित पर बहुत विपरीत प्रभाव पड़ेगा ।

डील के बारे में स्पष्ट रूप से भारत सरकार द्वारा कुछ कहा नहीं जा रहा है। बस केवल यह कहा जा रहा है कि भारतीय किसानों के हितों की रक्षा की जाएगी। स्पष्ट रूप से किसी प्रश्न का उत्तर अभी तक नहीं मिल पा रहा है । संभव है, यदि भारत रूस से तेल खरीद रोकने पर राजी न हो तो डील ही न हो पाए।

अमेरिका की कृषि मंत्री ने इस डील को अमेरिकी किसानों के लिए भारत के 150 करोड़ लोगों का बाजार खोलने वाला बताया है। इससे भारत के किसानों में आशंका उत्पन्न हुई है और अभी से विभिन्न किसान संघ इसका विरोध करके आन्दोलनात्मक रूप अपना रहे हैं। सरकार के लिए आवश्यक है कि सभी आशंकाओं को निर्मूल सिद्ध करने के लिए इस ट्रेड डील के बारे में स्पष्ट रूप से पूरी पारदर्शिता के साथ नागरिकों को सारी बातें बताए। ऐसा नहीं किया जाता है तो लोगों के मन में आशंका बनी रहेगी कि यह डील अमेरिकी दबाव के समक्ष आत्म समर्पण करने का परिणाम है।

भारत-पाकिस्तान युद्ध विराम की एक तरफा घोषणा का श्रेय भी स्वयं लेने की बात अनेक बार ट्रंप ने कही थी, तब भी भारत के प्रधानमंत्री की ओर से इसका खंडन तक नहीं किया गया। भारत जैसे विशाल देश के लिए यह उचित नहीं प्रतीत होता है कि एक अमेरिकी राष्ट्रपति मनमाना बयान देते रहें और हम उसका प्रतिवाद तक न करें।

उपरोक्त विवरण से यह स्पष्ट है कि भारत – अमेरिका डील को ‘ट्रेड डील’ के बजाय ‘ट्रैप डील’ कहना अधिक उपयुक्त होगा।

**–अतिथि सम्पादक,**
**राजेन्द्र भाणावत**
**( पूर्व आई.ए.एस. अधिकारी )**

# जाति की राजनीति: लोकतंत्र को भीतर से कमजोर करती सियासत



**डॉ. नीरज रावत**

समकालीन भारत एक ऐसे विरोधाभास से गुजर रहा है, जिसे नज़रअंदाज़ करना अब आसान नहीं रहा। एक ओर हमारा संविधान समानता, स्वतंत्रता और सामाजिक न्याय की बात करता है, तो दूसरी ओर सार्वजनिक जीवन में जाति की मौजूदगी लगातार और मुखर होती जा रही है। राजनीति से लेकर प्रशासन और सामाजिक व्यवहार तक, जाति किसी न किसी रूप में निर्णायक भूमिका निभाती दिखती है। यह स्थिति केवल चिंता का विषय नहीं, बल्कि लोकतंत्र की सेहत पर गंभीर सवाल खड़े करती है।

यह स्पष्ट है कि जाति भारतीय समाज की ऐतिहासिक सच्चाई रही है। इसे नकारना न तो संभव है और न ही व्यावहारिक। लेकिन प्रश्न यह है कि क्या एक आधुनिक, संवैधानिक लोकतंत्र की राजनीति को हमेशा जातीय पहचान के इर्द-गिर्द ही संगठित होना चाहिए? क्या नागरिक की पहचान उसके अधिकारों, कर्तव्यों और क्षमताओं के बजाय जन्म आधारित श्रेणियों से तय होती रहेगी? स्वतंत्रता के बाद देश के नीति-निर्माताओं की परिकल्पना इससे अलग थी। संविधान ने जातिगत भेदभाव को समाप्त करने और ऐतिहासिक अन्याय को सुधारने के लिए आरक्षण जैसे प्रावधान किए। इनका उद्देश्य समाज के वंचित वर्गों को मुख्यधारा में लाना था, न कि उन्हें स्थायी राजनीतिक पहचान में बदल देना। किंतु समय के साथ यह संतुलन बिगड़ता चला गया। सुधार के लिए बनाई गई व्यवस्थाएँ धीरे-धीरे सत्ता की राजनीति का हथियार बनती जा रही हैं। आज स्थिति यह है कि जाति की राजनीति सशक्तिकरण से अधिक चुनावी गणित का रूप ले चुकी है। विकास, शिक्षा, स्वास्थ्य और रोज़गार जैसे बुनियादी मुद्दे अक्सर हाशिये पर चले जाते हैं, जबकि जातीय समीकरण चुनावी विमर्श के केंद्र में आ जाते हैं। नीतियों और योग्यता पर बहस के बजाय, समाज को छोटे-छोटे खांचों में बाँटकर समर्थन जुटाने की प्रवृत्ति बढ़ी है। इसका असर लोकतांत्रिक संवाद की गुणवत्ता पर साफ़ दिखाई देता है।

यह प्रभाव केवल चुनावों तक सीमित नहीं है। नौकरियों, पदोन्नतियों और संस्थागत निर्णयों में भी जाति का दबाव महसूस किया जाता है। परिणामस्वरूप योग्यता और दक्षता पर संदेह की स्थिति बनती है, जिससे शासन की गुणवत्ता प्रभावित होती है। समाज में आपसी भरोसा कमजोर पड़ता है और नागरिक स्वयं को पहले किसी जाति का सदस्य और बाद में देश का नागरिक मानने लगते हैं। किसी भी आधुनिक राष्ट्र के लिए यह प्रवृत्ति घातक कही जा सकती है। विडंबना यह है कि जाति की राजनीति अंततः उन्हीं वर्गों को नुकसान पहुँचाती है, जिनके नाम पर इसे जायज़ ठहराया जाता है। लगातार ‘पीड़ित’ की पहचान में बाँधे जाने से आत्मनिर्भरता, उद्यम और प्रतिस्पर्धा की भावना कमजोर होती है। डॉ. भीमराव आंबेडकर ने चेताया था कि सामाजिक लोकतंत्र के बिना राजनीतिक लोकतंत्र टिक नहीं सकता। आज लगता है कि हम उस चेतावनी से सीखने के बजाय, सामाजिक विभाजनों को और गहरा कर रहे हैं।

राष्ट्रवाद का अर्थ यह नहीं कि समाज एकरूप हो जाए, बल्कि यह कि सभी नागरिक कुछ साझा संवैधानिक मूल्यों को स्वीकार करें। यदि राजनीति का आधार केवल जाति बनता चला गया, तो देश विभिन्न हित-समूहों का ढीला-ढाला गठजोड़ बनकर रह जाएगा। ऐसी स्थिति न तो लोकतंत्र को मजबूत करती है और न ही सामाजिक एकता को।

अब समय है गंभीर आत्ममंथन का। न्याय का अर्थ केवल संसाधनों का बँटवारा नहीं, बल्कि अवसर की समानता भी है। राजनीति को जाति की संकीर्ण भाषा से बाहर निकालकर संविधान, विकास और नागरिक अधिकारों की व्यापक समझ की ओर लौटना होगा। अन्यथा यह आशंका बनी रहेगी कि संविधान केवल एक आदर्श दस्तावेज़ बनकर रह जाएगा, जबकि उसकी आत्मा धीरे-धीरे कमजोर होती चली जाएगी।

**–डॉ. नीरज रावत, लेखक जयपुर**

# पुस्तक समीक्षा काव्य संग्रह : “जिंदगी मुस्कुराती रहे”


सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग के पूर्व उप निदेशक डॉ. लीलाधर दोचानियां गध और पध दोनों के विधाओं के सशक्त हस्तक्षार है। ग्रामीण परिवेश में पले बढ़े लीलाधर की कविताओं में साफगोई झलकती है। राजस्थान के विभिन्न जिलों में पद स्थापन के दौरान उन्होंने जो देखा, अनुभव किया वही अपनी कविताओं में परोसा। काव्य कृति के रूप में उनकी यह प्रथम पुस्तक है। अ

ापने कविता संग्रह में गागर में सागर भरने का प्रयास किया है। जीवन की सहज अनुभूतियों और संवेदनाओं को प्रकट करता कविता संग्रह समाज और जीवन की विसंगतियों को रेखांकित करता है। विविध बुराइयों को चित्रित करती कविताएं समाज को आईना दिखती है। प्रस्तुत काव्य संग्रह में नए पुराने विषयों को बड़ी सहजता और सरलता से समेटा है। कवि की गहन सोच शब्दों के माध्यम से प्रकट होती है। ऐसा लगता है कविताएं उनके मन की अकुलाहट और चिंतन का साक्षात परिणाम है।

निश्चय ही रचनाओं में कवि के मन और भावनाओं को सुंदर शब्दों में आकार लिया है। कविताओं में विविध विषयों को सरल शब्दों के माध्यम से संप्रेषित कर एक अनूठा प्रयोग किया है। जीवन के विभिन्न पहलुओं को अपनी रचनाओं के माध्यम से सजीव रूप में परोसा गया है। कविताएं अपने व्यक्तिगत अनुभवों की श्रंखला के रूप में आकार लेती हैं साथ ही सामाजिक सच्चाइयों का संचार भी करती हैं।

113 पृष्ठ के इस कविता संग्रह में 96 काव्य रचनाएं है। पुस्तक केवल कविताओं का ही नहीं बल्कि भावनाओं, संवेदनाओं और अभिव्यक्ति का भी सशक्त संग्रह है। सभी कविताएं ह्रदय को छूने वाली है। आशा है कि यह कविता संग्रह पाठकों को पसंद आएगा।

**समीक्षक कृति : जिंदगी मुस्कुराती रहे।**
**कवि : डॉ. लीलाधर दोचानियां ।**
**समीक्षक : बालमुकुंद ओझा**




## प्रदेश के पश्चिमी इलाकों में गर्मी का दौर शुरु

**बीकानेर,** (निसं)। मौसम ने करवट ले ली है और दिन के तापमान में लगातार बढ़ोतरी दर्ज की जा रही है। बीकानेर शहर में अधिकतम तापमान अब बढ़कर 28 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया है। इसके चलते दोपहर के समय गर्मी का असर महसूस होने लगा है। धूप तेज होने से लोग अब सर्द कपड़ों से राहत पा रहे हैं और दिन में हल्के कपड़ों का इस्तेमाल बढ़ने लगा है।

न्यूनतम तापमान में भी इजाफा दर्ज किया गया है। बीकानेर में रात का तापमान अब 15.3 डिग्री सेल्सियस हो गया है। सुबह और देर शाम हल्की ठंड तो बनी हुई है, लेकिन सर्दी का असर पहले के मुकाबले काफी कम हो गया है। मौसम में यह बदलाव पिछले दो दिनों से लगातार जारी है और तापमान में धीरे-धीरे बढ़ोतरी देखने को मिल रही है। पिछले 24 घंटों के दौरान पूरे राजस्थान में मौसम शुष्क बना रहा। किसी भी जिले में बारिश या बादल छाने की स्थिति नहीं रही। राज्य में सबसे अधिक तापमान बाड़मेर में दर्ज किया गया, जहां पारा 31 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। वहीं सबसे कम न्यूनतम तापमान पाली में 5.7 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।

# अलवर : सड़क हादसे में लैपर्ड की मौत



**वन विभाग टीम ने मृत लैपर्ड का पोस्टमार्टम करवाया।**

**अलवर,** (निसं)। नारायणपुर क्षेत्र के नांगलहेड़ी गांव के पास सोमवार सुबह सड़क हादसे में एक लैपर्ड की मौत हो गई। यह हादसा नारायणपुर-कुशलगढ़ रोड पर उस समय हुआ, जब अज्ञात वाहन की चपेट में आने से लैपर्ड की मौके पर ही मृत्यु हो गई। घटना की सूचना मिलते ही आसपास के क्षेत्र में हड़कंप मच गया।

जानकारी मिलते ही वन विभाग की टीम तुरंत मौके पर पहुंची और लैपर्ड के शव को कब्जे में लिया। इसके बाद शव को तालवृक्ष रेंज कार्यालय लाया गया, जहां पशु चिकित्सकों की टीम की ओर से विधिवत पोस्टमार्टम किया गया। पोस्टमार्टम के बाद वन विभाग की ओर से लैपर्ड का अंतिम संस्कार किया गया। बताया गया कि लैपर्ड प्रथम श्रेणी का वन्यजीव है, जिसकी सुरक्षा को लेकर विशेष नियम लागू हैं।

वन विभाग के रेंजर त्रिलोक कुमावत ने बताया कि मृत लैपर्ड नर था और उसकी उम्र करीब ढाई वर्ष आंकी गई है। प्रारंभिक जांच में लैपर्ड की मौत का कारण सड़क दुर्घटना सामने आया है। उन्होंने बताया कि यह क्षेत्र वन्यजीवों की नियमित आवाजाही वाला इलाका है और तेज रफ्तार वाहन वन्यजीवों के लिए लगातार खतरा बनते जा रहे हैं।

कार्रवाई के दौरान तहसीलदार अनिल कुमार, वनपाल मनोज नागा, पशु चिकित्सक डॉ. रमेश चंद वर्मा, डॉ. मुकेश सैनी, डॉ. कमलेश सैनी सहित वन विभाग की टीम मौके पर मौजूद रही। वन अधिकारियों ने आमजन से अपील की है कि वन क्षेत्र से गुजरते समय सतर्कता बरतें और वाहनों की गति नियंत्रित रखें, ताकि वन्यजीवों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।

# “बाल-विवाह मुक्त भारत अभियान” की शुरुआत



**एडीएम बीना महावर एवं एडिशनल एसपी कामले शरण गोपीनाथ ने रथों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।**

**अलवर,** (निसं)। जन जीवन कल्याण संस्थान की ओर से जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रन के सहयोग से 100 दिवसीय “बाल-विवाह मुक्त भारत अभियान” के तहत जिले में जागरूकता गतिविधियों की शुरुआत की गई। अभियान के अंतर्गत सोमवार को मिनी सचिवालय से बाल विवाह मुक्त रथ को एडीएम बीना महावर एवं एडिशनल एसपी कामले शरण गोपीनाथ ने रथों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर बाल अधिकारिता विभाग के अधिकारी ओ. रविकांत साहिल एवं पुलिस विभाग के अन्य अधिकारी भी उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि बाल विवाह एक सामाजिक बुराई है, जो बच्चों के स्वास्थ्य, शिक्षा और भविष्य को गंभीर रूप से प्रभावित करती है। इसे रोकने के लिए समाज के प्रत्येक वर्ग की सहभागिता आवश्यक है। जन जीवन कल्याण संस्थान से जुड़े लोकेश ने जानकारी दी कि यह जागरूकता रथ जिले के विभिन्न गांवों और कस्बों में जाकर बाल विवाह के खिलाफ नारे लगाएगा और आमजन को बाल विवाह से होने वाले सामाजिक, शारीरिक और मानसिक नुकसान की जानकारी देगा। साथ ही लोगों को कानूनी प्रावधानों और दंड के बारे में भी अवगत कराया जाएगा। उन्होंने बताया कि अभियान का उद्देश्य लोगों की सोच बदलना और बच्चों के अधिकारों की रक्षा सुनिश्चित करना है। कार्यक्रम के दौरान मनीषा कुमारी, पुष्पेन्द्र सहित संस्थान के अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## राशिफल



**पंडित अनिल शर्मा**

**मंगलवार 10 फरवरी, 2026**

फाल्गुन मास, कृष्ण पक्ष, अष्टमी तिथि, मंगलवार, विक्रम संवत 2082, विशाखा नक्षत्र प्रातः 7:55 तक, धुव्र योग रात्रि 1:42 तक, कौलव करण प्रातः 7:28 तक, चन्द्रमा आज वृश्चिक राशि में संचार करेगा।

**गृह स्थिति:** सूर्य-मकर, चन्द्रमा-वृश्चिक, मंगल-मकर, बुध-कुम्भ, गुरू-मिथुन, शुक्र-कुम्भ, शनि-मीन, राहु-कुम्भ, केतु-सिंह आज अष्टमी तिथि में वृद्धि हुई है।

**श्रेष्ठ चौघड़िया:** चर 9:56 से 11:19 तक, लाभ-अमृत 11:19 से 2:04 तक, शुभ 3:26 से 4:48 तक।

**राहूकाल:** 3:00 से 4:30 तक। सूर्योदय 7:11, सूर्यास्त 6:11

**मेष**
चन्द्रमा अष्टम भाव में शुभ नहीं है। परिवार में स्वास्थ्य संबंधित परेशानी हो सकती है। आवश्यक कार्यों में विलम्ब हो सकता है। बनते कार्य बिगड़ सकते हैं। यात्रा टालना ठीक रहेगा।

**वृष**
परिवार में आपसी सहयोग-समन्वय से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है। परिवार में शुभ-मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। आज व्यावसायिक/आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

**मिथुन**
विवादित मामलों से राहत मिल सकती है। अस्त-व्यस्त दिनचर्या में सुधार होगा। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। व्यावसायिक कार्यों में व्यस्तता बनी रहेगी।

**कर्क**
परिजनों के व्यवहार के कारण दुःख हो सकता है। महत्वपूर्ण मामलों में दुविधा बनी रहेगी। व्यावसायिक संपर्क बनेंगे। धार्मिक कार्यों पर धन खर्च हो सकता है।

**सिंह**
घर-परिवार में अनावश्यक वृद्धि हो सकती है। पारिवारिक कार्यों के कारण भागदौड़ रहेगी। मन में असंतोष बना रहेगा। व्यावसायिक संपर्क बनेंगे।

**कन्या**
परिवार में शुभ-मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। आज मित्रों/रिश्तेदारों के सहयोग से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है। व्यावसायिक सफलता से मनोबल बढ़ेगा।

**तुला**
आर्थिक कारणों से अटके हुए व्यावसायिक कार्य बनने लगेंगे। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। महत्वपूर्ण व्यावसायिक कार्य योजना का क्रियान्वयन होगा। धार्मिक स्थान की यात्रा संभव है।

**वृश्चिक**
व्यावसायिक प्रयासों में उचित सफलता मिलेगी। व्यावसायिक वार्ता के लिए दिन अच्छा रहेगा। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी। परिवार में सुख-सुविधाएं बढ़ेगी।

**धनु**
घर-गृहस्थी के खर्चों में अनावश्यक वृद्धि हो सकती है। पारिवारिक कार्यों के कारण भागदौड़ रहेगी। मन में असंतोष बना रहेगा। आज समय अनर्गल कार्यों में खराब हो सकता है।

**मकर**
आर्थिक/वित्तीय मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा। आय में वृद्धि होगी। व्यावसायिक स्थिति ठीक रहेगी। घर-परिवार में सुख-शांति बनी रहेगी।

**कुंभ**
व्यावसायिक कार्यों पर ध्यान देना ठीक रहेगा। चलते कार्यों में प्रगति होगी। नवीन कार्य योजना का क्रियान्वयन होगा। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

**मीन**
नवीन कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। धार्मिक कार्यों में भाग ले सकते हैं। व्यावसायिक/आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

# प्रदेश में 91 लाख से अधिक जरूरतमंदों को मिल रही सामाजिक सुरक्षा पैंशन

## मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राजस्थान में सामाजिक सुरक्षा का कवच हुआ मजबूत

**जयपुर (कासं)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के संवेदनशील, समावेशी और जनकल्याणकारी नेतृत्व में राज्य सरकार समाज के अंतिम पंक्ति के व्यक्ति को सामाजिक सुरक्षा का कवच प्रदान कर रही है। प्रदेश में संचालित सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनाएं वृद्धजन, एकल नारी, विशेष योग्यजन तथा लघु एवं सीमांत कृषकों को आर्थिक संबल प्रदान करते हुए उनके लिए सम्मानजनक जीवन का आधार बन रही हैं। इन योजनाओं से वर्तमान में प्रदेशभर में 91 लाख 83 हजार से अधिक लाभान्वित हो रहे हैं।



मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा

मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार राज्य सरकार ने 5 जून 2024 को नियमों में संशोधन कर पात्रता निर्धारण की प्रक्रिया अधिक स्पष्ट और पारदर्शी बनाई। इन नियमों के सतत क्रियान्वयन से वृद्धजन, विधवा, परित्यक्ता एवं तलाकशुदा, विशेष योग्यजन तथा लघु एवं सीमांत कृषकों को नियमानुसार पेंशन सुनिश्चित की जा रही है। मुख्यमंत्री की मंशा है कि सामाजिक सुरक्षा पेंशन से

**■ अंतिम पंक्ति के व्यक्ति का उत्थान हो रहा सुनिश्चित : भजनलाल शर्मा**

कोई भी पात्र व्यक्ति वंचित न रहे। इसकी अनुपालना में पेंशन की आवेदन प्रक्रिया को सरल और नागरिकों के अनुकूल बनाया गया है, ताकि जरूरतमंद व्यक्ति स्वयं या ई-मित्र के माध्यम से आसानी से आवेदन कर सके। पेंशन से जुड़ी संपूर्ण प्रक्रिया को ऑनलाइन और पेपरलेस तरीके से संचालित किया जा रहा है। पैंशन राशि का भुगतान डीबीटी के माध्यम से सीधे लाभार्थियों के बैंक खातों में किया जा रहा है। साथ ही, पेंशन से संबंधित शिकायतों का भी त्वरित समाधान सुनिश्चित किया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि केंद्र सरकार द्वारा राष्ट्रीय सामाजिक सहायता कार्यक्रम के अंतर्गत प्रतिवर्ष लगभग 366 करोड़ रुपये की राशि चार किश्तों में जारी की जाती है। राज्य सरकार द्वारा मुख्यमंत्री वृद्धजन सम्मान पेंशन योजना, मुख्यमंत्री एकल नारी सम्मान पेंशन योजना, मुख्यमंत्री विशेष योग्यजन पेंशन योजना तथा मुख्यमंत्री लघु एवं सीमांत कृषक सम्मान पेंशन योजना का प्रभावी संचालन किया जा रहा है। साथ ही, केंद्र सरकार की इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वृद्धावस्था, विधवा एवं निशक्त पेंशन योजनाएं भी प्रदेश में व्यापक स्तर पर लागू की जा रही हैं। इन योजनाओं का उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग को सशक्त कर उन्हें आत्मनिर्भर बनाना है।

# समय पर पैंशन सुनिश्चित करने के लिए एआई तकनीकें अपनाकर व्यवस्था मजबूत की जाएं : वी. श्रीनिवास

## मुख्य सचिव ने ली सामाजिक सुरक्षा पैंशन योजनाओं की समीक्षा बैठक

**जयपुर (कासं)।** मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास ने सोमवार को सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग द्वारा संचालित सामाजिक सुरक्षा पैंशन योजनाओं की समीक्षात्मक बैठक ली और आवश्यक दिशा निर्देश दिए।



मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास ने सोमवार को सामाजिक सुरक्षा पैंशन योजनाओं की समीक्षात्मक बैठक ली।

मुख्य सचिव ने सचिवालय स्थित चिन्तन सभागार में आयोजित महत्वपूर्ण

**■ पेंशनर्स के वार्षिक सत्यापन के लिए फेस रिकॉग्निशन मोबाइल एप के प्रचार-प्रसार के निर्देश दिए**

बैठक की अध्यक्षता करते हुए पेंशन योजना के लाभार्थियों का एनालिटिक डैशबोर्ड तैयार कर पेंशन पोर्टल पर प्रदर्शित किए जाने और पेंशनर के भुगतान में हो रहे विलंब के संबंध में वित्त विभाग के अधिकारियों के साथ चर्चा कर इसको नियमित करवाना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

वी. श्रीनिवास ने कहा ने विशेष योग्यजन श्रेणी के पेंशनर का दिव्यांगता प्रमाण पत्र बनने में हो रही कठिनाई के समाधान के लिए स्वावलंबन पोर्टल की टीम से संपर्क कर यथाशीघ्र समाधान करवाने, पेंशनर्स के वार्षिक सत्यापन के लिए वर्तमान में प्रचलित फेस रिकॉग्निशन मोबाइल एप को और अधिक प्रसारित कर अधिक अधिक संख्या में पेंशनर का सत्यापन इसके माध्यम से करवाया जाना सुनिश्चित किया जाने के भी निर्देश दिए। बैठक में अतिरिक्त मुख्य सचिव सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग अपर्णा अरोड़ा, निदेशक आशीष मोदी सहित चिकित्सा शिक्षा विभाग, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग, राजस्थान एड्स नियंत्रण सोसायटी, राजस्थान जनआधार प्राधिकरण, एनआईसी, राजस्थान विशेष योग्यजन निदेशालय तथा संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# बुजुर्गों को संभालो वरना भविष्य में सामाजिक संकट पैदा होगा : हाईकोर्ट

## अदालत ने कहा कि ''भारतीय संस्कृति में बुजुर्गों को भगवान का दर्जा दिया जाता है, लेकिन संयुक्त परिवारों के टूटने, शहरीकरण और बदलती जीवन शैली ने वर्तमान में उन्हें असहाय और उपेक्षित बना दिया है।''

**-कार्यालय संवाददाता-**

**जयपुर।** राजस्थान हाईकोर्ट ने कहा है कि भारतीय संस्कृति में बुजुर्गों को भगवान का दर्जा दिया जाता है, लेकिन संयुक्त परिवारों के टूटने, शहरीकरण और बदलती जीवन शैली ने वर्तमान में उन्हें असहाय और उपेक्षित बना दिया है। इसके साथ ही अदालत ने राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण को कहा है कि वह प्रदेश में संचालित वृद्धाश्रमों का दौरा कर अदालत में 15 फरवरी को रिपोर्ट पेश करे। अदालत ने कहा कि प्राधिकरण देखे की क्या इन वृद्धाश्रमों की इमारत राज्य सरकार ने बनाई है और इनमें रहने वाले क्या वरिष्ठ नागरिक हैं। इसके साथ ही अदालत ने बताने को कहा है कि इनमें पर्याप्त चिकित्सा सुविधाएं मौजूद हैं या नहीं और क्या सरकार इन्हें कोई वित्तीय सहायता दे रही है। जस्टिस पुष्पेंद्र सिंह भाटी और जस्टिस संगीता शर्मा की खंडपीठ ने यह आदेश लोक उत्थान संस्थान की जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए दिए।

अदालत ने अपने आदेश में कहा कि वृद्धाश्रम केवल कागजों में नहीं हो सकते। यहां रहने वाले बुजुर्गों को पूर्ण सम्मान, बेहतर चिकित्सा और सुरक्षा के साथ मानवीय गरिमा के साथ जीने का हक मिलना चाहिए। अदालत ने कहा कि वरिष्ठ नागरिकों की देखभाल सिर्फ परिवार की नैतिक जिम्मेदारी नहीं, बल्कि संवैधानिक जिम्मेदारी है। अदालत ने कहा कि देश में बुजुर्गों की संख्या तेजी से बढ रही है। देश में महिलाओं की जीवन प्रत्याशा पुरुषों के मुकाबले अधिक है। वहीं तीस फीसदी बुजुर्ग महिलाएं और 28 फीसदी बुजुर्ग पुरुष गंभीर बीमारियों से पीडित हैं। इस आबादी का बड़ा हिस्सा गांवों में रहता है, लेकिन वहां तुलनात्मक रूप से सुविधाएं सीमित हैं। अदालत ने यह भी कहा कि साल 2022 में देश में 10.5 फीसदी सीनियर सिटीजन थे, जो 2050 में बढ़कर करीब 20.8 फीसदी हो जाएंगे। इसके अलावा साल 2046 तक देश की बुजुर्ग आबादी 14 साल तक के बच्चों की संख्या से अधिक हो जाएगी। ऐसे में बूढी आबादी को सामाजिक संबल की जरूरत है।

सुनवाई के दौरान राज्य सरकार की ओर से अतिरिक्त महाधिवक्ता कपिल प्रकाश माथुर ने अदालत को बताया गया कि जयपुर में 4 वृद्धाश्रम सहित प्रदेश में कुल 31 वृद्धाश्रम संचालित किए जा रहे हैं। इसका विरोध करते हुए याचिकाकर्ता के अधिवक्ता नितिन सोनी ने कहा कि राज्य सरकार कई पुनर्वास केन्द्रों को वृद्धाश्रम बता रही है, जबकि वास्तव में इतने वृद्धाश्रम संचालित नहीं हो रहे हैं। इस पर अदालत ने राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण को इस संबंध में रिपोर्ट पेश करने को कहा है। जनहित याचिका में वरिष्ठ नागरिक कल्याण अधिनियम के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए जनहित याचिका दायर की गई है। पूर्व में अदालत ने दिशा-निर्देश जारी करते हुए इसका निस्तारण कर दिया था, लेकिन बाद में पालना नहीं होने पर अदालत ने मामले में पेश अवमानना याचिका को पुन: जनहित याचिका के तौर पर सुनना तय किया था।

# सीतोड़ गाँव का रास्ता अवरुद्ध करने का मामला हाईकोर्ट पहुँचा

**जयपुर (कासं)।** सवाई माधोपुर जिले की तहसील बामनवास के ग्राम सीतोड़ (बड़ी झोपड़ी कसाना ढाणी) के लगभग 300 ग्रामीणों के आवागमन के एकमात्र कदीमी रास्ते पर अवैध अवरोध लगाए जाने के मामले में राजस्थान उच्च न्यायालय जयपुर पीठ में जनहित याचिका प्रस्तुत की गई।

याचिका में बताया गया कि रास्ता अवरुद्ध होने से ग्रामीणों, विशेषकर स्कूल जाने वाले बच्चों, महिलाओं और मरीजों को गंभीर कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है तथा एम्बुलेंस तक गाँव तक नहीं पहुँच पा रही थी। प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए उच्च न्यायालय ने 5 फरवरी को संबंधित अधिकारियों को नोटिस जारी किए तथा थाना प्रभारी, बामनवास को निर्देश दिया कि अवरुद्ध रास्ते से अवरोध हटाकर आवागमन सुनिश्चित किया जाए और भविष्य में पुन: अवरोध न हो।

# जनवरी की जिला रैंकिंग में झुंझुनूं और हनुमानगढ़ अव्वल रहे

## जिला रैंकिंग से मजबूत हो रही स्कूल शिक्षा में जवाबदेही और सुधार प्रक्रिया

**-कार्यालय संवाददाता-**

**जयपुर।** स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा जनवरी-2026 की जिला एकेडमिक रैंकिंग जारी कर दी गई है। यह रैंकिंग प्रदेश के समस्त जिलों के शैक्षिणक परिणामों, विद्यालयों के दैनिक संचालन और गवर्नेंस संकेतकों में प्रदर्शन का समग्र आकलन करती है। ताज़ा रैंकिंग में झुंझुनूं और हनुमानगढ़ शीर्ष जिलों में शामिल रहे हैं, जबकि चूरू ने सराहनीय प्रयास करते हुए तीसरे स्थान पर कब्जा जमाया है।

रैंकिंग में छात्रों की नियमित उपस्थिति, कक्षा में शिक्षण की गुणवत्ता, फील्ड विजिट के माध्यम से निगरानी और शैक्षिणक मूल्यांकन में विद्यार्थियों के प्रदर्शन जैसे प्रमुख मानकों को शामिल किया गया है। सीखने के परिणामों पर बढते जोर और उच्च स्तर पर नियमित प्रदर्शन समीक्षाओं के साथ, जिला रैंकिंग स्कूल शिक्षा प्रणाली में जवाबदेही, लक्षित सहयोग और निरंतर सुधार लाने का एक प्रभावी माध्यम बन रही है।

इस वर्ष शैक्षिणक सीखने के परिणामों को औपचारिक रूप से रैंकिंग का हिस्सा बनाया गया है। कॉम्पिटेंसी-

**■ डेटा-आधारित समीक्षा से सीखने के परिणामों पर बढ़ा फोकस**

बेस्ड असेसमेंट (सीबीए), ओरल रीडिंग फ्लुएंसी (ओआरएफ) असेसमेंट और बोर्ड परीक्षा के नतीजों को विशेष महत्व दिया गया है, ताकि जिलो का प्रदर्शन न केवल प्रशासनिक दक्षता बल्कि शैक्षिणक प्रभाव को भी दर्शा सके।

एकेडमिक रैंकिंग का उद्देश्य जिलों के प्रदर्शन की नियमित, डेटा-आधारित समीक्षा करना और स्कूल शिक्षा प्रणाली में जवाबदेही को मजबूत बनाना है। जिला रैंकिंग और पैरामीटर-वाइज़ स्कोर की हर माह स्कूल शिक्षा विभाग (सीएसई) के सचिव की अध्यक्षता में होने वाली समीक्षा बैठकों में गहन समीक्षा की जाती है, जिसमें कमियों की पहचान कर सुधार के लिए स्पष्ट अगले कदम तय किए जाते हैं। ताजा रैंकिंग के अनुसार झुंझुनूं और हनुमानगढ़ ने अपना शीर्ष स्थान बनाए रखा है। तीसरे पायदान पर चूरू रहा, जिसने गंगानगर को पीछे छोड़ा। सीकर, भरतपुर और खैरतल-तिजारा क्रमशः चौथे, पांचवें और छठे स्थान पर रहे। बांसवाड़ा और जैसलमेर सबसे निचले पायदान पर है।

शिक्षा मंत्री मदन दिलावर का कहना है कि जिला रैंकिंग ने स्कूल शिक्षा व्यवस्था में पारदर्शिता और जवाबदेही को मजबूत किया है। सीखने के परिणामों को रैंकिंग से जोड़ने का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि हर स्तर पर निर्णय विद्यार्थियों की वास्तविक प्रगति के आधार पर हों। हमारा लक्ष्य है कि सभी जिलों को समान अवसर, समयबद्ध सहयोग और आवश्यक संसाधन मिलें, ताकि प्रदेश का कोई भी बच्चा गुणवत्तापूर्ण शिक्षा से वंचित न रहे।

स्कूल शिक्षा विभाग के शासन सचिव कृष्ण कुणाल का कहना है कि डेटा-आधारित समीक्षा और सीखने के परिणामों पर फोकस से अब स्कूल शिक्षा प्रणाली में ठोस और स्थायी सुधार दिखाई दे रहे हैं। आने वाले समय में तकनीक, शिक्षक प्रशिक्षण और नवाचारों के जरिए हर विद्यार्थी तक गुणवत्तापूर्ण शिक्षा पहुंचाना हमारी प्राथमिकता है।

# नीरज जैन होंगे मेडल ऑफ मैरिट से सम्मानित



**जयपुर।** राजस्थान के राज्यपाल हरीभाऊ बागडे बुधवार को प्रात: 9 बजे जयपुर के जगतपुरा स्थित स्काउट गाइड के राज्य प्रशिक्षण केंद्र पर आयोजित राज्य स्तरीय पुरस्कार समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे। राज्य वित्त आयोग के अध्यक्ष डॉ अरुण चतुर्वेदी समारोह की अध्यक्षता करेंगे एवं राज्य मुख्य आयुक्त निरंजन आर्य विशिष्ट अतिथि होंगे। इस अवसर पर प्रदेश स्काउट गाइड संगठन के जनसंपर्क प्रभारी एवं विभागीय मासिक पत्रिका के सहायक संपादक नीरज जैन अपनी उल्लेखनीय सेवाओं के फलस्वरुप राज्यपाल के कर कमलों से मेडल ऑफ मेरिट अवार्ड से सम्मानित होंगे। जैन की उल्लेखनीय एवं प्रशंसनीय सेवाओं के फलस्वरुप इस अवार्ड के लिए राज्य अवार्ड कमेटी द्वारा उनका चयन किया गया है। जैन इससे पूर्व भी अनेक साहित्यिक एवं कला मंचों पर सम्मानित हो चुके है।

# राज्य बजट से पहले आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका और ग्राम साथिनों का शक्ति प्रदर्शन

**जयपुर।** राज्य बजट से ठीक पहले आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, सहायिकाओं और ग्राम साथिनों ने अपनी ताकत का प्रदर्शन किया। आंदोलनकारियों ने सरकार को चेतावनी दी है कि अगर उनकी मांगें पूरी नहीं की गई तो मजबूर होकर दिल्ली कूच करना पड़ेगा। सोमवार को 22 गोदाम पुलिया के पास अखिल राजस्थान महिला एवं बाल विकास संयुक्त कर्मचारी संघ ने एक दिवसीय धरना दिया। प्रदेश भर से पहुंची महिला आंगनबाड़ी कर्मचारियों ने उच्च न्यायालय के आदेश को लागू करने सहित 11 सूत्री मांगों को सरकार के समक्ष रखा।

संस्था के संस्थापक-संरक्षक छोटेलाल बुनकर ने बताया कि उच्च न्यायालय, जयपुर की खंडपीठ ने आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और सहायिकाओं को तृतीय और चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों के समकक्ष माना है। साथ ही उनका मानदेय क्रमश: 24 हजार 800 और 20 हजार 300 तय किया है। अदालत ने इसे 30 दिनों के भीतर लागू करने के लिए भारत सरकार और राजस्थान सरकार के सचिवों को निर्देशित किया है।

बुनकर ने इसे मातृशक्ति की पहली बड़ी जीत बताते हुए कहा कि अब सरकार को इसे लागू करना होगा। धरने के माध्यम से कर्मचारी संघ ने अन्य मांगें भी सरकार के समक्ष रखी। उन्होंने बताया कि उनका यह शक्ति प्रदर्शन केवल शुरुआत है, अपने हक और अधिकारों के लिए उनका यह प्रयास भविष्य को मजबूत बनाएगा। उन्होंने बताया कि, आंगनबाड़ीकर्मियों ने न्यूनतम मानदेय वृद्धि, मानदेय बढ़ाने, कुम्हेर परियोजना, ठेका प्रथा खत्म करने,



प्रदेशभर की आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने सोमवार को 22 गोदाम पर एकत्रित होकर धरना दिया।

नर्सरी शिक्षक का दर्जा देने, ग्राम साथिनों के लिए पद और आरक्षण की मांग की है। इसके साथ ही महिला पर्यवेक्षक, कनिष्ठ लिपिक और चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों के पदों में 50 प्रतिशत आरक्षण, रिक्त पदों में शिथिलता देने, बोनस अंक, पेंशन और ग्रेच्युटी की मांगे भी उठाई है। संघ की प्रदेशाध्यक्ष रचना शर्मा ने कहा कि उनका उद्देश्य केवल न्यायालय के आदेश को लागू कराना नहीं है, बल्कि आंगनबाड़ी और ग्राम साथिनों के अधिकारों और भविष्य को सुनिश्चित करना है। उन्होंने कहा कि लंबे समय से अनदेखा की गई आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और ग्राम साथिनों की मेहनत और योगदान अब नजरअंदाज नहीं किया जा सकता।

# जलदायकर्मियों का विरोध-प्रदर्शन

**जयपुर।** प्रान्तीय नल मजदूर यूनियन इंटक जयपुर के आव्हान पर पानी पेच स्थित अधीक्षण अभियन्ता वृत उत्तर कार्यालय पर हजारों की संख्या में जलदाय कर्मचारियों ने 16 सूत्रीय लंबित मांगों को लेकर जोरदार विरोध प्रदर्शन किया।यह प्रदर्शन संघ के प्रदेशाध्यक्ष संजय सिंह शेखावत के निर्देशानुसार, जिला अध्यक्ष ताराचन्द सैनी, जिला उपाध्यक्ष रामनिवास सैनी एवं वरिष्ठ उपाध्यक्ष रघुवीर सिंह शेखावत विधि सलाहकार मुकेश कुमार माथुर के नेतृत्व में आयोजित हुआ। कर्मचारियों ने नई भर्ती, लीवरेज राशि में वृद्धि, पम्प हाउस व राजकीय आवासों की मरम्मत, सुरक्षा कर्मी नियुक्ति सहित प्रमुख मांगों को लेकर अधिक्षण अभियन्ता एवं अधीनस्थ अभियंताओं को ज्ञापन सौंपा। अधिकारियों ने 15 दिवस में समस्याओं के समाधान का आश्वासन दिया।

इस अवसर पर आयोजित आम सभा को राजस्थान इंटक प्रदेशाध्यक्ष जगदीश राज श्रीमाली, जलदाय इंटक के संरक्षक जगदीश प्रसाद शर्मा, रामाशंकर गुर्जर एवं सलाहकार केदार शर्मा ने संबोधित किया।

# मां ने बेटी को संतान मानने से किया इनकार

**जयपुर (कासं)।** राजस्थान हाईकोर्ट ने संपत्ति विवाद में मां की ओर से याचिकाकर्ता को अपनी बेटी मानने से इनकार करने पर अदालत ने डीएनए टेस्ट कराने के आदेश दिए हैं। अदालत ने कहा कि किसी को जबरन डीएनए परीक्षण कराने के लिए बाध्य नहीं किया जा सकता, लेकिन यदि वह परीक्षण से इनकार करती है तो अदालत परिस्थिति के आधार पर अनुमान लगा सकती है। जस्टिस बिपिन गुप्ता की एकलपीठ ने यह आदेश बेटी की ओर से दायर याचिका पर सुनवाई करते हुए दिए। अदालत ने कहा कि डीएनए जांच से व्यक्ति की निजता प्रभावित होती है, लेकिन सत्य का पता लगाना भी कोर्ट का दायित्व है।

मामले के अनुसार याचिकाकर्ता बेटी ने साल 2014 में अपने स्वर्गीय पिता की ओर से अपने बेटे के पक्ष में बनाई वसीयत को निरस्त घोषित करने और संपत्ति में अपने हिस्से का अधिकार देने की गुहार की। बेटी की ओर से कहा गया कि यह पैतृक संपत्ति होने के कारण उसकी वसीयत नहीं की जा सकती थी। निचली अदालत में सुनवाई के दौरान मृतक के बेटे और मां ने याचिकाकर्ता को मृतक की बेटी मानने से इनकार कर दिया। इस पर याचिकाकर्ता ने निचली अदालत में प्रार्थना पत्र पेश कर मां और भाई का डीएनए टेस्ट का उसके डीएनए से मिलाने कराने की गुहार की। इस प्रार्थना पत्र को निचली अदालत ने खारिज कर दिया। इस पर याचिकाकर्ता ने हाईकोर्ट में याचिका दायर कर गुहार की। जिसका विरोध करते हुए मां की ओर से अधिवक्ता प्रहलाद शर्मा ने कहा कि मां स्वयं ही कह रही है कि उसने याचिकाकर्ता को जन्म नहीं दिया। वहीं डीएनए परीक्षण से निजता प्रभावित होगी। इसलिए डीएनए परीक्षण की जरूरत नहीं है। इस पर अदालत ने कहा कि यह बाध्यकारी नहीं है, लेकिन उनका डीएनए जांच कराई जाए। यदि इस दौरान मां इनकार करे तो निचली अदालत परिस्थिति के आधार पर अनुमान लगा सकती है।

# ''ज्वैल्स ऑफ इंडिया'' की विवादित भूमि आवंटन प्रकरण में जनहित याचिका खारिज की हाईकोर्ट ने

## राज्य सरकार की ओर से महाधिवक्ता ने राजस्थान हाईकोर्ट में कहा कि ''भूमि आवंटन और भू-रूपांतरण में कोई अनियमितता नहीं हुई।''

**-कार्यालय संवाददाता-**

**जयपुर।** राजस्थान हाईकोर्ट ने टोंक रोड पर कैपस्टन मीटर को औद्योगिक उद्देश्य के लिए दी गई 205 बीघा जमीन की लीज शर्तों की अवहेलना करने के बाद भी राज्य सरकार की ओर से जमीन वापस नहीं लेने को चुनौती देने वाली याचिका को खारिज कर दिया है। जस्टिस इन्द्रजीत सिंह व जस्टिस रवि चिरानिया की खंडपीठ ने यह आदेश डॉ. जयनारायण त्रिवेदी की पीआईएल पर दिए।

अदालत ने कहा कि वह जमीन आवंटन के संबंध में राज्य सरकार की ओर से दिए गए जवाब से संतुष्ट है। अदालत में महाधिवक्ता राजेन्द्र प्रसाद ने राज्य सरकार की ओर से पैरवी की थी। उन्होंने कहा कि, यह भूमि 1965

**■ जबकि याचिका में अधिवक्ता तनवीर अहमद का कहना था कि ''राज्य सरकार ने वर्ष 1965 में गोपालपुरा पुलिया के पास 205 बीघा भूमि कैपस्टन मीटर प्रा. लि. को औद्योगिक उद्देश्य के लिए लीज पर दी थी। लीज शर्त के मुताबिक जमीन आवंटन का उद्देश्य पूरा नहीं होने पर भूमि स्वतः राज्य सरकार में निहित हो जाएगी।''**

तक संस्थानिक भूमि थी, इसके भू-रूपांतरण और अवाप्ति में किसी भी तरह की अनियमितताएं नहीं है। इस प्रकरण में जयपुरिया परिवार की ओर से अधिवक्ता सुरूचि कासलीवाल पेश हुई थी।

याचिका में अधिवक्ता तनवीर अहमद ने अदालत को बताया कि राज्य सरकार ने वर्ष 1965 में गोपालपुरा पुलिया के पास स्थित इस 205 बीघा भूमि को कैपस्टन मीटर प्रा. लि. को औद्योगिक उद्देश्य के लिए लीज पर दिया था। लीज में यह शर्त थी कि जिस उद्देश्य के लिए जमीन लीज पर दी गई है, अगर वह उद्देश्य पूरा नहीं होता है तो जमीन स्वत: ही राज्य सरकार में निहित हो जाएगी। इसके अलावा लीज दस्तावेजों से स्पष्ट है कि यह भूमि आवंटी न तो किसी अन्य उपयोग में लेगा और ना ही हस्तांतरित कर सकेगा।

याचिका में कहा गया कि इसके बावजूद भी जमीन के कुछ हिस्से को मैसर्स जय डिंक्स प्रा. लि. को सब-लीज पर दे दी गई। दोनों कंपनियों के निदेशक भी एक ही जयपुरिया परिवार से संबंध रखते हैं। इस भूमि के एक हिस्से में उच्च अधिकारियों और राजनेताओं की शह पर ज्वैल्स ऑफ इंडिया नाम से रिहायशी फ्लैट्स की बहुमंजिला इमारत बना दी गई।

याचिका में यह भी कहा गया कि बिल्डर के दबाव में इस जमीन के व्यावसायिक उपयोग की भी अनुमति दे दी गई। जेडीए के तत्कालीन विधि निदेशक अपनी विस्तृत टिप्पणी में इस कृत्य को भ्रष्टाचार की संज्ञा देते हुए मामले की जांच निष्पक्ष जांच एजेंसी से करने की विधिक राय दी, लेकिन उनका निदेशक पद से तबादला कर दिया गया। याचिका में गुहार की गई की मामले की जांच सीबीआई से कराई जाए और राज्य सरकार की ओर से जमीन को अपने स्वामित्व में लिया जाए।

इस प्रकरण में महाधिवक्ता राजेन्द्र प्रसाद ने अदालत ने बताया कि वर्ष 1965 के आसपास ही कैपस्टन मीटर ने यह भूमि राज्य सरकार के पास सरेंडर कर दिया था, इसके बाद जयपुरिया परिवार को ही यह भूमि अवाप्ति में मिली। यह भूमि 1965 तक संस्थानिक भूमि थी, इसके भू-रूपांतरण और अवाप्ति में किसी भी तरह की अनियमितताएं नहीं है।



मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने सोमवार को पूर्व विधायक मोहन लाल गुप्ता के निवास पर पहुंचकर उनकी माता स्व. कमला देवी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर नमन किया। साथ ही शोक संतप्त परिवारजनों को ढांढस बंधाया।

# कोटा में शॉर्ट सर्किट से केमिकल फैक्टरी में भीषण आग लगी

## हादसे के समय फैक्टरी में केमिकल के ड्रम मौजूद थे, जिससे आग तेजी से फैल गई

**कोटा,** (निसं)। रानपुर इंडस्ट्रियल एरिया में सोमवार सुबह उस वक्त हड़कंप मच गया, जब रानपुर स्थित एक केमिकल फैक्टरी में अचानक भीषण आग लग गई। आग इतनी विकराल थी कि आसमान में काले धुएं का गुबार दूर-दूर तक दिखाई देने लगा। जानकारी के अनुसार फैक्टरी परिसर में लगे ट्रांसफार्मर में शॉर्ट सर्किट हुआ था, जिसके बाद आग ने थोड़ी देर में विकराल रूप ले लिया। फैक्टरी में आग की सूचना नगर निगम के अग्निश्मन विभाग को दी गई। आग की सूचना मिलते ही नगर निगम की अग्निशमन टीमें मौके पर पहुंची और करीब डेढ़ घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद नौ दमकलों की मदद से आग पर पूरी तरह काबू पाया गया। आग की सूचना मिलते ही पुलिस टीम और फायर बिग्रेड की दमकले मौके पर पहुंच गई।

मुख्य अगिनश्मन अधिकारी राकेश व्यास ने बताया कि सोमवार सुबह रानपुर स्थित एक फैक्टरी में आग लगने की सूचना मिली, रानपुर क्षेत्र में कई फैक्टरीयां है, मामले की गंभीरता को देखते हुए अलग-अलग फायर स्टेशनों से नौ दमकलें मौके पर भेजी गई। मुख्य अग्निशमन अधिकारी राकेश व्यास ने बताया कि आग लगने के समय फैक्टरी में केमिकल के ड्रम मौजूद थे, जिससे आग तेजी से फैल गई। गनीमत यह रही कि हादसा सुबह के वक्त हुआ जब फैक्टरी में ज्यादा हलचल नहीं थी, जिससे कोई जनहानि नहीं हुई और समय रहते कार्रवाई करते हुए फैक्टरी के चारों ओर से फॉयर फॉइटिंग कर आग पर काबू पाया गया, प्रथम दृष्टा से आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट होना सामने आया हैं। उन्होंने बताया कि फैक्टरी में आग की सूचना मिलते ही एक के बाद एक दमकलें मौके पर भेजी गई और डेढ़ घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया गया।



**कोटो के रानपुर स्थित फैक्टरी में लगी आग को दमकलकर्मियों ने बड़ी मशक्कत से बुझाया।**

- **केमिकल फैक्टरी परिसर में लगे ट्रांसफार्मर में शॉर्ट सर्किट हुआ था, जिसके बाद आग ने विकराल रूप ले लिया**
- **आग इतनी विकराल थी कि आसमान में काले धुएं का गुबार दूर-दूर तक दिखाई देने लगा, नौ दमकलों ने आग पर पूरी तरह काबू पाया**

**ठेकेदार पर नाबालिग से छेड़छाड़ का आरोप :** जोधपुर शहर के एक निजी कॉलेज कैंटिन ठेकेदार पर महिला ने अपनी पुत्री से छेड़छाड़ का आरोप लगाते हुए पॉक्सो एक्ट में रिपोर्ट दी है। वहीं कुछ दिन पहले ठेकेदार द्वारा महिला पर चांदी के सिक्के और गल्ले से कुछ नगदी चुराने के संबंध में रिपोर्ट दी गई थी। आरोप के क्रॉस में यह प्रकरण दर्ज कराया गया है। फिलहाल पुलिस मामले की तफ्तीश में जुटी है।

कुड़ी थाना पुलिस के अनुसार पीड़िता ने आरोप लगाया कि वह एक निजी कॉलेज ठेकेदार हाकम खान के पास में केंटिन में काम करती है। बेटी भी साथ ही रहती है। गत 21 दिसंबर को ठेकेदार ने उसकी नाबालिग बेटी से छेड़छाड़ कर अश्लील हरकतें की। पीड़िता ने घटना को लेकर अब केस दर्ज कराया है। पुलिस के अनुसार ठेकेदार द्वारा इस महिला के खिलाफ कुछ दिनों पहले केंटिन के गल्ले से चांदी के दस सिक्के और ढाई हजार रूपए चुराने का आरोप लगाया गया था, जिसमें पहले से केस दर्ज हो रखा है। अब पीड़िता ने अपनी बेटी से छेड़छाड़ का आरोप लगाते हुए रिपोर्ट दी है।

# मादक पदार्थ तस्कर की तीन करोड़ की संपत्ति कुर्क

**जोधपुर,** (कासं)। जोधपुर पुलिस ने मादक पदार्थ की तस्करी कर अवैध रूप से संपत्ति अर्जित करने वाले तस्कर के खिलाफ कार्रवाई करते कोर्ट के आदेश के बाद तीन करोड़ रुपए बाजार मूल्य की संपत्ति को कुर्क किया है। यह पूरी कार्रवाई बीएस के कानून के धारा 107 के तहत की गई है।

गौरतलब है कि गत 30 अक्टूबर को शास्त्री नगर थाना पुलिस ने आरोपी तस्कर के मिल्कमैन कॉलोनी स्थित एक मकान में दबिश दी थी। इस दौरान 666 ग्राम अफीम का दूध बरामद किया गया था। इस पर टीम ने तस्कर सोनाराम विश्नोई के खिलाफ मामला दर्ज किया था। जांच में सामने आया कि आरोपी के खिलाफ पूर्व में मादक पदार्थ तस्करी के पांच मामले दर्ज हैं।

इस पर पुलिस कमिश्नर ओमप्रकाश, डीसीपी विनित कुमसंसद के निर्देशन में पुलिस ने आरोपी की मादक पदार्थ तस्करी से अर्जित संपत्ति को कुर्क करने के लिए कोर्ट में इस्तगासा पेश किया, जिसमें बताया कि आरोपी ने सूर्या नगर सांगरिया में दो मंजिला आलीशान मकान का निर्माण किया है। वहीं ग्राम पाल जोधपुर में तीन भूखण्ड खरीद रखे थे। जिसे अब कोर्ट के आदेश पर कुर्क किया गया। पुलिस कार्रवाई में बासनी थाना अधिकारी नितिन दवे, शास्त्रीनगर थाना अधिकारी जुल्फिकार, शैतान चौधरी, बासनी थाने के हैड कांस्टेबल रामलाल, गोविंदराम, कॉन्स्टेबल डूंगर सारण, दिनेश नायल शामिल रहे।

# सड़क हादसे में यूपी की महिला पर्यटक की मौत

## सड़क पर करीब 50 मीटर तक बिखरा क्षत-विक्षत शव

**उदयपुर,** (कासं)। गोगुंदा-पिंडवाड़ा हाइवे पर घसियार स्थित श्रीनाथजी मंदिर के बाहर सोमवार को भीषण सड़क हादसे में उत्तर प्रदेश की एक महिला पर्यटक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। हादसे के बाद महिला की बेटी दौड़कर आई और मां के शव से लिपटकर रोने लगी। वह बार-बार मम्मी-मम्मी पुकारती रही। हादसा बड़गांव थाना इलाके में गोगुंदा-पिंडवाड़ा हाइवे पर सोमवार दोपहर में हुआ।-सड़क पर करीब 50 मीटर तक क्षत-विक्षत शव बिखर गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतका की पहचान अनीता यादव (55) पत्नी ब्रज यादव निवासी सदर नया बाजार, मेरठ (उत्तर प्रदेश) के रूप में हुई है जो अपनी बेटी निधि उर्फ निकिता के साथ मेवाड़ के प्रसिद्ध धार्मिक स्थलों के दर्शन करने आई थी। महिला अपने परिजनों के साथ तूफान वाहन में सवार होकर श्रीनाथजी के दर्शन के लिए पहुंची थी। बताया गया कि महिला के परिजन पहले मंदिर में दर्शन के लिए चले गए थे, जबकि वह कुछ देर के लिए वाहन में अकेली बैठी रही। इसी दौरान महिला अचानक वाहन से उतरकर सड़क पार करते हुए मंदिर की ओर जा रही थी, तभी गोगुंदा की ओर से तेज रफ्तार आ रहे एक ट्रेलर ने उसे कुचल दिया। हादसा इतना भीषण था कि महिला की मौके पर ही मौत हो गई और शव क्षत-विक्षत हो गया। हादसे के बाद ट्रेलर चालक मौके से फरार हो गया। ट्रेलर गुजरात राज्य का बताया जा रहा है जिसमे कोयला भरा था। सूचना पर बड़गांव थाना पुलिस से एएसआई सोहन सिंह राणावत मय जाब्ता मौके पर पहुंचे। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जिला अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया तथा मामला दर्ज कर अज्ञात वाहन की तलाश शुरू कर दी है।


**कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता जन स्वा0 अभि0 विभाग, खण्ड धौलपुर**
मचकुण्ड चौराहा जी0टी0रोड धौलपुर
फोन नं0 05642-220728 ई-मेल ee.dho.phed@rajasthan.gov.in
क्रमांक :- 3498-3507 दिनांक :- 30.01.2026
**ई-निविदा सूचना संख्या 104/2025-26**
राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से खण्ड के अधीन विभिन्न कार्यो की उपरोक्त श्रेणी में पंजीकृत संवेदको से निर्धारित प्रपत्र में ऑन लाईन निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा से सम्बन्धित विस्तृत विवरण निम्न यू.वी.एन. के अनुसार www.sppp.rajasthan.gov.in एवं www.rajwater.gov.in पर देखी जा सकती है एवं डाउन लोड भी किये जा सकते है।

| | |
|---|---|
| एन.आई.वी.नं. | PHE2526A5892 |
| यू.वी.एन. | PHE2526WSOB12424 |

(जीतेन्द्र लवानियां)
अधिषाषी अभियन्ता
जन स्वा0 अभि0 विभाग, खण्ड धौलपुर
DIPR/C/2188/2026



**Office of the Superintendent Engineering Watershed Development and Soil Conservation, Karauli**
File no. ()/3094-06 **NOTICE INVITING BID** Date: 02/02/2026
**NIB No 38/2025-26 YEAR 2026**
-Bids for Talab, Talai, ECD, Mpt, Sunkan pond, ECD, Pakka check dam, PB, Recharge shaft, RTWHS, e.t.c of MJSA 2.2 Phase 2 Block KARAULI, TODABHIM, HINDAUN, MANDRAIL, MASALPUR, NADOTI, SAPOTRA & SHREE MAHAVEER JI (TOTAL 08 Packs) estimated value INR 39.51, 40.73, 35.23, 42.58, 51.03, 29.30, 62.74 & 23.64 lacs are invited from interested bidders up to 06:00 PM, 11-02-2026 Other particulars of the bid may be visited on the procurement portal (https://eproc.rajasthan.gov.in or and department website https://sppp.rajasthan.gov.in) of the state (https://water.rajasthan.gov.in/wdsc).
NIB Code- WSC2526A1528,
UBN NO.- WSC2526WSRC02655 to 02662
Superitending Engineer
watershed development and soil conservation Department, Karauli
DIPR/C/2379/2026



**Office of the Executive Engineer Watershed Development and Soil Conservation P.S. Nadoti, District Karauli**
No. 434 **NOTICE INVITING BID** Date: 02-02-2026
**NIB No 02/2025-26**
Bids for PT,MPT, ECD work Project MJSA 2.0 Phase 2 Block - Nadoti of estimated value INR 61.97 Lacs are invited from interested bidders up to 06.00 PM, 12-02-2026, Other particulars of the bid may be visited on the procurement portal (https://eproc.rajasthan.gov.in or https://sppp.rajasthan.gov.in/) of the state, departmental website.
NIB CODE:- WSC 2526 A 1542
UBN NO- WSC 2526 WSRC 02677
Executive Engineer
Watershed Development and Soil Conservation
P.S. Nadoti, District Karauli
DIPR/C/2558/2026


# नाबालिग से दुष्कर्म के दो आरोपियों को उम्रकैद

**अलवर,** (निसं)। अलवर की पॉक्सो कोर्ट संख्या-1 ने नाबालिग बालिका को बहला-फुसलाकर ले जाने और दोस्त के साथ मिलकर गैंगरेप करने के मामले में बड़ा फैसला सुनाया है। पॉक्सो कोर्ट-1 के न्यायाधीश जयेंद्र अग्रवाल ने दोनों आरोपियों को उम्रकैद यानी मरते दम तक की सजा से दंडित किया है। साथ ही दोनों आरोपियों पर 28 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया गया है। अभियोजन पक्ष की ओर से अदालत में कुल 22 गवाहों के बयान और 26 दस्तावेज पेश किए गए, जिनके आधार पर कोर्ट ने दोनों आरोपियों को दोषी मानते हुए सजा सुनाई। कोर्ट ने टिप्पणी करते हुए कहा कि आरोपियों द्वारा किया गया कृत्य जघन्य अपराध है और इसका समाज पर गलत प्रभाव पड़ता है।

सरकारी वकील विनोद शर्मा ने बताया कि पीड़िता की मां ने 7 नवंबर 2024 को अलवर जिले के एक थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। रिपोर्ट में बताया गया कि उसकी 14 वर्षीय नाबालिग बेटी 6 नवंबर की रात घर पर सोई थी, लेकिन अगले दिन सुबह जब उसे चाय देने के लिए उठाया गया तो वह घर पर नहीं मिली। परिजनों को एक युवक पर शक हुआ, जब उसके घर पहुंचे तो वह भी घर से गायब था और उसकी बाइक भी नहीं मिली। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई और तलाश शुरू की गई। पुलिस द्वारा बरामदगी के बाद पीड़िता ने बताया कि आरोपी उसे अपने दोस्त के साथ भिवाड़ी ले गया, जहां एक कमरे में कई दिनों तक रखा गया और दोनों आरोपियों ने उसके साथ गैंगरेप किया। मामले में पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर कोर्ट में चालान पेश किया, जिसके बाद अदालत ने दोनों को दोषी ठहराते हुए सजा सुनाई।

- **कोर्ट ने कहा कि आरोपियों द्वारा किया गया कृत्य जघन्य अपराध है और इसका समाज पर गलत प्रभाव पड़ता है**

# सूने मकान से लाखों के जेवर व सामान चोरी

**जोधपुर,** (कासं)। शहर के मधुबन हाउसिंग बोर्ड स्थित एक सूने मकान में चोरों ने सैंध मारकर वहां से 15 तोला सोने के आभूषण के साथ चांदी के आइटम और दस हजार की नगदी चुरा ले गए। पीड़ित हिन्दूस्थान गम से सेवानिवृत है। इस बारे में अब भगत की कोठी थाने में चोरी की रिपोर्ट दी गई है।

पुलिस ने बताया कि मधुबन हाउसिंग बोर्ड 4 ख 14 में रहने वाले राजकुमार माहेश्वरी की तरफ से रिपोर्ट दी गई। इसमें बताया कि वे हिन्दूस्थान गम से सेवानिवृत है। 5 फरवरी को परिवार सहित शादी में शामिल होने जोधपुर से बाहर गए थे। 7 फरवरी को घर में चोरी की सूचना मिली। इस पर यहां आकर पता लगा कि चोर घर की अलमारी बक्सों से 15 तोला सोने का हार के साथ चांदी की गिलासें और अन्य आइटम चोरी कर ले गए। घर में दस हजार की नगदी भी रखी हुई थी वह भी ले गए। भगत की कोठी पुलिस ने केस दर्ज कर अब जांच आरंभ की है।

# सरकारी नौकरी का झांसा देकर 7.50 लाख की ठगी

**सादुलपुर,** (निसं)। हरियाणा सरकार में स्वास्थ्य विभाग में सरकारी नौकरी दिलाने का झांसा देकर बेरोजगार तीन युवकों से लाखों रुपये की ठगी करने के आरोप का मामला सामने आया है। मामले में सोमवार को राजगढ़ थाना पुलिस ने चार आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

थानाधिकारी राजेश कुमार सिहाग ने बताया कि न्यायालय से प्राप्त इस्तगासे के आधार पर दर्ज मामले में पीड़ित सुरेश कुमार निवासी न्यांगल छोटी ने बताया कि वह मजदूरी व कृषि कार्य कर अपने परिवार का पालन-पोषण करता है। उसका पुत्र बी.ए. की पढ़ाई कर रहा था। इसी दौरान सतीश श्योराण निवासी ढाणी रामजस, तहसील सिवानी (हरियाणा) तथा विनोद कुमार निवासी गुरेरा, तहसील सिवानी उसके घर आए और हरियाणा सरकार में पहुंच होने का दावा करते हुए उसके पुत्र को स्वास्थ्य विभाग में सरकारी नौकरी लगवाने का झांसा दिया। आरोप है कि आरोपियों ने प्रति अभ्यर्थी 2 लाख 50 हजार रुपये की मांग की और आवश्यक दस्तावेज व पासपोर्ट साइज फोटो ले लिए। इसी तरह परिवादी के भाई धर्मपाल के पुत्र अक्षय तथा राजकुमार के पुत्र विकास को भी नौकरी दिलाने के नाम पर झांसे में ले लिया गया। 25 फरवरी 2022 को अंतिम तिथि का दबाव बनाकर विकास से नकद राशि व दस्तावेज आरोपी सतीश श्योराण व उसके पुत्र पवन को सौंप दिए गए। दर्ज मामले में आरोप लगाया है कि तीनों युवकों को सरकारी नौकरी दिलाने के नाम पर कुल 7 लाख 50 हजार रुपये आरोपियों द्वारा हड़प लिए गए, जिसमें से करीब 01 लाख 50 हजार रुपये ऑनलाइन ट्रांसफर किए गए तथा शेष राशि नगद दी गई। इसके बावजूद किसी को भी नौकरी नहीं दिलवाई गई। दर्ज मामले में बताया कि जब पीड़ित पक्ष ने अपने पैसे वापस मांगे तो आरोपी टालमटोल करते रहे। बाद में 22 जुलाई 2025 को सतीश श्योराण व विनोद कुमार ने शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी भी दी। आरोप है कि पंचायत में मामला उठाने पर भी यह सामने आया कि आरोपी आदतन ठग हैं और ऐसे मामलों में पैसे वापस नहीं करते। दर्ज मामले में बताया कि आरोपियों की ऑडियो व वीडियो रिकॉर्डिंग उपलब्ध है, जिसमें वे नौकरी लगवाने की गारंटी देते हुए खुलेआम ठगी करते नजर आ रहे हैं। साथ ही यह भी आशंका जताई गई है कि आरोपियों का एक संगठित गिरोह सक्रिय है, जो भोले-भाले लोगों को सरकारी नौकरी का झांसा देकर ठगी करते हैं। राजगढ़ थाना पुलिस ने धोखाधडी के आरोप में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

- **हरियाणा सरकार में स्वास्थ्य विभाग में सरकारी नौकरी दिलाने का झांसा दिया था**


**Office of the Medical Superintendent**
RUHS Hospital of Medical Sciences, Jaipur
Sector-11, Kumbha Marg, Pratap Nagar, Tonk Road, Jaipur -302033(Raj.)
दूरभाष: 0141-2795577, Email: supdt.hms@ruhsraj.org, ruhshmstore@ruhsraj.org
No. :- F. ( ) RUHS HMS/Store/2025-26/13750 Date :- 05/02/2026
**Notice Inviting e-Bids**
Single Stage Two envelope Online bids (e-bids) are invited upto 02.00 pm of 27-02-2026 for Supply and Installation of 1. Advance Thoracoscopy System, Qty. 01, Total Est. Cost Rs. 50.00 lacs, 2. Polysomnography System with Titration, Qty. 01, Total Est. Cost Rs. 30.00 Lacs, 3. PFT Machine, Qty. 01, Total Est. Cost Rs. 1.00 Lacs at Dept. of Respiratory Medicine, RUHS Hospital of Medical Sciences, Jaipur. Details may be seen in the Bidding Documents at the Website sppp.raj.nic.in, or eprocrajasthan.gov.in.
UBN : CMS2526GLOB00111-112, CMS2526GSOB00113
Raj.Samwad/C/25/19397 Medical Superintendent


# नकली सोने पर रिश्तेदारों को 30 लाख का लोन दिया

**झुंझुनूं,** (निसं)। जिले के नवलगढ़ में पीएनबी के गोल्ड लोन घोटाले की चर्चा अभी बंद भी नहीं हुई थी कि झुंझुनूं जिले के पिलानी से भी कुछ ऐसा ही मामला सामने आया है। जानकारी के अनुसार झुंझुनूं जिले के पिलानी में संचालित गोल्ड लोन देने वाली मणप्पुरम फाइनेंस कंपनी में भी ब्रांच मैनेजर व सहायक मैनेजर ने मिलकर कंपनी को करीब 30 लाख रूपए का चूना लगा दिया।

पिलानी सीआई चंद्रभान ने बताया कि मणप्पुरम फाइनेंस कंपनी के एरिया मैनेजर लोकेश शर्मा ने नौ दिसंबर 2025 को मामला दर्ज करवाया था कि कंपनी के पिलानी ब्रांच मैनेजर सीकर जिले के श्रीमाधोपुर थाना इलाके के बाकली कचियागढ़ वार्ड नं. 23 निवासी 27 वर्षीय संदीप सैनी पुत्र गणेशराम सैनी तथा सहायक मैनेजर गुढ़ागौड़जी थाना इलाके के ढाणी देवलक्या गुढ़ा ढहर निवासी 25 वर्षीय नरेंद्र सिंह पुत्र बजरंग सिंह राजपूत कार्यरत थे। कंपनी ने 12 अक्टूबर से 24 अक्टूबर 2025 के बीच ब्रांच द्वारा दिए गए गोल्ड लोन की आडिट करवाई थी। जिसके बाद सामने आया कि दोनों आरोपियों ने अन्य लोगों के साथ मिलीभगत कर 30 लाख से ज्यादा का लोन नकली सोने के बदले दे दिया। पुलिस ने मामले की जांच की। जांच में सामने आया कि दोनों आरोपियों ने नकली सोने के बदले अपने करीब 10 परिचितों और रिश्तेदारों को 30 लाख रूपए से ज्यादा का लोन कर राशि का गबन किया है। जिस पर पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर लिया है। सीआई चंद्रभान ने बताया कि इस मामले में जिन 10 परिचितों और रिश्तेदारों के साथ-साथ अन्य कर्मचारियों की मिलीभगत सामने आने पर कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल आरोपियों से पूछताछ की जा रही है।

- **मणप्पुरम फाइनेंस कंपनी के ब्रांच मैनेजर व सहायक मैनेजर ने लोन दिया था**
- **करीब 10 परिचितों और रिश्तेदारों को लोन कर राशि का गबन किया**

# भरतपुर : छात्रावास में 12वीं के छात्र ने आत्महत्या की

## नाश्ते के लिए उठाने गए चौकीदार को लटका मिला शव

**भरतपुर,** (निसं)। भरतपुर शहर के हाउसिंग बोर्ड के पास राजकीय अंबेडकर छात्रावास में एक स्टूडेंट ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सुबह जब चौकीदार स्टूडेंट को नाश्ते के लिए उठाने गया तो स्टूडेंट का शव पंखे के कुंडे से लटका हुआ मिला। स्टूडेंट के 12 फरवरी से 12वीं के पेपर शुरू होने थे। कल ही स्टूडेंट अपने घर से छात्रावास में आया था।

छात्रावास के अधीक्षक गौरव सारस्वत ने बताया कि पंकज (16) निवासी सिंघाड़ा थाना रुदावल दो साल से छात्रावास में रह रहा था। वह कल ही अपने गांव से छात्रावास में आया था। जिस हॉल में पंकज रहता था, उसमें 14 स्टूडेंट रहते हैं। पंकज के साथ उसके चाचा का लड़का सुनील भी रहता था। कल रविवार था, इसलिए ज्यादात्तर बच्चे अपने दोस्तों के यहां चले गए थे। सुनील भी अपने दोस्तों के साथ छात्रावास के दूसरे कमरे में सो रहा था। कल शाम आठ बजे पंकज ने खाना खाया। 10 बजे तक वह पढ़ रहा रहा था। आज सुबह चौकीदार पंकज को नाश्ते के लिए उठाने गया तो, पंकज के हॉल का गेट अंदर से बंद था। जिसके बाद चौकीदार ने गेट को खटखटाया लेकिन, दरवाजा नहीं खुला। तब चौकीदार ने छात्रावास में मौजूद स्टूडेंट्स को इसके बारे में बताया। पंकज के हॉल का गेट तोड़ा गया। अंदर जाकर देखा तो, पंकज का शव पंखे के कुंडे से लटका हुआ था। जिसके बाद तुरंत पुलिस को घटना की सूचना दी गई। जिसके बाद पुलिस ने शव को उतरवाकर मोर्चरी में रखवाया और उसके बाद पंकज के परिजनों को घटना के बारे में बताया गया।

- **स्टूडेंट के 12 फरवरी से पेपर शुरू होने थे, कुछ दिन पहले ही घर से लौटा था**


**जोधपुर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड**
(पदार्थ प्रबन्ध एवं अनुबन्ध शाखा) नया पावर हाऊस परिसर, हैवी इंडस्ट्रीयल एरीया, जोधपुर-342003
**ई-निविदा सूचना**
हाइ वोल्टज इन्सुलेटिंग रबर मैट शीट TN-2118 (UBN JVV2526GLOB00869), इंसुलेटेड प्लायर, एवं स्क्रू ड्राईवर TN-2119 (UBN JVV2526GLOB00872) एवं इलेक्ट्रिकल इंसुलेटेड रबर हैंड ग्लव्स (वर्ग-1) TN-2120 (UBN JVV2526GLOB00871) की खरीद हेतु ई-निविदा आंमत्रित की जाती हैं। अन्य विवरण जैसे निविदा मुल्य, धरोहर राशि, निविदा प्रस्तुत करने/खुलने की तिथि का विवरण इत्यादि वेबसाईट energy.rajasthan.gov.in/jdvvnl एवं http://sppp.rajasthan.gov.in द्वारा जानी जा सकती हैं।
अधीक्षण अभिंयता
(पदार्थ प्रबन्ध एवं अनुबंध)
राज.संवाद/सी/25/19390
बिजली संबंधी शिकायतों के लिए टोल फ्री नम्बर 1800 180 6045



**कार्यालय अधिशाषी अभियंता, जन स्वा.अभि. विभाग, जिला ग्रामीण खण्ड द्वितीय, बीकानेर**
पी.एच.ई.डी. कैम्पस, इण्डस्ट्रीयल एरिया, के.जी.कॉम्पलेक्स के पास, रानी बाजार, बीकानेर (334001)
क्रमांक-7398-7409 दिनांक-30.01.2026
**Notice Inviting Bid :- 178 to 181/2025-26**
Bid for various works are invited to registered interested bidder upto 17-02-2026 at 18.00 hours. Other particulars of bid may be visited on the procurement portal www.sppp.rajasthan.nic.in & "http:/eproc.rajasthan.gov.in" of the state. The approximate value of the procurement of Rs. 250.00 lacs.

| NIT No. | 178 | 179 | 180 | 181 |
|---|---|---|---|---|
| UBN No. | PHED2526SLRC12472 | PHED2526SLRC12475 | PHED2526SLRC12477 | PHED2526SLRC12478 |

(नरेश कुमार रैगर)
अधिशाषी अभियंता
जन स्वास्थ्य अभियांत्रिक विभाग
जिला ग्रामीण खण्ड-II, बीकानेर
DIPR/C/2176/2026



**Office of the Executive Engineer, PHED, Distt Rural Div I Bikaner**
Email ID - eepheddn1bkn@gmail.com Contact No. 0151-2941473
No. 4364-4388 Date:30/1/26
**Notice Inviting Bid : 110-116/2025-26**
Bid for various works are invited to registered interested bidder upto 13.02.2026 upto 02.00 PM. Other particulars of bid may be visited on the Procurement Portal http://eproc.rajasthan.gov.in and http://sppp.raj.nic.in of the state. The approximate value of the procurement of Rs. 390.00 Lacs.
UBN No.- PHE2526WSRC12611, PHE2526WSRC12612, PHE2526WSRC12613, PHE2526WSRC12614, PHE2526WSRC12615, PHE2526WSRC12616, PHE2526WSRC12617
*जल सीमित है, इसकी बचत करें।*
(Ram Prakash Meena)
Executive Engineer PHED,
Distt (R) Div I Bikaner
DIPR/C/2170/2026



**कार्यालय अतिरिक्त जिला परियोजना समन्वयक करौली (राज.)**
केशवपुरा पुलिया मण्डरायल रोड करौली, E-Mail:- adpcsamsakarauli@gmail.com
क्रमांक :- एडीपीसी/समग्र शिक्षा/करौली/Civil/2025-26/789 दिनांक :- 05/02/2026
**ई-निविदा सूचना संख्या 06 (सिविल)/2025-26**
**(राजकीय विद्यालयों में मरम्मत कार्यों हेतु)**
राज्य एवं केन्द्र सरकार के राजकीय / अर्द्धशासकीय / स्वायत्तशासी निकायों में सक्षम श्रेणी में मरम्मत कार्यों हेतु पंजीकृत संवेदकों से आपदा प्रबन्धन, सहायता एवं नागरिक सुरक्षा (एस.डी.आर. एफ) योजनान्तर्गत स्वीकृत 175 राजकीय विद्यालय में तात्कालिक मरम्मत कार्यों हेतु प्रति कार्य की राशि रूपये 1.97 लाख के निविदा में भाग लेने बाबत् कार्यवार निविदा प्रपत्र दिनांक 07.02.2026 से 11.02.2026 को दोपहर 12.00 बजे तक संबंधित विद्यालय कार्यालय से कार्यालय समय में भौतिक रूप से प्राप्त की जाकर, भरी हुई निविदा प्रपत्र जमा करवाई जा सकती है।
निविदा से सम्बधित सूचना वेबसाइट http://sppp.rajasthan.gov.in पर देखा जा सकता है।
यू.बी.एन. नं RSE2526WSOB06861
अति० जिला परियोजना समन्वयक
समग्र शिक्षा करौली
राज.संवाद/सी/25/19447


# डीजीपी राजीव शर्मा ने भीलवाड़ा में कानून व्यवस्था की समीक्षा की

**भीलवाड़ा,** (निसं)। राजस्थान के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) राजीव कुमार शर्मा सोमवार को भीलवाड़ा के दौरे पर रहे। अपने इस दौरे के दौरान उन्होंने जिले की कानून व्यवस्था का जायजा लिया और पुलिस अधिकारियों की एक विशेष अपराध समीक्षा बैठक ली।

डीजीपी राजीव शर्मा के भीलवाड़ा पहुंचने पर सर्किट हाउस में पुलिस अधिकारियों ने उनकी अगवानी की। यहाँ उन्हें पुलिस की टुकड़ी द्वारा गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। इसके बाद, उन्होंने जिले के पुलिस अधीक्षक और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के साथ अनौपचारिक चर्चा की। पुलिस अधीक्षक कार्यालय में आयोजित बैठक में डीजीपी शर्मा ने जिले में बढ़ रहे अपराधों, पेंडिंग मामलों और कानून व्यवस्था की स्थिति की समीक्षा की। सूत्रों के मुताबिक, डीजीपी ने महिला सुरक्षा और सायबर क्राइम को लेकर विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिए हैं। डीजीपी ने स्पष्ट किया कि संगठित अपराध और भू-माफियाओं के खिलाफ पुलिस को ज़ीरो टॉलरेंस की नीति अपनानी होगी। भीलवाड़ा, जो कि टेक्सटाइल और माइनिंग का हब है, यहाँ आर्थिक अपराधों और अवैध खनन पर लगाम लगाने के लिए उन्होंने पुलिस को तकनीकी संसाधनों का अधिकतम उपयोग करने की सलाह दी।

दौरे के दौरान डीजीपी ने कुछ चुनिंदा पुलिस थानों का निरीक्षण भी किया और वहां की साफ-सफाई व रिकॉर्ड संधारण को देखा। उन्होंने निर्देश दिया कि थानों में आने वाले फरियादियों, विशेषकर महिलाओं और बुजुर्गों के साथ पुलिस का व्यवहार संवेदनशील होना चाहिए। मीडिया से मुखातिब होते हुए डीजीपी राजीव शर्मा ने कहा, राजस्थान पुलिस आमजन में विश्वास और अपराधियों में डर कायम करने के लिए प्रतिबद्ध है। भीलवाड़ा एक महत्वपूर्ण औद्योगिक जिला है, यहाँ शांति व्यवस्था बनाए रखना हमारी प्राथमिकता है। पुलिस बेड़े को आधुनिक बनाने और नशामुक्त समाज के निर्माण पर हमारा पूरा जोर रहेगा।



**भीलवाड़ा में डीजीपी राजीव कुमार शर्मा ने प्रेसवार्ता की।**

- **पुलिस महानिदेशक ने अपराधियों पर नकेल कसने के सख्त निर्देश दिए**


**कार्यालय नगर निगम, पाली (राज.)**
(लालबहादुर शास्त्री टाऊन हॉल, सुरजपोल के पास, पाली, पिनकोड - 306401)
(टेली-फैक्स : 02932-221301, ई-मेल : cmcpali@yahoo.co.in,वेब-साईट: www.mcpali.com)
क्रमांक प. 12( )/विकास/2026/13 दिनांक 05.02.2026
**ई-निविदा सूचना संख्या 13/2025 - 2026**
नगर निगम, पाली की ओर से मुख्यमंत्री बजट घोषणा 2025 - 26 के अन्तर्गत स्वायत्त शासन विभाग/नगर निगम व अन्य विभागो मे "एए" श्रेणी मे पंजीकृत संवेदको से 1 कार्य की (अनुमानित लागत रू 725.00 लाख) ऑनलाईन निविदा आंमत्रित की जाती है। संवेदक दिनांक 06.02.2026 को प्रातः 09.00 बजे से दिनांक 25.02.2026 को सांय 6.00 बजे तक आनॅलाईन निविदाऐ जमा करा सकते है। निविदा से सम्बन्धित अन्य विवरण वेबसाई http://spp.rajasthan.gov.in व http://eproc.rajasthan.gov.in से तथा अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय से प्राप्त कर सकते है। उक्त 01 कार्य के यूबीएन संख्या निम्नानुसार है।
DLB2526WLOB33282
आयुक्त
नगर निगम, पाली
राज.संवाद/सी/25/19431



**कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता एवं पदेन परियोजना प्रबंधक वाटरशेड सेल कम डाटा सेन्टर, चूरू**
जिला परिषद परिसर, चूरू-331001
E-mail:- sewdsc.churu@rajasthan.gov.in, Phone: 01562-254494
क्रमांक :- एफ1 ()/अ.अ/डब्ल्यूसीडीसी/लेखा/2025-26/2703 दिनांक :- 02/02/2026
**ई-निविदा सूचना संख्या-18/2025-26**
राजस्थान राज्यपाल महोदय की ओर से प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना-2.0 के तहत स्वीकृत परियोजना क्षेत्र में करवाये जाने वाले विभिन्न कार्य हेतु जिला चूरू में स्वीकृत कार्यों हेतु राजस्थान लोक उपापन में पारदर्शिता नियम 2013 के अनुसरण में राज्य सरकार के सार्वजनिक निर्माण विभाग, जल संसाधन विभाग, जन स्वा. एवं अभि. विभाग, सिंचित क्षेत्र विकास एवं केन्द्रीय सरकार के अभियांत्रिकी विभाग में पंजिकृत सक्षम श्रेणी के संवेदकों जो कि राजस्थान सरकार के विभिन्न सक्षम श्रेणी के संवेदकों के समकक्ष हो, से निर्धारित प्रपत्र में ई-टेण्डरिंग प्रक्रिया द्वारा दिनांक 13.02.2026 को सांय 05.00 बजे तक ऑन लाईन निविदाएँ आमंत्रित की जाती है। कार्य का विस्तृत विवरण "http://sppp.rajasthan.gov.in", "http://eproc.rajasthan.gov.in" वेबसाईट पर देखा जा सकता है।
NIB CODE :- WSC2526A1530, UBN NO :- WSC2526WSOB02667
अधीक्षण अभियन्ता एवं परियोजना प्रबंधक
वाटरशेड सेल कम डाटा सेन्टर, चूरू
राज.संवाद/सी/25/19418

# ठेकेदारों ने आधी-अधूरी सड़क बनाई, फिर भी जेडीए ने किया पूरा भुगतान

## 7.5 करोड़ रुपए की लागत से सिरसी मोड से निमेडा तक 2 ठेकेदारों को बनानी थी रोड



सिरसी रोड पर टूटी सड़क के कारण वाहन चालक गलत दिशा में गाड़ियां दौड़ा रहे है, इस कारण आये दिन दुर्घटनाएं हो रही है। सिरसी रोड पर आमने-सामने भिड़ी कार।

- सी-जोन बायपास से निमेडा तक ड्रेनेज बॉक्स डाले जाने के बावजूद टूटी सड़क नहीं सुधार रही निजी फर्म
- वहीं दूसरी ओर जेडीए के इंजीनियर्स नई सेक्टर रोड बनाने के लिए स्वीकृत 100 करोड़ के बजट को पुरानी सड़कों पर खुर्द-बुर्द करने की तैयारी में जुटे

**जयपुर** (कासं)। जयपुर विकास प्राधिकरण के इंजीनियर्स चहेते ठेकेदारों पर मेहरबान होकर किस कदर जेडीए को चूना लगाने में लगे हुए है, इसकी बानगी जोन 12 और जोन 7 के सड़क निर्माण के काम में देखने को मिल रही है। दो ठेकेदारों ने यहाँ आधा-अधूरा काम किया, फिर भी इनमें से एक ने पूरा भुगतान पूरा उठा लिया और दूसरे ने आधी सड़क बनाकर उसका पैसा उठा लिया, अब दोनों के फर्में शेष काम करने से बच रही है। दूसरी ओर जेडीए के इंजीनियर्स यहां बची हुई सड़क को बनवाने के लिए पुनः टैंडर करने की तैयारी में जुटे है।

सूत्रों के मुताबिक सिरसी रोड पर सी-जोन बायपास से निमेडा तक डामर सड़क बनाई जानी है। इसमें सिरसी मोड से सिंवार मोड तक दोनों तरफ सड़क निर्माण का 4.25 करोड़ का ठेका मैसर्स हरदयाल कंस्ट्रक्शन को मिला था। इस फर्म ने आधी अधूरी सड़क बनाकर छोड़ दी, इसके बावजूद जेडीए के इंजीनियर्स ने फर्म के खिलाफ कार्रवाई करना तो दूर, उसके काम का सत्यापन कर दिया। इसके चलते इस फर्म ने जेडीए से पूरी सड़क का भुगतान उठा लिया। जबकि 3 वर्ष तक सड़क रखरखाव की जिम्मेदारी भी ठेकेदार की होती है । बताया जा रहा है कि इस ठेकेदार ने सिरसी मोड से सिंवार मोड तक करीब डेढ़ किलोमीटर दूरी में सड़क के एक तरफ के हिस्से में सड़क ही नहीं बनाई है।

इसी तरह सिंवार मोड से आगे निमेडा तक 3.25 करोड़ रुपए का सड़क निर्माण का ठेका मैसर्स लालचंद तिवारी को मिला था, इसने भी करीब डेढ़ किलोमीटर दूरी में ही सड़क बनाकर काम बंद कर दिया। इस फर्म को भी जेडीए के अफसरों ने किये हुए काम का तुरंत भुगतान भी कर दिया।

ज्ञात रहे कि मैसर्स लालचंद तिवारी के पास ही सिरसी रोड के सी-जोन बायपास पुलिया से निमेडा तक ड्रेनेज बॉक्स डालने का कार्य भी है। ठेकेदार को ड्रेनेज बॉक्स डालने के बाद रोड कट को पुनः सड़क बनाकर दुरुस्त भी करना है। इसके लिए करीब 3 करोड़ रुपए का बजट प्रावधान भी ड्रेनेज बॉक्स की 48 करोड़ की निविदा में अलग से रखा गया था।

अब इस प्रकरण में बड़ा सवाल यह उठ रहा है कि, जब मैसर्स लालचंद तिवारी को सी-जोन बायपास से निमेडा तक ड्रेनेज बॉक्स डालने के बाद रोड कट की जगह पर सड़क बनानी थी, तो फिर मैसर्स हरदयाल और लालचंद तिवारी को सिरसी मोड से निमेडा तक पूरी चौड़ाई में रोड बनाने का काम क्यों दिया गया? इसी प्रकार ड्रेनेज बॉक्स डालने का काम जब पूर्ण हो चुका है तो फिर जेडीए के इंजीनियर्स सड़क निर्माण शुरू क्यों नहीं करवा रहे। जबकि टूटी सड़क के कारण आये दिन यहां पर सड़क हादसे हो रहे है।

### इंजीनियर्स ने जेडीसी को बताये गलत तथ्य

जेडीए के इंजीनियर्स ने अपनी गलती छुपाने के लिए जेडीसी सिद्दार्थ महाजन को गलत तथ्य बता कर गुमराह करने का प्रयास किया। इंजीनियरिंग विंग ने पिछले दिनों जेडीसी को बताया कि सी-जोन बाइपास से सिरसी मोड, नीमेडा, सिवार मोड तक जलदाय विभाग पाइप लाइन डाल रहा है, जबकि पहले सिर्फ रोड कट रिपेयर का ही टैंडर था। पाइप लाइन डालने से पूरी सड़क खराब हो गई, इस कारण इस पूरी सड़क का नए सिरे से डामरीकरण होना है। जबकि हकीकत यह है कि जोन 12 ने सिरसी मोड से निमेडा तक 7.5 करोड़ रुपए की लागत से पूरी चौडाई में सड़क बनाने का ठेका मैसर्स हरदयाल और लालचंद तिवारी को दे रखा है। जलदाय विभाग ने सिरसी मोड से सिंवार मोड तक जो बीसलपुर पेयजल लाइन डाली है, उसके रोड कट का पैसा जेडीए में जमा करवाया गया था। यह कार्य भी जलदाय विभाग पूरा कर चुका।

# ऑनलाइन सरिया बेचने का झांसा देकर करोड़ों की ठगी करने वाले दो गिरफ्तार

-कार्यालय संवाददाता-

- बिजनेस के ऑनलाइन प्लेटफॉर्म इंडियामार्ट व जस्ट डायल जैसी वेबसाइट से करते थे ठगी
- 3 साल तक पुलिस ने की आरोपियों की निगरानी, झारखंड, बिहार और महाराष्ट्र से किया डिटेन

**जयपुर** । मुहाना थाना पुलिस ने बिजनेस के ऑनलाइन प्लेटफार्म इंडिया मार्ट व जस्ट डायल जैसी वेबसाईड पर डमी फर्म केशव एन्टरपाईजेज बनाकर ऑनलाइन सरिया बेचने का झांसा देकर करोड़ों रुपयों से अधिक की ठगी करने वाले दो शातिर बदमाशों को गिरफ्तार किया है। पुलिस गिरफ्तार अभियुक्तों से गिरोह में शामिल अन्य लोगों के बारे मे पूछताछ कर रहीं है।

उपायुक्त राजर्षि राज वर्मा ने बताया कि वर्ष -2023 में परिवादी रामस्नेही पुत्र विजेंद्र ए-अमृत नगर,मुहाना रोड हाल निदेशक सनप्रो इंफ्राटेक प्रा लिमिटेड ने मामला दर्ज कराया था कि रिद्धि-सिद्धी पावर प्रोजेक्ट नेपाल के लिए उसे विभिन्न साईज की स्टील प्लेटो की आवश्यकता थी। जिसके लिए उसने ऑनलाईन केशव एन्टप्राईजेज पंजरापोल भोसरी पुने के निदेशक केशव झा से फोन पर सम्पर्क किया। केशव झा ने नेपाल से माल भेजकर उसका विश्वास जीता और शेष माल की फर्जी बिल्टी व माल भेजने का झांसा देकर 17 लाख रुपए खाते में ट्रांसफर करवा लिए और प्लेटो की डिलेवरी नहीं की। पीड़ित ने फर्म का पता किया तो वो भी फर्जी निकली और उस पत्ते पर ऑटो मोबाइल पार्टस मैन्यूफक्चरी फैक्ट्री निकली। मामला दर्ज होने के बाद पुलिस ने छानबीन कर तीन साल तक आरोपियों की निगरानी की और दोनो आरोपी केशव उगन झा (40) पुत्र उगन झा लखनोर मधुबनी बिहार निवासी व चंदन शंकर झा (24) पुत्र शंकर झा एसवाई कॉर्नर,मौसी लक्ष्मीनगर , भोसरी पुना महाराष्ट्र निवासी को दबोच लिया। पुलिस छानबीन में सामने आया है कि गिरफ्तार अभियुक्त केशव के खिलाफ अलग-अलग राज्यों में साईबर प्रोर्टर में 15 मामले दर्ज है।

पुलिस पूछताछ में सामने आया है कि शातिर बदमाश केशव अपने साथी चंदर शंकर के साथ मिलकर बिजनेस ऑनलाइन प्लेटफार्म इंडियामार्ट व जस्ट डायल जैसी वेबसाईट के जरिए बड़े व्यापारियों का ऑर्डर लेते और छोटे ऑर्डर लेकर उनकी समय पर डिलेवरी देते और बड़ा आर्डर मिलने पर फर्जी बिल्टी बनाकर मोटी रकम लेते और फोन बंद कर देते थे। पुलिस पूछताछ में गिरफ्तार अभियुक्तों ने सैकड़ो ठगी की वारदात कर करोड़ों से अधिक रुपयों की धोखाधडी करना स्वीकार किया है।

## बदमाश गिरफ्तार

**जयपुर** । जयपुर पुलिस की ओर से वांछित अपराधियों की धरपकड के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत विद्याधर नगर थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए लक्की शर्मा निवासी आगरा (उत्तर प्रदेश ) गिरफ्तार किया गया है। जिस पर दस हजार रुपये का इनामी घोषित था। फिलहाल आरोपी से पूछताछ की जा रही है। पुलिस उपायुक्त जयपुर उत्तर करण शर्मा ने बताया कि विद्याधर नगर थाना पुलिस ने तकनीकी अनुसंधान और सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए आरोपी लक्की शर्मा को धर दबोचा।

# कृषि विभाग की झांकी ''नमो ड्रोन दीदी'' को मिला प्रथम पुरस्कार

## गणतंत्र दिवस-2026 की उत्कृष्ट झांकियों को मिला सम्मान



मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास ने सोमवार को सचिवालय में विभिन्न राजकीय विभागों की उत्कृष्ट झांकियों को पुरस्कृत किया।

**जयपुर** (कासं) । मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास ने सोमवार को सचिवालय स्थित चिंतन हॉल में गणतंत्र दिवस-2026 के राज्य स्तरीय समारोह में प्रदर्शित विभिन्न राजकीय विभागों की उत्कृष्ट झांकियों को पुरस्कृत किया।

इस अवसर पर कृषि विभाग की झांकी ''नमो ड्रोन दीदी'' को पहला पुरस्कार मिला। इस झांकी में आधुनिक तकनीकों के माध्यम से खेती और कृषि क्षेत्र में महिला सशक्तिकरण का प्रभावी संदेश प्रस्तुत किया गया था। इसी प्रकार कला एवं संस्कृति विभाग की राजस्थानी कला थीम पर आधारित झांकी दूसरे स्थान पर रही। तीसरा पुरस्कार चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की माँ योजना थीम पर आधारित झांकी को दिया गया। चयनित विभागों को मुख्य सचिव द्वारा प्रशस्ति पत्र एवं मोमेन्टो देकर सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर सार्वजनिक निर्माण विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव प्रवीण गुप्ता, कृषि विभाग की प्रमुख शासन सचिव मंजू राजपाल, सामान्य प्रशासन विभाग के प्रमुख शासन सचिव नवीन जैन, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग निदेशक (आईईसी) सौम्या झा तथा राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) के अतिरिक्त मिशन निदेशक डॉ. टी. शुभ मंगला सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

उल्लेखनीय है कि गणतंत्र दिवस-2026 के अवसर पर जयपुर के एसएमएस स्टेडियम में आयोजित राज्य स्तरीय समारोह में इस वर्ष राज्य सरकार के विभिन्न विभागों द्वारा नवाचारों, योजनाओं एवं जनकल्याणकारी नीतियों पर आधारित झांकियों का प्रदर्शन किया गया था। समारोह में पशुपालन, मत्स्य एवं गोपालन विभाग, सूचना प्रौद्योगिकी एवं संचार विभाग, ग्रामीण विकास विभाग, गृह विभाग (एसडीआरएफ), आयोजना विभाग, स्कूल शिक्षा विभाग, वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, चिकित्सा, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग तथा पर्यटन विभाग सहित अनेक विभागों द्वारा विभिन्न थीमों पर खूबसूरत कलात्मक झांकियों का प्रदर्शन किया गया था।

## जमीनों के फर्जी कागजात तैयार करके करोड़ों की धोखाधड़ी करने वाला गिरफ्तार

**जयपुर** । शिप्रापथ थाना पुलिस ने जमीनों के फर्जी दस्तावेजों के आधार पर लोगों से करोड़ों की ठगी करने वाले शातिर बदमाश को 9 साल की कड़ी मशक्कत के बाद गिरफ्तार कर बड़ी सफलता हासिल की है। गिरफ्तार अभियुक्तों नौ साल से फरार चल रहा था और इस पर इनाम घोषित था।

उपायुक्त दक्षिण राजर्षिराज ने बताया कि परिवादी एसडी मैसर्स शिव ज्ञान बिल्डकॉन प्राईवेट लिमिटेड के निदेशक उमंग सावलकार पुत्र सुरेश सांवलका ,गोविंद मार्ग राजापार्क निवासी ने मामला दर्ज कराया था की महादेव उर्फ महादेव बागडी व बिरदीचंद धानका ने अपने साथियों के साथ मिलकर अनेक लोगों से कूटरचित दस्तावेजा के आधार पर एक ही भूखंड को अनेक लोगों को फर्जी तरीके से बेचान कर दिया। महादेव उर्फ महादेव बागडी भू-माफिया किस्म का व्यक्ति है। ये प्लाटों के कूटरचित दस्तावेजों के आधार पर भोले-भाले लोगों को फंसाता है। मामला दर्ज होने के बाद पुलिस ने जांच-पडताल शुरु की। जिसके बाद गिरोह का मुख्य सक्रिय बदमाश शिवपाल जाट फरार हो गया।

# 'सहकारी सेक्टर को सशक्त बनाने बना रही राज्य सरकार'

**जयपुर** (कासं)। मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास ने कहा कि सहकारिता को जन-जन तक पहुंचाने के लिए पुरजोर तरीके से प्रयास किए जाएं, ताकि अधिक से अधिक लोग इससे लाभान्वित हो सकें। उन्होंने कहा कि यह प्रसन्नता का विषय है कि 'सहकार से समृद्धि' की पहलों को क्रियान्वित करने में राजस्थान देश के अग्रणी राज्यों में शामिल है। उन्होंने राज्य में सहकारी सेक्टर को और अधिक सशक्त बनाये जाने के लिए अधिकिरियों को फील्ड विजिट करने एवं किसानों से संवाद के निर्देश दिए। मुख्य सचिव सोमवार को शासन सचिवालय स्थित चिन्तन सभागार में राज्य सहकारी विकास समिति की आठवीं बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे।

बैठक में 'सहकार से समृद्धि' की विभिन्न पहलों की क्रियान्विति की समीक्षा की गई। साथ ही, राज्य में सहकारी सेक्टर को जमीनी स्तर तक और अधिक मजबूत बनाने पर भी विस्तार से चर्चा हुई। मुख्य सचिव ने ग्राम उत्थान शिविरों में बेहतरीन कार्य करते हुए योजनाओं का लाभ और जानकारी आमजन तक पहुंचाने के लिए कृषि विभाग एवं सहकारिता विभाग की सराहना की। मुख्य सचिव ने कहा कि राज्य सरकार प्रदेश में सहकारी सेक्टर को मजबूत बनाने के लिए हर संभव प्रयास कर रही है। विश्व की वृहत् अन्न भण्डारण योजना के क्रियान्वयन में राजस्थान देश में पहले स्थान पर है। उन्होंने कहा कि राजस्थान एकमात्र राज्य है जहां 500 मीट्रिक टन क्षमता के गोदामों के निर्माण के लिए राज्य सरकार द्वारा शत प्रतिशत अनुदान दिया जा रहा है। उन्होंने राजस्थान राज्य भण्डारण निगम को निर्देशित किया कि पूर्ण हो चुके 95 गोदामों को किराये पर लिया जाए। मुख्य सचिव ने राष्ट्रीय स्तर पर गठित तीन बहुराज्यीय सहकारी समितियों की सदस्यता और राज सहकार पोर्टल के एनसीडी पोर्टल के साथ इंटीग्रेशन के मामले में भी राज्य के देश में अग्रणी स्थान पर होने पर प्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने निर्देश दिए कि शीघ्र ही एक कार्यशाला आयोजित कर बहुराज्यीय सहकारी समितियों के प्रतिनिधियों एवं प्रगतिशील किसानों के मध्य संवाद करवाया जाए। बैठक में सहकारिता विभाग की शासन सचिव एवं रजिस्ट्रार, सहकारी समितियां आनन्दी ने प्रस्तुतीकरण के माध्यम से बताया कि राज्य में पैक्स कम्प्यूटराइजेशन का कार्य तीव्र गति से चल रहा है और अब तक 5952 पैक्स को गो-लाइव किया।

## सार-समाचार

### भगवान भोलेनाथ का भव्य श्रृंगार किया



**जयपुर**। राजधानी जयपुर में महाशिवरात्रि से पहले मंदिरों में भव्य आयोजनों की धूम मची हुई है। चौड़ा रास्ता स्थित ताड़केश्वर मंदिर में सोमवार को दक्षिण भारतीय संस्कृति का विशेष श्रृंगार किया गया। यहां भगवान को हल्दी लगाइ गई, इसके बाद भगवान कार्तिक का अलौकिक श्रृंगार किया गया। महंत अमन पाराशर के सानिध्य में शिव भक्तों ने पूजा-अर्चना की।

### प्राची ने हैंडबॉल में जीता कांस्य पदक



**जयपुर** । पश्चिम बंगाल के सिलीगुड़ी में आयोजित द्वितीय ऑल इंडिया पुलिस ड्यूटी मीट 2025-26 में जोधपुर पुलिस की उपनिरीक्षक प्राची गुर्जर ने हैंडबॉल प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए कांस्य पदक जीतकर राजस्थान पुलिस का नाम रोशन किया है। जोधपुर आगमन पर पुलिस कमिश्नर ओम प्रकाश ने प्राची गुर्जर को शॉल ओढ़ाकर और पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया। कमिश्नर ने कहा कि यह उपलब्धि संपूर्ण राजस्थान पुलिस बल के लिए गर्व का विषय है, जो अन्य जवानों और खिलाड़ियों के लिए प्रेरणा का स्त्रोत बनेगी। अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त मुख्यालय सुनील के. पंवार ने बताया कि प्राची गुर्जर ने राजस्थान पुलिस टीम का प्रतिनिधित्व करते हुए राष्ट्रीय स्तर पर तृतीय स्थान प्राप्त किया है। इस अवसर पर समस्त वरिष्ठ अधिकारियों ने उन्हें इस ऐतिहासिक सफलता पर बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### पैंशन विभाग का एएओ घूस लेते गिरफ्तार

**जयपुर** । भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) ने सोमवार को कार्रवाई करते हुए पेंशन विभाग लालकोठी जयपुर में पदस्थ एएओ (द्वितीय) राजेश कुमार खण्डेलवाल को दस हजार रुपए की रिश्वत लेते गिरफ्तार किया है। एसीबी मुख्यालय के निर्देश पर एसीबी टीम जयपुर नगर चतुर्थ इकाई ने यह ट्रैप कार्रवाई की। आरोपी के कब्जे से रिश्वत की राशि बरामद कर ली गई है। एसीबी पुलिस महानिरीक्षक सत्येंद्र कुमार ने बताया कि एसीबी जयपुर नगर चतुर्थ टीम को परिवादी ने शिकायत दी थी कि उसके पिता की मौत होने के बाद मां को पूरी पेंशन नहीं मिल रही है। पूरी पेंशन बनाने के एवज में पेंशन विभाग के एएओ (द्वितीय) राजेश कुमार खंडेलवाल पूरी पेंशन बनाने और पहले का एरियर बनाने की एवज में रिश्वत की मांग कर रहा है। जिसके बाद एसीबी की ओर से ट्रेप का आयोजन कर सत्यापन कर आरोपित राजेश खण्डेलवाल को रिश्वत देने के लिए परिवादी को भेजा। परिवादी से 10 हजार रुपए की रिश्वत लेते एसीबी टीम ने सोमवार दोपहर राजेश कुमार को गिरफ्तार किया । एसीबी की ओर से अन्य की भूमिका के संबंध में पूछताछ की जा रही है।

### एयरपोर्ट के पास लेजर लाइट्स पर पाबंदी

**जयपुर** । जयपुर इंटरनेशनल एयरपोर्ट के आसपास शादी-समारोहों और होटलों में इस्तेमाल होने वाली लेजर लाइट्स पर अब पूरी तरह पाबंदी लगा दी गई है। अतिरिक्त पुलिस आयुक्त (कानून एवं व्यवस्था) डॉ. राजीव पचार ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 के तहत यह प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किए है। पुलिस प्रशासन को लगातार फीडबैक मिल रहा था कि एयरपोर्ट के पास स्थित विवाह स्थलों और होटलों में होने वाले कार्यक्रमों के दौरान तेज लेजर लाइट्स और प्रकाश ऑब्जेक्ट्स का उपयोग किया जाता है। ये लाइटें आसमान में काफी ऊंचाई तक जाती हैं,जिससे विमानों के संचालन में गंभीर बाधा उत्पन्न होती है। इससे विमान दुर्घटना और जनहानि की आशंका को देखते हुए सुरक्षा के लिहाज से यह कदम उठाया गया है। अतिरिक्त पुलिस आयुक्त (कानून एवं व्यवस्था) डॉ. राजीव पचार ने आदेश जारी किया है कि जयपुर एयरपोर्ट की बाउंड्री से 5 किलोमीटर की परिधि में लेजर लाइट का उपयोग पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। यह आदेश 8 अप्रैल 2026 तक प्रभावी रहेगा।

### कलशयात्रा में सैकड़ों महिलाएं उमड़ी

**जयपुर** । ढेहर का बालाजी स्थित परसराम नगर में रविवार को विराट हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया गया। इसमें परशुराम बस्ती की सभी कॉलोनियों से बड़ी संख्या में लोग पहुंचे और सामाजिक समरसता का परिचय दिया। इस मौके पर विशाल कलशयात्रा निकाली गई। जिसमें सैकड़ों महिलाएं उमड़ पड़ी। कलशयात्रा 5 मंदिरों से प्रारंभ हुई जो कार्यक्रम स्थल के नजदीक एक साथ हो गई। यह कलशयात्रा जय श्रीराम और भारत माता के जयकारों से गूंज उठी। जगह जगह पुष्पवर्षा के साथ भव्य स्वागत किया गया। कलशयात्रा में सभी वर्गों ने उत्साह से भाग लिया। कलशयात्रा सम्मेलन स्थल पर संपन्न हुई। यहां विराट हिंदू सम्मेलन आयोजित हुआ। इसके मुख्य अतिथि वेदांती हरिशंकर दास महाराज थे। विशिष्ट अतिथि सेवानिवृत्त न्यायाधीश जगदीश प्रसाद शर्मा और कार्यक्रम के संयोजक विष्णु अवतार खंडेलवाल थे। मुख्य वक्ता आरएसएस के मनोज कुमार थे।

# गाय के बछड़े का कटा सिर देख इलाके में फैली सनसनी

- भ्रामक सनसनीखेज खबर का संजीदा तरीके से खुलासा

**जयपुर**। श्याम नगर इलाके में गाय के बछड़े का सिर काट कर लटका सूचना की सूचना से इलाके में हड़कंप मच गया और आसपास के स्थानीय लोग घटना स्थल पर जमा हो गए। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने मामले की पड़ताल कर भ्रामक सनसनीखेज खबर का संजीदा तरीके से खुलासा किया।

थानाधिकारी दलबीर सिंह ने बताया कि सोमवार को सूचना मिली थी की अशोकपुरा की गली नंबर -3 में किसी ने बछड़े का सिर काट कर लटका रखा है और मौके पर स्थानीय लोगों की भीड़ जमा है। मौके पर जाकर देखा तो एक मृत बछड़े का सिर बोरी में रखा और पास ही में एक गाय बंधी हुई थी। दलबीर सिंह ने गाय के मालिक बंटी उर्फ सत्यनारायण (46) से पूछताछ की। पुलिस पूछताछ में सामने आया है कि रविवार को उसकी गाय का बछड़ा मर गया था। इस पर उसने मृत बछड़े को नगर निगम की गाड़ी से हिंगौनिया भिजवा दिया था। बछड़े के मरने के बाद गाय ने दूध देना बंद कर दिया था। इस पर बंटी ने हिंगौनिया गौशाला से मृत गाय के बछड़े का सिर लाकर अपनी गाय के पास रख दिया, ताकी वो दूध दे सकें। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए मौके पर मौजूद सूचनाकर्ता शैलेष मीणा (21) पुत्र राजकुमार मीणा, अशोकपुरा निवासी इंद्र खोडा (21) खातीपुरा, एनबीसी रोड व गाय के मालिक बंटी उर्फ सत्यनारायण अशोकपुरा निवासी को दस्तयाब कर लिया। दलबीर सिंह ने बताया कि गाय के बछड़े के सिर काट कर चौराहे पर लटकाने जैसी भ्रामक व झूठी सूचना देने व वीडियो बनाकर वायरल करने वालों की तलाश की जा रही है।

## केमिकल से भरे ट्रक में टायर से निकली चिंगारी के कारण आग

**जयपुर** । दिल्ली-अजमेर हाईवे पर भांकरोटा थाना इलाके में सोमवार अल सुबह पुलिस की सूझबूझ से बड़ा हादसा टल गया। टायरों से निकली चिंगारी से केमिकल से भरे ट्रक ने अचानक से आग पकड ली और देखते ही देखते आग ने विकराल रुप धारण कर लिया। जिसके बाद हाईवे पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया। राहगीरों की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने दमकल विभाग की गाड़ियों के आने से पहले आग पर काबू पाने का प्रयास किया। थानाधिकारी श्रीनिवास जांगिड़ तुरंत अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने बिना किसी देरी के हाईवे पर यातायात रोक दिया और आसपास के वाहनों को सुरक्षित दूरी पर ले जाने का प्रयास किया। दमकल विभाग की गाड़ी के आने से पहले ही पुलिसकर्मियों ने मौके पर उपलब्ध अग्निशमन यंत्रों (फायर एक्सटिंग्विशर) का इस्तेमाल कर आग पर काबू पाने का प्रयास किया। पुलिस के इस प्रयास से आग पर काबू पाया गया, अन्यथा बड़ा हादसा हो सकता था। मौके पर पहुंची दमकल विभाग ने कुछ ही देर में आग पर काबू पा लिया।

## 650 किलो मिलावटी पनीर जब्त कर नष्ट किया

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर** । राज्य सरकार के 'शुद्ध आहार-मिलावट पर वार' अभियान के तहत खाद्य सुरक्षा विभाग ने सोमवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए 650 किलो मिलावटी पनीर मौके पर ही नष्ट करवाया। यह कार्रवाई बालाजी की कोठी, चौकड़ी तोपखाना स्थित मदीना डेयरी एंड बेकर्स पर की गई।

आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि नियंत्रण राजस्थान डॉ. टी. शुभमंगला के निर्देश पर तथा अभिहित अधिकारी खाद्य सुरक्षा डॉ. रवि शेखावत के नेतृत्व में खाद्य सुरक्षा अधिकारी दल, जयपुर प्रथम ने प्राप्त सूचना के आधार पर निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान डेयरी परिसर में बड़ी मात्रा में पनीर पाया गया।

जांच के दौरान फर्म मालिक मुस्तफा खान से पूछताछ की गई। पूछताछ में उसने पनीर को रामगढ़ (अलवर) से 200 प्रति किलो की दर से मंगवाना बताया। साथ ही यह भी स्वीकार किया कि उक्त पनीर तेल और मिल्क पाउडर आदि से तैयार किया गया है, जो खाद्य सुरक्षा मानकों के विपरीत है। खाद्य सुरक्षा अधिकारी दल ने खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के तहत पनीर के नमूने जांच के लिए लिए तथा जनस्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए शेष करीब 650 किलो मिलावटी पनीर को मौके पर ही नष्ट करवाया। इस संबंध में अभिहित अधिकारी डॉ. रवि शेखावत ने बताया कि निरीक्षण में पाई गई कमियों को लेकर संबंधित फर्म को नोटिस जारी किया जाएगा तथा नमूना जांच रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम, 2006 के तहत आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# घटिया तेल में तली जा रही थीं ''फ्रेंच फ्राइज'', 100 किलो सामग्री नष्ट की

## मैकडॉनल्ड्स सहित दो रेस्टोरेंट्स पर खाद्य टीम की कार्रवाई








**जयपुर**। शुद्ध आहार-मिलावट पर वार अभियान के तहत खाद्य सुरक्षा विभाग ने सोमवार को गौरव टावर स्थित दो रेस्टोरेंट पर कार्रवाई की। इस दौरान मैकडॉनल्ड्स रेस्टोरेंट में अत्यंत घटिया व स्वास्थ्य के लिए हानिकारक खाद्य तेल के उपयोग का खुलासा हुआ। टीम ने मौके पर करीब 100 किलो दूषित खाद्य सामग्री नष्ट करवाई।

आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि नियंत्रण राजस्थान डॉ. टी. शुभमंगला के निर्देश पर सीएमएचओ जयपुर द्वितीय की फूड सेफ्टी टीम ने यह कार्रवाई की।

सीएमएचओ डॉ. मनीष मित्तल ने बताया कि निरीक्षण के दौरान मैकडॉनल्ड्स में फ्रेंच फ्राइज व अन्य खाद्य पदार्थ जिस रिफाइंड पामोलीन तेल में तले जा रहे थे, उसका टीपीसी (टोटल पोलर कंपाउंड) निर्धारित अधिकतम सीमा 25 से कहीं अधिक पाया गया। उन्होंने बताया कि नॉनवेज फ्राई किए जाने वाले तेल का टीपीसी 28 और वेज खाद्य पदार्थों के लिए उपयोग किए जा रहे तेल का टीपीसी 31 पाया गया, जो स्वास्थ्य के लिए अत्यंत हानिकारक है। टीपीसी अधिक होने पर तेल विषाक्त हो जाता है, जिससे कैंसरकारक तत्व बनते हैं और ट्रांस फैट की मात्रा बढ़ जाती है, जो हृदय रोगों का बड़ा कारण है।

टीम ने पाया कि उपयोग में लिया जा रहा तेल अत्यधिक काला और अनुपयोगी हो चुका था, फिर भी लगभग 150 डिग्री सेल्सियस तापमान पर उसमें दिनभर खाद्य पदार्थ तले जा रहे थे।

मौके से करीब 40 लीटर तेल नष्ट कराया गया तथा उसके नमूने जांच के लिए लिए गए। रेस्टोरेंट मैनेजर संभव भारद्वाज को तत्काल फ्रेश तेल उपयोग में लेने के निर्देश दिए गए। खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के तहत रेस्टोरेंट को इंप्रूवमेंट नोटिस जारी किया जाएगा तथा जांच रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। इसके अलावा कोल्ड रूम में प्लास्टिक कैरेट में रखे सड़े-गले 40 किलो टमाटर भी नष्ट करवाए गए। इसी प्रकार गौरव टावर स्थित एक अन्य रेस्टोरेंट 'चाट का चस्का' में भी करीब 25 किलो दूषित खाद्य सामग्री नष्ट कराई गई और खाद्य तेल का नमूना लिया गया। कार्रवाई में खाद्य सुरक्षा अधिकारी सुशील चोटवानी, राजेश नागर सहित प्रोबेशनरी खाद्य सुरक्षा अधिकारियों की टीम शामिल रही।

ARBiT it happens here...



## Celebrating World Pulses Day : Nourishing the Planet and People

World Pulses Day, observed on February 10, highlights the importance of pulses, beans, lentils, chickpeas, and peas, in ensuring global food security, nutrition, and sustainable agriculture. Pulses are rich in protein, fibre, and essential nutrients, making them vital for healthy diets, especially in vegetarian and vegan communities. Beyond nutrition, pulses play a crucial role in environmental sustainability, enriching soil fertility and requiring less water than other crops. The day encourages governments, farmers, and consumers to promote pulse production and consumption, supporting both health and the planet. A small seed, a big impact!

राष्ट्रदूत
TUESDAY
10 February 2026
A-B

#ANCIENT EGYPTIAN ROYALTY

# The Gazelle-Head Diadem of Thutmose III

In addition to gold, the diadem incorporates a range of precious and semi-precious materials, carnelian, opaque turquoise and crizzled glass



One of the most remarkable pieces of jewelry from Ancient Egypt is an exquisitely crafted diadem attributed to the New Kingdom during the reign of Thutmose III in the 18th Dynasty. Estimated to be over 3400 years old, this diadem showcases the advanced craftsmanship and intricate artistry that defined Egypt's golden age. Today, this extraordinary piece of royal adornment is housed at the Metropolitan Museum of Art in New York, offering a rare glimpse into the opulent world of ancient Egyptian royalty.

### A Masterpiece of Materials: Gold, Carnelian, Turquoise Glass, and Crizzled Glass

The diadem measures 48 x 3 cm (18 7/8 x 1 1/8 in) and is an outstanding example of Egyptian jewelry design. Crafted primarily from gold, the diadem features detailed motifs of gazelle heads, which were central to its design. Gazelles were symbolic of grace, swiftness, and fertility in Egyptian culture, and their inclusion in royal jewelry would have carried deep symbolic meaning, possibly associated with divine protection or the renewal of life.

In addition to gold, the diadem incorporates a range of precious and semi-precious materials, including carnelian, opaque turquoise glass, and crizzled glass. The use of carnelian, a reddish-orange gemstone, adds a vibrant contrast to the gold, while the turquoise glass offers a vivid, almost otherworldly blue hue. The crizzled glass, though partially decayed over millennia, would have once shimmered with a brilliant finish, adding to the diadem's overall radiance.

The combination of these materials not only reflects the wealth and prestige of the pharaoh's court but also demonstrates the Egyptians' mastery of jewelry-making techniques. The use of glass in jewelry, particularly in the form of opaque turquoise, reveals the Egyptians' innovative approach to imitating precious stones like turquoise and lapis lazuli, which were highly valued during this period.

### The Reign of Thutmose III: A Golden Age of Egyptian Power

The diadem dates back to the reign of Thutmose III, often considered one of the greatest pharaohs of the 18th Dynasty. Known as the 'Napoleon of Egypt,' Thutmose III ruled for over 54 years, from 1479 to 1425 BCE, and during his reign, Egypt reached the height of its power. He led numerous military campaigns that expanded the empire's boundaries, and under his leadership, Egypt became the dominant power in the ancient world.

Thutmose III's reign was not only marked by military success but also by a flourishing of the arts, architecture, and culture. The period saw the construction of magnificent temples, the expansion of the Temple of Karnak, and the establishment of new trade routes that brought wealth and exotic materials into Egypt. It was a time of great artistic achievement, and objects like this diadem exemplify the opulence and refinement of the royal court.

### Acquisition of the Diadem

The diadem, along with other artifacts found in the tomb, was acquired by the Metropolitan Museum of Art in New York, where it remains a key piece in the museum's Egyptian collection. The acquisition of such objects from Egypt in the early 20th century played a crucial role in enriching public understanding of ancient Egyptian culture and artistry.



The show was based on the 2006 book *Washington's Spies: The Story of America's First Spy Ring* by Alexander Rose. The series consists of 40 episodes, and each one is action-packed. For me, it conjures up the secret war of the Revolution brilliantly. The series explores some of the most intriguing characters of the War of Independence, but most interesting for me was Ksenia Solo's interpretation of Peggy Shippen, an American woman who spied for the British, then married patriot hero Benedict Arnold and helped him defect to the British. This is a major plotline in the show's later seasons.

# The Best TV Shows About The American Revolution

#WHAT'S IN A SHOW




● Verna Mohon

Any discussion of films and TV series about the American Revolution has to start with a caveat. Historical movies have been around for as long as movies themselves, but films and TV series about the great founding event of the United States have been thin on the ground, certainly until the 21st century.

In 1917, an American director was even prosecuted for making *The Spirit of '76*, a film about the Revolution that criticized Great Britain, America's new ally. It wasn't until 1985 that Hollywood tried a big-budget retelling of the American Revolution, with Revolution. Sadly, the Al Pacino vehicle, while spectacular, had an incoherent storyline and was an unmistakable flop. Another 15 years passed before Hollywood tried again, with *The Patriot* (2000). The Mel Gibson movie was more financially successful than Revolution but arguably even less popular among the historical community.

Amid all these flops, however, a few gems emerged in a different medium: television.




## "Turn: Washington's Spies" (2014-17)




This four-season AMC TV series stars Jamie Bell as patriot spy Abraham Woodhull, who was a leading figure in George Washington's successful spy network, the Culper Ring. The show was based on the 2006 book *Washington's Spies: The Story of America's First Spy Ring* by Alexander Rose.

The series consists of 40 episodes, and each one is action-packed. For me, it conjures up the secret war of the Revolution brilliantly. The series explores some of the most intriguing characters of the War of Independence, but most interesting for me was Ksenia Solo's interpretation of Peggy Shippen, an American woman who spied for the British, then married patriot hero Benedict Arnold and helped him defect to the British. This is a major plotline in the show's later seasons.

The series' main villain is British officer John Graves Simcoe (Samuel Roukin), whose historical counterpart was a very different character to the one portrayed in the series. His memoir is a key primary source for the British experience of the war. I have been lucky enough to read Simcoe's handwritten copy.

## "John Adams" (2008)





This wonderful HBO mini-series stars Paul Giamatti as John Adams and Laura Linney as Abigail Adams, the power couple of the American Revolution. The series is based on the 2001 book *John Adams* by David McCullough. Linney and Giamatti both won Emmy Awards for the show and brilliantly portray their complex but likable characters.

Although John is the one whose name is in the title, his wife, Abigail, has an equal role in the series. My favourite scene shows Abigail putting herself and her children in smallpox quarantine in Revolutionary-era Boston. This happened as shown and sheds light on the bizarre regime in which doctors would deposit fluid from smallpox vesicles into an incision on a person's arm. Patients would then shut themselves away for at least two weeks in the hope of catching a lighter version of the disease while building immunity.

The series creates a great picture of two hugely influential figures in the Revolution and the history of the U.S. The couple arguably established many of the key features of the roles of president and first lady. They wrote each other thousands of letters over their 54-year marriage, but the most fascinating is Abigail's letter to John on the eve of the signing of the Declaration of Independence. (John was instrumental in getting the Declaration passed by Congress.) She urges John to 'remember the ladies.' The letter is a hugely important early feminist document, which is now widely used as a teaching aid.

## "Liberty! The American Revolution" (1997)





If there was just one film or TV series that inspired me to study and write about the American Revolution, it was this six-part documentary. It reached me at exactly the right time.

The PBS series contains contributions from some of the key historians of the Revolution, such as Pauline Maier, Gordon S. Wood and Bernard Bailyn. It also has readings of the words of participants on both sides of the Revolution by actors, including Philip Seymour Hoffman. The wide-ranging coverage spawned an excellent tie-in book.

While 'Liberty!' did not neglect to show the diversity of the American Revolution, more attention could have been paid to the contributions of women, African Americans and Indigenous Americans. Historian Gary B. Nash's 2005 book, *The Unknown American Revolution: The Unruly Birth of Democracy and the Struggle to Create America*, was a key work in recognizing this diversity. There have been other documentaries on the American Revolution, but it was this one that shaped the course of my career in history. In November 2025, PBS aired another six-part documentary about America's founding conflict.

To create the series, titled 'The American Revolution,' co-directors Ken Burns, Sarah Botstein and David Schmidt, spent more than nine years interviewing scholars and conducting archival research.

## "Franklin" (2024)




This Apple TV+ mini-series is based on the 2005 book *A Great Improvisation: Franklin, France and the Birth of America* by Stacy Schiff. It chronicles Benjamin Franklin's attempts to negotiate an alliance with France during the War of Independence.

Directed by Tim Van Patten and featuring a strong performance by Michael Douglas in the titular role, the series covers some of the same historical ground as 'John Adams.' Both the second president (played in 'Franklin' by Eddie Marsan) and Franklin spent much of the Revolutionary War in Europe attempting to secure alliances with European powers.

This series is very entertaining and gives a warts-and-all picture of Franklin as a septuagenarian. For an account of the young Franklin, his autobiography is well worth a read, and it also masterfully captures life in Colonial Pennsylvania.

## "Hamilton" (2020)

While technically a televised stage show (available to watch on Disney+), Hamilton is undoubtedly the most popular work of media with a Revolutionary theme.




Drawing on Ron Chernow's 2004 biography of the first U.S. Treasury secretary, Alexander Hamilton, Lin-Manuel Miranda's hip-hop musical tells the tale of its eponymous founding father with amazing energy and humor.

I have been intrigued by the musical's antihero and villain, Aaron Burr, since reading Gore Vidal's novel *Burr* (1973) as a teenager. Leslie Odom Jr. does a wonderful job of portraying the conflicted third vice president. Jonathan Groff, meanwhile, nearly steals the whole show as George III, despite appearing for only a few minutes.

The musical covers the years 1776 to 1804 without seeming to miss many momentous events. While the best way to see Hamilton is live, watching the filmed adaptation is the only way to enjoy the show with the original Broadway cast. Historically, the musical takes some liberties, Hamilton was not as enlightened on the subject of slavery as it suggests, for example, but it gives a wonderful impression of the Revolutionary era.

*rajeshsharma1049@gmail.com*

#ETIQUETTE

# You Did 'What' at the Table?

## European Dining Rules Americans Break Without Knowing

Traveling abroad often reveals cultural quirks you didn't even know you had, especially when it comes to food etiquette. For Americans visiting Europe, dining can be a minefield of unwritten rules, many of which are sacred to locals. To Europeans, food is not just about what you eat, it's when, how, and even why. So, when an American asks for a cappuccino after dinner or adds ice to their wine, jaws quietly drop.

Here are some of the most common, and often unintentionally hilarious, ways Americans break European dining rules.



### 1. Ordering a Cappuccino After Breakfast

In Italy (and much of southern Europe), cappuccino is a breakfast drink, full stop. It's something you sip with a pastry in the morning, never after a meal. So, when tourists ask for a frothy, milk-heavy cappuccino after lunch or dinner, Italians may raise an eyebrow. Why? Culturally and digestively, milk is seen as too heavy after a meal, potentially interfering with digestion.

**Insider tip:** After a meal in Italy, order an espresso. It's short, strong, and culturally correct.

### 2. Putting Ketchup on Everything

Ketchup on fries? Fine. Ketchup on pasta, pizza, steak, or eggs? Prepare for a quiet existential crisis from your European hosts. In many parts of Europe, especially in Italy and France, ketchup is viewed as something for children, or for very specific foods. Adding it to carefully prepared dishes can feel like a culinary insult.

**Worst offence:** Asking for ketchup in an Italian trattoria, especially with pasta.

### 3. Eating Bread Before the Meal Arrives

In many European countries, bread is part of the meal, not a warm-up act. It's meant to



accompany the main dish, soak up sauces, or be enjoyed with cheese, not devoured the moment it hits the table.

Americans, used to being served free bread and butter before the appetizer, often munch through the entire basket before anything else arrives. For Europeans, that's like eating the side dish before the main course shows up.

Hands off the bread, wait for the meal.

### 4. Adding Ice to Wine or Beer

In the U.S., ice is a default, in water, soda, tea, and sometimes even beer or wine. But in Europe, adding ice to alcoholic drinks, particularly wine, is seen as a mark of low taste (and a fast way to ruin a good vintage). Wine is served at a proper temperature, carefully chosen to complement the meal. Adding ice dilutes the flavor and disrupts the balance, a culinary faux pas, especially in France, Spain, or Italy.

Want your drink cold? Ask for it chilled, but skip the ice.

### 5. Cutting Spaghetti With a Knife

For Italians, seeing someone cut spaghetti with a knife is like watching someone cut sushi with a spoon, it just feels wrong. Spaghetti is meant to be twirled, either with a fork alone or with the help of a spoon (though, purists will say just the fork). Using a knife to chop it into bite-sized pieces is considered something only children or the hopelessly confused should do.

**Pro move:** Learn the fork twirl, it's both elegant and expected.

### Why These 'Rules' Matter

To Americans, these European customs may seem overly formal or even unnecessary. After all, food is about enjoyment, right? True, but in Europe, meals are about culture, tradition, and respect. The way food is served, eaten, and even discussed carries a history that spans centuries. So, while Europeans may not scold you for cutting your spaghetti or icing your wine, they will notice, and might quietly judge.

"When in Rome" isn't just a saying, it's a survival guide.

### Conclusion: The Table Is Sacred

Traveling is about more than seeing the sights, it's about immersing yourself in how other people live, eat, and think. And at the table, nowhere is that more visible than in Europe.


So, if you're planning a trip across the pond, remember:

- Save your cappuccino for the morning.
- Don't drown your food in ketchup.
- And never, ever cut your spaghetti with a knife.

The locals will thank you, and you just might discover a deeper, slower, and more delicious way to enjoy your meals.



## THE WALL





## BABY BLUES

By Rick Kirkman & Jerry Scott




## ZITS

By Jerry Scott & Jim Borgman



# जोधपुर के दो व्यापारियों से दो करोड़ रुपये की रंगदारी मांगी

## कॉल करने वाले ने खुद को कुख्यात गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई का भाई आरजू बिश्नोई बताया

- काल करने वाले ने कहा कि जीना चाहते हो तो दो दिन में पैसे तैयार रखो, दो दिन बाद फिर कॉल करूंगा
- पुलिस आयुक्त के निर्देश पर दोनों व्यवसायियों दीपक और मनीष को सुरक्षा के लिए दो गनमैन उपलब्ध कराए

**जोधपुर, (कासं)।** शहर के दो कारोबारियों को लारेंस के नाम पर दो करोड़ की रंगदारी के लिए धमकी मिली है। कारोबारियों ने पुलिस आयुक्त को इस बारे में बताया और अब चौपासनी हाउसिंग बोर्ड थाने में रिपोर्ट दी है। कॉलिंग के लिए इंटरनेट का इस्तेमाल किया गया है। आरोपियों ने दो दिन में दो करोड़ रंगदारी मांगी है, अन्यथा अंजाम भुगतने को कहा है। फिलहाल पुलिस अब गहनता से इस बारे में अनुसंधान में जुटी है। कॉल करने वाले ने खुद को कुख्यात गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई का भाई आरजू बिश्नोई बताया और कहा कि जीना चाहते हो तो दो दिन में पैसे तैयार रखो, दो दिन बाद फिर कॉल करूंगा।

**व्यवसायी घबराकर पुलिस के पास पहुंचे :-**बताया गया कि धमकी इतनी गंभीर थी कि दोनों कारोबारी घबरा गए और तुरंत पुलिस की शरण में पहुंचे। खतरे की आशंका को देखते हुए पुलिस आयुक्त ओमप्रकाश के निर्देश पर दोनों व्यवसायियों दीपक और मनीष को सुरक्षा के लिए दो गनमैन उपलब्ध कराए गए हैं।

**इंटरनेट कालिंग से धमकाया :-**शास्त्री नगर के विजय नगर निवासी व्यवसायी दीपक और मनीष के मोबाइल पर 6 फरवरी की रात करीब 10 बजे इंटरनेट कॉल (वीपीएन के जरिए) आए। कॉल करने वाले ने एक-एक कर दोनों से बात की और खुद को लॉरेंस बिश्नोई का भाई आरजू बिश्नोई बताया। कॉलर ने न सिर्फ 2 करोड़ की मांग रखी, बल्कि यह भी साफ कर दिया कि पैसे नहीं मिले तो अंजाम भुगतना पड़ेगा। फिलहाल पुलिस तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर कॉल की लोकेशन और नेटवर्क खंगालने में जुटी है।

**आठ नौ साल पहले जोधपुर में लारेंस नाम का खौफ :-**आठ नौ साल पहले लारेंस के नाम का टेरर जोधपुर के कारोबारियों पर मंडराया था। जोधपुर में रहे पुलिस तत्कालीन पुलिस आयुक्त अशोक राठौड़ ने लारेंस और उसकी गैंग से छुटकारा दिलाया था।

उस वक्त सरदारपुरा सी रोड पर एक कारोबारी की गोली मारकर हत्या भी हुई थी। निजी ट्रेवल एजेंसी संचालक को कई बार जान की धमकियां मिल चुकी है। उसी समय उसके घर के बाहर भी पुलिस का पहरा बैठाया गया था। एक बार फिर से लारेंस नाम की धमकी से कारोबारियों में खौफ बनता दिख रहा है। फिलहाल जांच पड़ताल के बाद ही स्थिति स्पष्ट हो पाएगी।

# डूंगरपुर में मुंबई के दो फोटोग्राफर से नगदी व कैमरे लूटे

- दो बाइक पर आए छह बदमाशों ने हाइवे पर बंधकर बनाकर चाकू, तलवार और पत्थरों से हमला किया

**डूंगरपुर, (निसं)।** बिछीवाड़ा थाना इलाके में नेशनल हाइवे-48 पर बरोठी के पास कार सवार मुंबई के 2 फोटोग्राफर को बंधक बनाकर लूटपाट की वारदात हुई। चाकू, तलवार और पत्थरों से हमला किया, जिसमें कार ड्राइवर घायल हो गया। दो बाइक पर आए छह बदमाशों ने 20 हजार कैश, कार और फोटोग्राफर के कैमरे लूट लिए और फरार हो गए। पुलिस आरोपियों की तलाश में जुटी हुई है।

डूंगरपुर डीएसपी तपेंद्र कुमार ने बताया कि अमरसिंह सिसोदिया निवासी रानावाडा उदयपुर ने रिपोर्ट में बताया कि वह एक कंपनी का कार ड्राइवर है। मुंबई के फोटोग्राफर किरण पंवार निवासी पुणे, अमय कुमार निवासी मुंबई दोनों उदयपुर में एक इवेंट में फोटोग्राफी करने आए थे। रविवार रात करीब 11.30 बजे दोनों फोटोग्राफर को कार से लेकर अहमदाबाद एयरपोर्ट छोड़ने के लिए जा रहे थे। नेशनल हाइवे-48 पर रात करीब दो बजे बिछीवाड़ा थाना क्षेत्र में बरोठी के पास कार में पेट्रोल खत्म हो गया। ड्राइवर अमरसिंह कार को हाइवे के किनारे खड़ी कर पेट्रोल पंप पर पेट्रोल लेने गया। दोनों फोटोग्राफर कार में ही बैठे रहे। इस दौरान एक बाइक पर तीन नकाबपोश बदमाश आए।

बदमाशों ने आते ही उनके साथ मारपीट शुरू कर दी। चाकू, तलवार दिखाकर डराया धमकाया और पैसे मांगे। मना करने पर मारपीट करते हुए उन्हें बंधक की तरह कार के बाहर नीचे बैठा दिया। दोनों से मारपीट कर कार की तलाशी ली। इस दौरान एक बैग से 2०0 जार रुपए लूट लिए। वही बैग से लैपटॉप, कैमरे निकाल लिए। बदमाशों ने अमय कुमार के हाथ में पहली घडी भी उतार ली।

इस दौरान ड्राइवर अमरसिंह आ गया। बदमाशों ने उसके साथ भी मारपीट की। अमरसिंह के विरोध करने पर उसे तलवार से मारने की कोशिश की। अमरसिंह तलवार के हमले से बच गया, लेकिन उसके सिर पर बदमाशों ने पत्थर मार दिया। जिससे वह लहूलुहान हो गया। उसी दौरान छिपकर बैठे बदमाशों के तीन साथी भी बाइक लेकर और आ गए। सभी ने मिलकर मारपीट की। इसके बाद कार में पेट्रोल डालकर आरोपी कार लूटकर फरार हो गए। कार में मुंबई के दोनों फोटोग्राफर के महंगे ब्रांड के कैमरे के साथ ही कैश भी लूट लिया। वहीं बदमाशों ने पथराव भी किया, जिससे उन्हें चोटें आईं। सूचना के बाद गश्त पुलिस टीम मौके पर पहुंची, लेकिन बदमाश पथराव करते हुए कार लेकर फरार हो गए। पुलिस अब बदमाशों की तलाश कर रही है।

# अवैध गांजा व शराब जब्त, आरोपी गिरफ्तार



टोंक में पुलिस ने अवैध गांजा जब्त किया।

**टोंक, (निसं)।** अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मालपुरा पुष्पेन्द्र सिंह सोलंकी के निर्देशन में जिला स्पेशल टीम प्रभारी ओमप्रकाश के नेतृत्व में गठित टीम ने सोमवार को मालपुरा क्षैत्र के दूदू रोड पर शिवम बेकरी पर छापा मार कर आरोपी सांवरमल पुत्र नाथू लाल बैरवा निवासी दूदू रोड मालपुरा को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 50 हजार का एक किलो अवैध मादक पदार्थ गांजा एवं देशी शराब तथा खरीद फरोख्त राशि 15290 रुपए जब्त की है।

कार्यवाही के बाद थाना मालपुरा पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस व एक्साइज एक्ट में मामला दर्ज कर अनुसंधान शुरु किया है। पुलिस ने बताया कि आरोपी लगातार मालपुरा इलाके में छोटे-छोटे पैकेट बनाकर गांजे की सप्लाई करता था। इसके अलावा डीएसटी टीम ने कोतवाली थाना क्षेत्र के कालीपलटन में सट्टा खाईवाली करते हुए 10 आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 35085 नकद राशि व सट्टा खाईवाली की हिसाब की 16 डायरियां जब्त की है। आरोपियों के कब्जे से 5 मोबाइल फोन भी जब्त किए गए। डीएसटी प्रभारी ओमप्रकाश ने बताया कि कोतवाली थाना क्षेत्र के कालीपलटन ईलाके में सट्टा चलाते संचालक किशोर पुत्र कंवरीलाल खंगार को सट्टा खाईवाली करते हुए अन्य 10 लोगों को हिरासत में लिया गया। टीम ने बताया कि आरोपी काफी लम्बे समय से कल्याण नाईट, मधूर मोरनिंग, मधुर नाईट, मधुर डे, मिलन डे, मिलन नाईट, श्री नाईट, श्री डे आदि के नाम से सट्टा खाईवाली करते हुए मौक से डिटेन किया गया।

# अजमेर में सूने मकान को चोरों ने निशाना बनाया

- नकदी, जेवर और पासपोर्ट चोरी कर फरार हो गए चोर

**अजमेर, (कासं)।** शहर के क्रिश्चियनगंज थाना क्षेत्र स्थित ईदगाह गली नंबर एक, मस्जिद वाली गली में रहने वाले अब्दुल रहमान के सूने मकान को अज्ञात चोरों ने निशाना बना लिया। चोर रोशनदान के रास्ते मकान में दाखिल हुए और अंदर रखे सामान को खंगालते हुए नकदी, जेवर और पासपोर्ट चोरी कर फरार हो गए।

मकान मालिक अब्दुल रहमान ने बताया कि शब-ए-बरात के त्यौहार के चलते उनके बच्चे और पत्नी अपने पीहर गए हुए थे। अब्दुल रहमान स्वयं पुष्कर रोड स्थित एक होटल में कुक का काम करता है और त्योहार के कारण वह भी पिछले दो दिनों से घर नहीं आया था। घटना का खुलासा तब हुआ जब पड़ोसियों ने मकान के मुख्यद्वार पर लगा ताला टूटा हुआ देखा और इसकी सूचना अब्दुल रहमान को दी। सूचना मिलने पर जब वह घर पहुंचा तो देखा कि चोरों ने मकान के अंदर रखा सामान बिखेर दिया है।


चोर एक बक्से में रखे करीब सात हजार रुपये नकद, सोने की चेन, कानों के जेवरात सहित अन्य सामान चोरी कर ले गए। इसके अलावा महत्वपूर्ण दस्तावेजों में शामिल पासपोर्ट भी चोरी हो गया। घटना की सूचना मिलने पर क्रिश्चियनगंज थाना पुलिस मौके पर पहुंची और वारदात स्थल का मौका मुआयना किया। पुलिस ने आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले और अज्ञात चोरों की तलाश की जा रही है।

# मसूदा क्षेत्र में दिखे दो लैपर्ड व शावक

**मसूदा, (निसं)।** मसूदा नगर पालिका के बाहरी क्षेत्र में रहकर लोगों को भयभीत करने वाले पैंथर ने नगर पालिका क्षेत्र में दो लैपर्ड व शावक ने आहट दे दी है। मामले के अनुसार मसूदा कस्बे के सदर बाजार निवासी भागचंद सोनी खेत पर निगरानी हेतु गए थे। इसी दौरान खेत के बीचों-बीच लगे एक बड़े पेड़ पर दो पैंथर आराम करते नजर आए, जिससे घबराकर भागचंद सोनी कस्बे में आ गए एवं मामले की जानकारी कस्बेवासियों को दी, जिसको लेकर मौके पर कस्बेवासियों के पहुंचने पर दो पैंथर एवं चार शावक खेत की बाड़ लांघकर समीप ही बजरंगलाल शर्मा के खेत में से होते हुए मुन्नालाल तेली के खेत में उगी सरसों की फसल में घुसकर छुप गए। उसकी सूचना कस्बे वासियों ने वन विभाग को दी। मौके पर पहुंचे वनपाल हजारीलाल ने सभी कस्बेवासियों को खेत से दूर रहने की सलाह दी।

# जल संसाधन मंत्री ने निर्माणाधीन चंबल एक्वाडक्ट कार्य स्थल का निरीक्षण किया

**जयपुर/ बूंदी।** पूर्वी राजस्थान के 17 जिलों के लिए संशोधित पार्वती-कालीसिंध-चंबल लिंक परियोजना (राम जल सेतु लिंक परियोजना) वरदान साबित होगी। इस जीवनदायिनी परियोजना के प्रगतिरत कार्यों का निरीक्षण करने सोमवार को जल संसाधन मंत्री सुरेश सिंह रावत बूंदी के गुहाटा पहुंचे। उन्होंने निर्माणाधीन चंबल एक्वाडक्ट कार्य स्थल पर अभियंताओं से चर्चा कर परियोजना की विस्तृत जानकारी ली। रावत ने करीब दो किलोमीटर पैदल चलकर हर एक पॉइंट का गहनता से निरीक्षण किया। उन्होंने चंबल एक्वाडक्ट के कार्यों को गुणवत्ता के साथ तय समय में पूरा कराने के निर्देश दिए।



जल संसाधन मंत्री सुरेश सिंह रावत ने बूंदी के गुहाटा पहुंचकर निर्माणाधीन चंबल एक्वाडक्ट कार्य स्थल पर अभियंताओं से चर्चा कर परियोजना की जानकारी ली।

- चम्बल नदी पर 2.3 किलोमीटर लम्बाई में एक्वाडक्ट का निर्माण किया जा रहा है, जिसे जून, 2028 तक पूरा कर लिया जाएगा : रावत
- जल संसाधन मंत्री रावत ने करीब दो किलोमीटर पैदल चलकर हर एक पॉइंट का निरीक्षण किया और कार्यों को गुणवत्ता के साथ तय समय में पूरा कराने के निर्देश दिए

जल संसाधन मंत्री ने बताया कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के कुशल नेतृत्व में सतत् प्रयासों से जल सुरक्षा की दिशा में एक्वाडक्ट मील का पत्थर साबित होगा। इसके कार्य मिशन मोड पर किए जा रहे हैं। चम्बल नदी पर 2.3 किलोमीटर लम्बाई में एक्वाडक्ट का निर्माण किया जा रहा है, जिसे जून, 2028 तक पूरा कर लिया जाएगा। रावत ने बताया कि राम राम सेतु लिंक परियोजना के प्रथम चरण के पैकेज-2 के अंतर्गत 2 हजार 330 करोड़ रुपए की लागत से एक्वाडक्ट बनाया जा रहा है। यह एक छोर में कोटा जिले की दीगोद तहसील के पीपलदा समेल गांव और दूसरे छोर में बूंदी जिले के इंद्रगढ़ तहसील के गुहाटा गांव से जुड़ेगा। इसके बनने से कालीसिंध नदी पर निर्मित नवनेरा बैराज से पानी पम्प हाउस से लिफ्ट कर मेज नदी में छोड़ा जाएगा। इसके बाद मैज बैराज से पम्प हाउस व फीडर के जरिए गलवा बांध तक और वहां से बीसलपुर और ईसरदा बांध में पहुंचाया जाएगा। इस एक्वाडक्ट के बनने से आमजन को आवागमन के लिए अतिरिक्त मार्ग भी उपलब्ध होगा। चम्बल नदी पर बन रहे एक्वाडक्ट की लम्बाई 2280 मीटर है। एक्वाडक्ट की आंतरिक चौड़ाई 41.25 मीटर और ऊंचाई 7.7 मीटर है। मई, 2025 में कार्य शुभारंभ किया गया। इस दौरान रावत ने विभाग के अभियंताओं और श्रमिकों द्वारा समयबद्ध कार्यों को गति देने के लिए तारीफ की।

रावत ने बताया कि यह परियोजना मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की दूरदृष्टि और जनकल्याण के प्रति प्रतिबद्धता का सबसे बड़ा उदाहरण है। जल संकट के स्थायी समाधान की दिशा में यह परियोजना प्रदेश के लिए जीवनदायिनी सिद्ध होगी और मुख्यमंत्री शर्मा के नेतृत्व में राजस्थान जल आत्मनिर्भरता की ओर मजबूती से अग्रसर होगा। रावत ने बताया कि ईआरसीपी को वृहद स्वरूप देते हुए संशोधित पार्वती-कालीसिंध-चम्बल लिंक परियोजना (लगभग 90 हजार करोड़ रूपए) तैयार की गई है। परियोजना के प्रथम चरण में राज्य के 17 जिलों की लगभग 3 करोड़ 25 लाख आबादी को पेयजल सुविधा उपलब्ध होगी। साथ ही, सिंचाई एवं उद्योगों के लिए भी जल उपलब्ध होगा। इससे प्रदेश के आर्थिक एवं सामाजिक विकास को नई दिशा मिलेगी। निरीक्षण के बाद रावत ने अभियंताओं के साथ समीक्षा बैठक ली।

# बैंक से 2.92 करोड़ का लोन लेकर धोखाधड़ी की

## दाल मिल लगाने के लिए एक फर्म ने लोन लिया था

**बीकानेर, (निसं)।** स्टेट बैंक ऑफ इंडिया की अलग-अलग शाखाओं से लोन लेकर करोड़ों रुपए की धोखाधड़ी करने के दो अलग-अलग मामले सामने आए हैं।

खारा औद्योगिक क्षेत्र में दाल मिल लगाने के लिए एक फर्म ने एसबीआई की रानी बाजार औद्योगिक क्षेत्र की शाखा से 2023 में दो करोड़ का टर्म लोन लिया था। फर्म को एक करोड़ की कैश क्रेडिट लिमिट दी गई थी। लोन के डिस्बर्समेंट के समय अन्य सप्लायर्स से मशीनरी की खरीद दिखाकर उसके खाते में लोन की रकम जमा कराई गई। आरोप है कि बैंक की बिना सहमति मशीनरी की संख्या भी बढ़ा दी गई। इस धोखाधड़ी से ऋणी और गारंटरों को दो करोड़ 92 लाख 67 हजार 900 रुपए का फायदा हुआ। बैंक लोन की वसूली न होने एवं दृष्टिबंधक माल के खुर्द-बुर्द होने के कारण बैंक को इतना ही नुकसान पहुंचा है। बैंक को दिए गए कोटेशन बिल और रसीद के आधार पर जो प्रस्तावित प्लांट एवं मशीनरी संबंधित फर्म से खरीद की जानी थी, वो मौके पर नहीं मिली। शाखा प्रबंधक आशीष गुप्ता ने मैसर्स साइनिंग लिंक्स प्राइवेट लिमिटेड के पूर्व व मैसर्स ड्यून्स प्राइम लिमिटेड के वर्तमान निदेशक नंदकिशोर बजाज, नीरज जोशी, चित्रा भाटी, तपस गहलोत, कविता भाटी, करणी सिंह भाटी, ललित कुमार भाटी के खिलाफ कोटगेट थाने में मुकदमा दर्ज कराया है।

# कैफे में देर रात तक तेज म्यूजिक बजाने पर हंगामा

- पुलिस ने संचालक को हिरासत लिया

**उदयपुर, (कासं)।** शहर के अंबामाता थाना क्षेत्र में चांदपोल स्थित जाडा गणेशजी के पास बने अनप्लान कैफे में देर रात तक तेज म्यूजिक बजने से क्षेत्र में तनाव की स्थिति बन गई। नाराज क्षेत्रवासियों ने कैफे के बाहर एकत्रित होकर हंगामा कर दिया और नारेबाजी की। सूचना मिलते ही अंबामाता थाना पुलिस मौके पर पहुंची, जहां पुलिस ने साउंड सिस्टम जब्त कर कैफे संचालक प्रदीप परिहार को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी।

क्षेत्रवासियों का कहना है कि रोज कैफे रात करीब 12 से 1 बजे तक खुला रहता है। टूरिस्ट नशे की हालत में कई बार झगड़ते हुए निकलते हैं। बाहर अव्यवस्थित गाड़ियां पार्क करते हैं जिससे आने-जाने वालों को परेशानी होती है। देर रात तक तेज साउंड बजाने से लोग ठीक से सो नहीं पाते। उन्होंने बताया कि इसकी शिकायत कई बार पुलिस प्रशासन को की गई लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। क्षेत्रवासियों ने पुलिस प्रशासन से रेस्टोरेंट संचालक के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है।

एसआई अजयराज सिंह ने बताया कि लोगों की शिकायत थी कि कैफे में देर रात तक टूरिस्ट आते हैं और उनके मनोरंजन के लिए तेज आवाज में साउंड बजाया जाता है। जिससे आसपास लोग परेशान हैं। पुलिस जाब्ता मौके पर पहुंचा और साउंड सिस्टम जब्त किया। वहीं उन्होंने बताया कि रेस्टोरेंट संचालक प्रदीप परिहार को भी हिरासत में पूछताछ की। संचालक ने पूछताछ में बताया कि एक स्थानीय युवक कैफे में आया और ड्रिंक की डिमांड करते हुए इनोसेंस पैदा करने लगा। उसे मना किया तो विरोध पर उतर आया। एसआई ने बताया कि मामले में जांच जारी है।

# जेल में जर्दे के पैकेट फेंके, दो जनों को पकड़ा

बीकानेर, (निसं)। देर रात एक बजे के बाद दो शख्स जेल परिसर में घुस गए। दीवार के ऊपर से बंदियों के लिए जर्दे के पैकेट फेंके। टॉवर पर ड्यूटी कर रहे आरएसी के जवानों की नजर पड़ी तो दोनों लोगों का पीछा कर पकड़ लिया। पुलिस पूरे मामले की जांच करेगी।

जानकारी के अनुसार नोखा में रासीसर बड़ा निवासी मूलाराम उर्फ मूलचंद एवं जामसर में मोलानिया निवासी ओमप्रकाश रात को एक बजे बाद जेल परिसर में घुस गए। दोनों ने टॉवर संख्या 4 और 6 के बीच पहुंचकर जेल की मुख्य दीवार के ऊपर से बंदियों के लिए जर्दे के पैकेट फेंक दिए। इस दौरान टॉवर संख्या एक पर ड्यूटी कर रहे आरएसी के जवान सुभाषचन्द्र की नजर पड़ी और शक हुआ तो उसने टॉवर संख्या 4 पर ड्यूटी कर रहे आरएसी के जवान धनसिंह को सूचना दी। आरएसी डी कंपनी की13वीं बटालियन के जवान सतर्क हो गए जिन्हें देखकर दोनों अभियुक्त मौके से भागने लगे। जवानों ने उनका पीछा किया और बजरी की खानों की तरफ़ दोनों को पकड़ लिया। उनके पास से जर्दे के तीन पैकेट बरामद हुए। पूछताछ में बताया कि 7 पैकेट अंदर फेंके थे। आरएसी के जवानों ने जेल कार्मिकों को सूचना दी तो मुख्य प्रहरी कबीर व महिला प्रहरी अंगूरी मीणा अस्पताल के पास पहुंचे और खोजबीन की तो वार्ड नंबर 6 में बैरक संख्या 22 के पीछे जर्दे के 2 पैकेट बरामद हो गए। बैरक की छतपर तलाशी ली तो वहां से 5 पैकेट और मिल गए। जर्दे के कुल 10 पैकेट बरामद हुए जिन पर ब्राउन टेप लगा रखी थी। पकड़े गए दोनों अभियुक्त और जर्दे के पैकेट बीछवाल थाना पुलिस को सौंप दिए।

# विराटनगर में ट्रांसफार्मरों से सामान चोरी

**पावटा, (निसं)।** विराटनगर पुलिस थाना क्षेत्र में विद्युत ट्रांसफार्मर चोर गिरोह बेखौफ होकर चोरी की वारदातों को अंजाम दे रहे हैं। ऐसा ही एक मामला पालड़ी ग्राम व पालड़ी तिराहे का है जहा सड़क के पास लगे विद्युत ट्रांसफार्मर को अज्ञात चोर तोड़कर उसमें से कीमती सामान कॉपर की वायर व ऑयल चुराकर फरार हो गए। सुबह ग्रामीणों ने जब विद्युत ट्रांसफार्मर टूटा हुआ देखा तो पुलिस के खिलाफ ग्रामीणों का गुस्सा फूट पड़ा।

ग्रामीणों का आरोप है कि पुलिस को सूचना दिए लगभग तीन घंटे हो गए, लेकिन पुलिस मौके पर नहीं पहुंची। विद्युत विभाग के कर्मचारी मौके पर पहुंचे और घटना स्थल का जायजा लिया। ग्रामीणों का कहना है कि अगर पुलिस ने अब भी सख्ती नहीं दिखाई तो हालात और बिगड़ेंगे। ग्रामीणों का कहना है कि इस चोर गिरोह का जल्द से जल्द पर्दाफाश किया जाए ताकि ऐसी वारदातें दुबारा नहीं हो। वहीं बागावास चौरासी के पास शनिवार रात बदमाशों ने ट्रांसफार्मर को निशाना बना उसे पोल से उतारकर तोड़ दिया और उससे कॉपर तथा तेल चोरी कर ले गए। घटना के चलते पूरे इलाके की बिजली आपूर्ति बाधित रही। जिससे ग्रामीणों को रातभर अंधेरे में भारी परेशानी झेलनी पड़ी। रविवार सुबह ग्रामीणों को ट्रांसफार्मर क्षतिग्रस्त अवस्था में मिला, जिसके बाद उन्होंने बिजली विभाग को सूचना देकर नया ट्रांसफार्मर शीघ्र लगाने की मांग की। सूचना पर बिजली विभाग के लाइनमैन विनोद कुम्हार तथा भाबरू थाने से पुलिसकर्मी रामरतन बैरवा व अशोक मौके पर पहुंचे और घटना की जानकारी ली।

# इंश्योरेंस के नाम पर 20.50 लाख ठगने वाले दो शातिर गिरफ्तार

- दौसा पुलिस ने दिल्ली में फर्जी कॉल सेंटर का पर्दाफाश किया
- पुलिस ने 10 मोबाइल फोन, 19 सिम कार्ड और एक लैपटॉप जब्त किया

**दौसा, (निसं)।** सायबर थाना पुलिस और सायबर सेल की संयुक्त टीम ने दिल्ली में चल रहे एक संगठित फर्जी कॉल सेंटर का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने इंश्योरेंस पॉलिसी के नाम पर लालसोट के एक व्यक्ति से 20 लाख 50 हजार रुपये की ठगी करने वाले दो मास्टरमाइंड अपराधियों को गिरफ्तार किया है।

जानकारी के अनुसार लालच का जाल और 20 लाख 50 हजार की ठगी का यह खेल 22 जनवरी को सामने आया, जब राजौली (लालसोट) निवासी नंदकिशोर बैरवा ने रिपोर्ट दर्ज कराई। ठगों ने सौरभ अग्रवाल बनकर पीड़ित को फोन किया और खुद को एसबीआई इंश्योरेंस का दिल्ली हेड ऑफिस कर्मचारी बताया। पीड़ित को झांसा दिया गया कि उनकी पॉलिसी का शेयर मार्केट में लगा पैसा बढ़ गया है और 2 लाख 47 हजार रुपये का बेनिफिट लैप्स होने वाला है। इसके बाद ठगों ने अलग-अलग किरदार निभाए कोई अकाउंटेंट आर.के. भंडारी बना तो कोई सीनियर अकाउंटेंट रुद्रवीर। एनओसी, गोल्ड फाइल चार्ज और टैक्स के नाम पर गुमराह कर आरोपियों ने पीड़ित से 20 लाख 50 हजार 998 रुपये विभिन्न खातों में ट्रांसफर करवा लिए। एसपी के निर्देश पर गठित विशेष टीम ने तकनीकी साक्ष्यों का पीछा करते हुए दिल्ली के गोविंदपुरी और लोनी बॉर्डर इलाके में दबिश दी। पुलिस ने मौके से दो आरोपियों मुकेश कुमार निवासी अमरोहा (यूपी), हाल निवासी गोविंदपुरी दिल्ली, जीत सिंह निवासी करावल नगर (दिल्ली) हाल निवासी गाजियाबाद (यूपी)को गिरफ्तार किया। पुलिस ने इनके पास से वारदात में इस्तेमाल 10 मोबाइल फोन, 19 सिम कार्ड और एक लैपटॉप जब्त किया है। करोड़ों की ठगी का पुराना रिकॉर्ड जांच में सामने आया कि ये आरोपी शातिर अपराधी हैं और पहले भी 43 लाख रुपये की सायबर ठगी के मामले में जेल जा चुके हैं। पूछताछ में इनसे अब तक करोड़ों रुपये की ठगी के सुराग मिले हैं। ये आरोपी संगठित तरीके से कॉल सेंटर चलाते थे और फर्जी बैंक खातों का इस्तेमाल कर लोगों की जमा पूंजी डकार जाते थे। आरोपी लोगों को उनकी इंश्योरेंस पॉलिसी मैच्योर होने या भारी-भरकम बोनस मिलने का लालच देते थे। विश्वास जीतने के लिए वे बैंक अधिकारियों जैसे भारी-भरकम पदनामों का उपयोग करते थे। एक बार व्यक्ति झांसे में आ जाता, तो वे फाइल क्लीयरेंस, जीएसटी और स्टाम्प ड्यूटी के नाम पर किस्तों में पैसे मांगना शुरू कर देते थे। किसी भी अनजान कॉल पर अपनी पॉलिसी या बैंक संबंधी जानकारी साझा न करें।

# टीटीई ने ट्रेन में मिला पर्स लौटाया

**जोधपुर, (कासं)।** उत्तर-पश्चिम रेलवे के जोधपुर मंडल में तैनात टीटीई ने सजगता और ईमानदारी का परिचय देते हुए ट्रेन में छूटा गहनों, नकदी, मोबाइल एवं आवश्यक दस्तावेजों से भरा लेडिस पर्स उसकी मालकिन पायल गहलोत को सकुशल लौटाकर ईमानदारी का परिचय दिया। जोधपुर मंडल के सीनियर डीसीएम हितेश यादव ने बताया कि मंडल पर कार्यरत सीटीआई मुराद अली खान सोमवार को ट्रेन संख्या 19223 साबरमती-जम्मूतवी एक्सप्रेस में जोधपुर से टिकट जांच ड्यूटी के लिए सवार हुए थे। इस दौरान कोच संख्या ए-1 की सीट नंबर 36 पर उन्हें एक लेडिस पर्स मिला। चैक करने पर उसमें गहने, नकद राशि, मोबाइल फोन तथा अन्य महत्वपूर्ण दस्तावेज मिले। सीटीआई मुराद अली खान ने एचएचटी मशीन के माध्यम से हाथोंहाथ सीट नंबर के आधार पर संबंधित यात्री का विवरण प्राप्त किया।

# फायरिंग प्रकरण में बाबा गैंग का सदस्य गिरफ्तार

- गिरफ्तार आरोपी सचिन पोसवाल पुत्र रामकरण गुर्जर निवासी अरनिया थाना चंदवाजी जिला जयपुर का रहने वाला है

**पावटा, (निसं)।** कस्बा शाहपुरा स्थित ब्रॅदर्श टूर एंड ट्रेवल्स (बीआरजी कार रेंटल) कार्यालय पर हुई फायरिंग मामले में शाहपुरा पुलिस ने बाबा गैंग के मुख्य सदस्य को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने घटना का खुलासा करते हुए आरोपी को जयपुर से डिटेन कर बापर्दा गिरफ्तार किया है तथा अन्य आरोपियों की तलाश जारी है।

उप महानिरीक्षक पुलिस सह पुलिस अधीक्षक जयपुर ग्रामीण राशि डोगरा डूडी ने बताया कि परिवादी मोहित पुत्र हरफूल जाट निवासी बुचारा थाना प्रागपुरा जिला कोटपुतली-बहरोड़ ने मामला दर्ज करवाया था कि 5 फरवरी 2026 को शाम को चिन्टू मीणा, विजेन्द्र ढीलाण व अन्य आरोपी दो अलग-अलग मोटरसाइकिलों पर सवार होकर शाहपुरा स्थित बीआरजी कार रेंटल कार्यालय पहुंचे और फायरिंग कर मौके से फरार हो गए।

इस पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की। घटना की गंभीरता को देखते हुए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शाहपुरा रणवीर सिंह एवं वृत्ताधिकारी शाहपुरा मुकेश चौधरी के सुपरविजन तथा थानाधिकारी शाहपुरा पुलिस निरीक्षक रिया चौधरी के नेतृत्व में विशेष पुलिस टीमों का गठन किया गया। पुलिस टीमों ने तकनीकी सहायता एवं मुखबिर तंत्र के आधार पर आरोपियों की तलाश शुरू की। जांच के दौरान सामने आया कि बाबा गैंग के सदस्यों ने आपसी वर्चस्व को लेकर इस वारदात को अंजाम दिया था। पुलिस ने गैंग के सक्रिय सदस्य सचिन पोसवाल को जयपुर से डिटेन कर बापर्दा गिरफ्तार किया। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि बीआरजी कार रेंटल संचालक द्वारा किराये पर कार देने से मना करने पर रंजिश के चलते फायरिंग की गई थी। पुलिस आरोपी से गहन पूछताछ कर रही है तथा अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए टीमों द्वारा लगातार दबिश दी जा रही है। गिरफ्तार आरोपी सचिन पोसवाल पुत्र रामकरण गुर्जर निवासी अरनिया थाना चंदवाजी जिला जयपुर का रहने वाला है।

## फिर चली घड़ी की टिक-टिक

**पावटा।** कस्बे की ऐतिहासिक पहचान माने जाने वाले घंटाघर पर कई दशकों बाद घड़ी के पुनः संचालित होने से आमजन में खुशी की लहर दौड गई। लंबे समय से हटी पडी घंटाघर की घड़ी को नया रूप देते हुए घंटाघर के चारों तरफ पुनः नई घड़ियां लगवाकर विधायक कुलदीप धनखड़ ने घंटाघर के नाम को सार्थक करने का कार्य किया है। घंटाघर कस्बे की ऐतिहासिक धरोहर होने के बावजूद वर्षों से इसमें घड़ी नहीं थी। जिससे इसकी उपयोगिता और पहचान प्रभावित हो रही थी। स्थानीय लोगों द्वारा लंबे समय से घडी लगवाने की मांग की जा रही थी। विधायक धनखड़ के प्रयासों से अब घंटाघर के चारों तरफ लगी घड़ियां फिर से समय बताने लगी है।

# जन समस्याओं के समाधान के लिए भरतपुर में बड़ा प्रदर्शन

**भरतपुर (निस)।** जन संघर्ष मोर्चा संभाग भरतपुर एवं आवासहीन जन संघर्ष समिति और अखिल भारतीय किसान सभा के संयुक्त तत्वाधान में सैकड़ों की तादाद में कार्यकर्ताओं ने लाल झण्डे लेकर भरतपुर में बडा प्रदर्शन किया। प्रदर्शन में आवासहीनों को जो पिछले लम्बे अर्से से संघर्षरत हैं अविलम्ब आवास दिलाये जाने, बुद्ध की हाट कोलोनी से बीनारायन जाने वाली रोड को शीघ्र सफाई एवं अवरूद्ध नालों को सही कराने, जसवंत नगर, गोपालगढ, आनंनद नगर आदि अनेकों कोलोनियों में गंदगी के ढेर आदि की शीघ्र सफाई कराने, आवारा सांड, गाय, बंदर, कुत्ते, मच्छरों एवं जंगली जानवरों से निजात दिलाने, सिमको जैसे बडे उद्योग के कर्मचारियों को जिन्हें नौकरी से पृथक कर रखा है उनकी ठोच्युटी आदि दिलाने, अन्य बकाया का शीघ्र भुगतान कराये जाने तथा रोजगार की व्यवस्था कराये जाने, पूर्वी राजस्थान नहरी परियोजना को अविलम्ब लागू कर भरतपुर-डीग एवं धौलपुर की नदियों में चम्बल का पानी लाये जाने एवं तीनों जिलों के जल भराव की निकासी कराये जाने, सीनियर सिटीजन को कम से कम 3000 रू0 मासिक पेंशन दिलाये जाने जैसे मुद्दों को अविलम्ब समाधान कराये जाने आदि समस्याओं को लेकर संभागीय आयुक्त को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन दिया गया। साथ ही इस बात पर जोर दिया कि एक तरफ प्रशासन भरतपुर में सरकार के कहने से तोडफोड कर अतिक्रमण हटाने के बहाने आमजन को निशाना बना रहा है जबकि कायदा यह है कि सरकार को यदि आवश्यकता के अनुसार कुछ हटाना भी है तो संबंधित को नुकसान की भरपाई की जाये।




जन संघर्ष मोर्चा संभाग भरतपुर के सैकड़ों की तादाद में कार्यकर्ताओं ने लाल झण्डे लेकर भरतपुर में बड़ा प्रदर्शन किया।

- प्रदर्शन में आवासहीनों को जो पिछले लम्बे अर्से से संघर्षरत हैं अविलम्ब आवास दिलाये जाने, बुद्ध की हाट कोलोनी से बीनारायन जाने वाली रोड की शीघ्र सफाई की मांग की

# 'अधिकारी शिकायतकर्ता से फीडबैक लें'

**खैरथल।** जिला सचिवालय पर सोमवार को अतिरिक्त जिला कलेक्टर शिवपाल जाट की अध्यक्षता में साप्ताहिक समीक्षा बैठक का आयोजित हुई। बैठक में विभागों की प्रगति की विस्तृत समीक्षा करते हुए अतिरिक्त जिला कलेक्टर ने संपर्क पोर्टल पर लंबित चल रहे परिवादों का समय पर निस्तारण कर आमजन को राहत पहुंचाने एवं एवरेज डिस्पोजल टाइम में सुधार करने के निर्देश दिए हैं। बैठक में उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया 30 दिवस से ऊपर लंबित परिवादों को निस्तारित करें। साथ ही उन्होंने टाइम एसक्लेरशन के माध्यम से परिवादों के उच्च स्तर पर जाने को लेकर असंतोष व्यक्त करते हुए टाइमलाइन के अनुसार परिवादों के निस्तारण के निर्देश दिए। बैठक में उन्होंने संपर्क पोर्टल पर दर्ज शिकायतों के निस्तारण को लेकर विशेष निर्देश दिए और कहा कि सभी शिकायतों का समाधान गुणवत्ता के साथ समयबद्ध तरीके से किया जाना सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने निर्देशित किया कि प्रत्येक जिला अधिकारी प्रतिदिन कम से कम दो शिकायतकर्ता परिवारों से फोन पर संवाद कर फीडबैक लें। ताकि निस्तारण की वास्तविक स्थिति का आकलन हो सके और इसका विधिवत रिकॉर्ड भी संधारित किया जाए। बैठक के दौरान समाज कल्याण अधिकारी रमेश देहमिवाल, कोषाधिकारी सुरेश कुमार बंसल, पुलिस, राजीविका, बिजली, कृषि, वन, शिक्षा, सहित अन्य विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।


**जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर,**
रामकिशोर व्यास भवन, इन्दिरा सर्किल, जवाहर लाल नेहरू मार्ग जयपुर

आलोक कुमार चक्रवर्ती पुत्र श्री अरूण कुमार चक्रवर्ती एवं अभिजीत चक्रवर्ती पुत्र श्री अरुण कुमार चक्रवर्ती द्वारा मूल आवंटी अंजना चक्रवर्ती पत्नी श्री अरुण कुमार चक्रवती भूखण्ड संख्या 286 भूखण्ड क्षेत्रफल 249.11 SQ&YARD योजना का नाम गायत्री नगर ए. नवजीवन गृह निर्माण सहकारी समिति, की मृत्यु दिनांक 04. 01.2026 व अरूण कुमार चक्रवर्ती की मृत्यु दिनांक 18.11.2017 के पश्चात नाम ट्रांसफर कार्यवाही हेतु आवेदन किया गया है। अरुण कुमार चक्रवर्ती की मृत्यु दिनाक 18.11. 2017 व अंजना चक्रवर्ती की मृत्यु दिनांक 04.01. 2026 को हो चुकी है। उक्त भूखण्ड का रजिस्ट्रर्ड वसीयत दिनांक 20.06.2011 को श्रीमति अंजना चक्रवर्ती पत्नी श्री अरुण कुमार चक्रवर्ती के द्वारा अपने तीन पुत्रन 1 आलोक चक्रवती पुत्र श्री अरुण कुमार चक्रवर्ती 2. अमित चक्रवर्ती पुत्र श्री अरुण कुमार चक्रवती 3 अभिजित चक्रवर्ती पुत्र श्री अरुण कुमार चक्रवर्ती में से दो पुत्रन को 1 आलोक चक्रवर्ती पुत्र श्री अरुण कुमार चक्रवर्ती को ग्राउण्ड फ्लोर व 2. अभिजित चक्रवर्ती पुत्र श्री अरुण कुमार चक्रवर्ती को प्रथम फ्लोर की वसीयत का निष्पादन किया गया है।

उक्त भूखण्ड का आवेदक के पक्ष में Name Transfer जारी करने पर किसी व्यक्ति, वारिस एवं संस्था को आपति हो तो मय साक्ष्य के इस सूचना की प्रकाशन तिथि से 7 दिवस के भीतर jda&rajasthan&gov- पद पर जाकर Objection module के माध्यम से आपत्ति online सबमिट करें, अन्यथा आपति प्रस्तुत नहीं करने की दशा में उक्त भूखण्ड की नियमानुसार कार्यवाही कर दी जावेगी।

महावीर
डिप्टी कमिश्नर, जोन 5
दिनांक : 10.02.2026 जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर



**सार्वजनिक सूचना**

आवेदक श्री प्रताप सिंह नरुका पुत्र श्री राजेन्द्र सिंह नरुका द्वारा जयपुर JDA में ऑनलाइन आवेदन संख्या 268268 दिनांक 23.11.2025 के माध्यम से भूखण्ड संख्या F-98, क्षेत्रफल 100 वर्ग गज, योजना AMARPALI NAGAR मूल आवंटीआम्रपाली रियल एस्टेट प्रा. लि. जरिये निदेशक पवन अग्रवाल पुत्र स्व. श्री कन्हैया, के नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। यदि किसी व्यक्ति, वारिस, संस्था को इस नामांतरण पर कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन की तिथि से 7 दिवस के भीतर JDA की वेबसाइट jda.rajasthan.gov.in पर Objection Module के माध्यम से साक्ष्य सहित online आपत्ति सबमिट करें, अन्यथा नियमानुसार कार्यवाही कर दी जाएगी।



प्रपत्र संख्या 7
(देखिये नियम 21)

**कार्यालय सहायक आयुक्त (द्वितीय) देवस्थान विभाग, जयपुर**

राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 18 (2) के अधीन नोटिस

समस्त सम्बन्धित व्यक्तियों को

मुकदमा नम्बर 56/2026
(नाम वर्णन तथा निवास स्थान)

चूंकि प्रार्थी श्री स्वामी कृष्णानन्द सरस्वती शिष्य श्री महन्त केदारपुरी निवासी कल्याणकारी गौशाला संस्था 2 लगम गंगानगर ने राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 17(1) के अन्तर्गत मन्दिर श्री ठाकुर जी ग्राम मोरदा पोस्ट केशवाना राजपूत तह. कोटपूतली जिला कोटपूतली बहरोड के सम्बन्ध में जांच किये जाने के लिए आवेदन पत्र दिया है।

अतएवं धारा 18 की उपधारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में उपर्युक्त प्रन्यास जिसकी जांच की जा रही है में हित रखने वाले समस्त व्यक्तियों के नाम, व्यापक जानकारी के लिए यह नोटिस प्रकाशित किया जाता है कि वे इस नोटिस के जारी होने की तारीख से साठ दिन के भीतर उक्त प्रन्यास के सम्बन्ध में आपत्तियां, यदि कोई हो प्रस्तुत करें। और यह सूचित किया जाता है कि यदि उपरोक्त निर्दिष्ट अवधि के भीतर कोई आपत्तियां नहीं की गई तो उक्त आवेदन पत्र निर्धारित रीति से निर्णित किया जावेगा तथा जांच ग्रसित मामले में निष्कर्ष अभिलिखित किया जावेगा।

आज दिनांक 6.2.2026 को मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय मोहर के अधीन जारी किया गया।
आइदा तारीख पेशी 15.4.2026

मोहर अदालत

सहायक आयुक्त (द्वितीय)
देवस्थान विभाग जयपुर



**हैतुक दर्शित करने के लिए सूचना**
(साधारण प्रारूप)
(व्यवहार प्रक्रिया संहिता पहली अनुसूची संख्यांक 4)
न्यायालय SDO साहब स्थान सांभरलेक

मन्नाराम विरूद्ध तहसीलदार वगै.
वाद/प्रार्थना पत्र अस्थायी निषे.
प्रार्थना-पत्र संख्या 09 सन् 2025

नाम लक्ष्मण पुत्र बिरदाराम जाति बलाई पता बलाईयों का मौहल्ला नि.निमली तह. दूदू जिला जयपुर

उक्त प्रार्थी ने इस न्यायालय में यह आवेदन किया है-

अतः आपको चेतावनी दी जाती है कि आप उस आवेदन के विरूद्ध हैतुक दर्शित करने के लिए दि.24 माह 02 सन् 2026 को 10.00 ए.एम. पूर्वान्ह में स्वयं या अपने प्लीडर द्वारा जिसे सम्यक रूप से अनुदेश किया गया हो, उपसंजात हो। यदि आप ऐसा करने में असफल रहेंगे तो उक्त आदेश को सुनवाई और उसका निपटारा एक पक्षीय रूप से किया जाएगा।

यह आज ता. 09 माह 02 सन् 2026 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दी गई।

मोहर अदालत

आज्ञा से-रीडर
उपखण्ड अधिकारी
सांभरलेक



**हैतुक दर्शित करने के लिए सूचना**
(साधारण प्रारूप)
(व्यवहार प्रक्रिया संहिता पहली अनुसूची संख्यांक 4)
न्यायालय उपखण्ड अधिकारी स्थान सांभरलेक

दानाराम वगैरह विरूद्ध तहसीलदार वगै.
वाद/प्रार्थना पत्र धारा 131/136 L.R.Act.
प्रार्थना-पत्र संख्या 24 सन् 2024

नाम लक्ष्मण उम्र 50 वर्ष पुत्र श्री अर्जुन जाति बलाई पता बलाईयों का मौहल्ला निमली तहसील दूदू जिला जयपुर राज.

उक्त प्रार्थी ने इस न्यायालय में यह आवेदन किया है-

अतः आपको चेतावनी दी जाती है कि आप उस आवेदन के विरूद्ध हैतुक दर्शित करने के लिए दि.24 माह 02 सन् 2026 को 10.00 ए.एम. पूर्वान्ह में स्वयं या अपने प्लीडर द्वारा जिसे सम्यक रूप से अनुदेश किया गया हो, उपसंजात हो। यदि आप ऐसा करने में असफल रहेंगे तो उक्त आदेश को सुनवाई और उसका निपटारा एक पक्षीय रूप से किया जाएगा।

यह आज ता. 09 माह 02 सन् 2026 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दी गई।

मोहर अदालत

आज्ञा से-रीडर
उपखण्ड अधिकारी
सांभरलेक



**नम्बर मिलाइए 9587884433**
सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।


## अंशिता ने 98.28 प्रतिशत अंक पाये

**टोंक ।** राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी के तत्वाधान में आयोजित यूजीसी-नेट दिसंबर 2025 के परिणाम में जिले के छोटे से गांव करीमपुरा (छान) निवासी अंशिता चौधरी ने 98.28 प्रतिशत अंक अर्जित कर अपने गांव का नाम रोशन किया है।


**खोया पाया**

आवास संख्या 1/34 SFS मानसरोवर जयपुर का मूल अदेय प्रमाण पत्र गिर/गुम हो गया मिलने पर सूचित करें। ABHI JAIN मो. 9610296102

मेरा राजस्थान फार्मेसी काउन्सिल, जयपुर द्वारा जारी (B.Pharma) फार्मासिस्ट सर्टिफिकेट संख्याः 56396, जारी दिनांक 12.04.2021 कहीं गिर गया है। कृप्या मिलने पर सूचित करें बुद्धाराम पुत्र ढगला राम, 9785309997, मुकाम मेरावा गांव पोस्ट मांडा जिला पाली 306103

**NAME CHANGE**

I Army no. 2705326Y Rank NK Name Tulsidas Pawar Dharpure in my service document my Wife name Sangeeta is wrongly as per civil document my Wife Correct name is Sangeeta Pawar

I Army no. 2705326Y Rank NK Name Tulsidas Pawar Dharpure in my service document my Mother name Sarja Bai is wrongly as per civil document my Mother Correct name is Sarja Pawar

I Army no. 2705326Y Rank NK Name Tulsidas Pawar Dharpure in my service document my father name Ramrav Pawar Dharpure is wrongly as per civil document my Father Correct name is RAMRAV PAWAR

I, hitherto known as VISHNU alias GURJAR GAJENDRA GIRRAJPRASAD, S/o HARKESH, R/o Jaisinghpura, Karauli, Jagdishpura, Rajasthan - 322254, have changed my name and shall hereafter be known as GURJAR GAJENDRA GIRRAJPRASAD.

It is for general information that I, RAMAVTAR MEENA, Son of MUKNDA RAM, Residence of Kharthal, Sainthal, Dausa, Rajasthan - 303507, declare that name of my wife has been wrongly written as URMILA DEVI in my Service Record. The actual name of my wife is RAM BAI DEVI, respectively. Which may be amended accordingly.

I, DEVIRAM S/o DOULAT RAM, R/o Maheshara, Mahesara, Alwar, Tijara, Rajasthan-301707, have changed the name of my minor son namely BABY TWO OF SHARMILA, aged 8 years and he shall hereafter be known as AAVESH KUMAR.

I, hitherto known as ASHRAFI alias ASHRAFI CYCLEWALA, W/o SHOKAT HUSSAIN CYCLEWALA, R/o NEW ABADI SAIFYPURA, BANSWARA (RURAL), BANSWARA, RAJASTHAN- 327001 have changed my name and shall hereafter be known as ASHRAFI BAI CYCLEWALA.

I Ishwar Kumar Lalwani S/o Boolchand R Lalwani residing at Flat No. 13/2 D, Rail Vihar 1, Sector 9, Vidhyadhar Nagar, Jaipur, Rajasthan-302039. I have changed my name from Ishwar Lalwani to Ishwar Kumar Lalwani, In future I will be knwon by my changed name.

I Daulat Ram Yadav s/o Ram Sawrup Yadav resident Vill. Shivdan singh pura dist. Alwar.that I have changed my name from DaulatRam Yadav to Daulatnai Nath urf Daulti Nath Chela baba Ramtai Nath.Mahatma Prachanda Mahadev Alwar. old and new names refer to one and the same person.


# विराटनगर क्षेत्र में आए दिन ट्रांसफार्मरों से हो रही है चोरी

- पुलिस की गस्त पर सवालिया निशान
- क्षेत्र में हो रही चोरियों पर लगाम और खुलासे के लिए एसपी को ज्ञापन सौंपा
- शनिवार रात बदमाशों ने ट्रांसफार्मर को निशाना बना उसे पोल से उतारकर तोड़ दिया और उससे कॉपर तथा तेल चोरी कर ले गए।

**पावटा।** विराटनगर पुलिस थाना क्षेत्र इन दिनों अंधेरी नगरी चौपट राजा की मिसाल बनता जा रहा हैं, जहां पुलिस गश्त की पोल खुलती नज़र आ रही है। विद्युत ट्रांसफार्मर चोर गिरोह बेखौफ होकर चोरी की वारदातों को अंजाम दे रहे है और पुलिस प्रशासन सिर्फ तमाशबीन नजर आ रहा है। ऐसा ही एक मामला पालड़ी ठाम व पालड़ी तिराहे का है जहा सड़क के पास लगे विद्युत ट्रांसफार्मर को अज्ञात चोर तोड़कर उसमें से कीमती सामान कॉपर की वायर व ऑयल चुरा कर फ ा र ा र हो गए।

सुबह ग्रामीणों ने जब विद्युत ट्रांसफार्मर टूटा हुआ देखा तो पुलिस के खिलाफ ठामीणों का गुस्सा फूट पड़ा। ग्रामीणों का आरोप है कि पुलिस को सूचना दिए लगभग तीन घंटे हो गए लेकिन पुलिस मौके पर नहीं पहुंची। विद्युत विभाग के कर्मचारी मौके पर पहुंचे है और घटना स्थल का जायजा लिया। लेकिन लगातार हो रही चोरी की घटनाएं साफ दिखा रही हैं कि चोरों के हौसले बुलंद हैं और पुलिस की पकड कमजोर होती जा रही है। ग्रामीणों का कहना है कि अगर पुलिस ने अब भी सख्ती नहीं दिखाई तो हालात और बिगडेगें । ग्रामीणों का कहना है कि इस चोर गिरोह का जल्द से जल्द पर्दाफाश किया जाए ताकि ऐसी वारदाते दूबारा नहीं हो। वही बागावास चौरासी के पास शनिवार रात बदमाशों ने ट्रांसफार्मर को निशाना बना उसे पोल से उतारकर तोड़ दिया और उससे कॉपर तथा तेल चोरी कर ले गए। घटना के चलते पूरे इलाके की बिजली आपूर्ति बाधित रही। जिससे ग्रामीणों को रातभर अंधेरे में भारी परेशानी झेलनी पड़ी। रविवार सुबह ग्रामीणों को ट्रांसफार्मर क्षतिग्रस्त अवस्था में मिला।

जिसके बाद उन्होंने बिजली विभाग को सूचना देकर नया ट्रांसफार्मर शीघ्र लगाने की मांग की। सूचना पर बिजली विभाग के लाइनमैन विनोद कुम्हार तथा भाबरू थाने से पुलिसकर्मी रामरतन बैरवा व अशोक मौके पर पहुंचे और घटना की जानकारी ली। ग्रामीणों का आरोप है कि क्षेत्र में पिछले कुछ समय से ट्रांसफार्मर चोरी समेत अन्य चोरी की घटनाएं बढ़ रही हैं, लेकिन. स्थानीय पुलिस प्रभावी कार्रवाई नहीं कर रही है। वही पुलिस उप महानिरीक्षक देवेन्द्र बिश्नोई को क्षेत्र में हो रही चोरियों पर लगाम लगाने और हुई वारदातों का खुलासा करने के लिए ज्ञापन सौंपा गया है। हाल ही पावटा के लाडाकाबास के सुरली निवासी रामनिवास के घर चोरी में महिला के सोने चाँदी के ज़ेवरात चोरी हो गए थे। इसको लेकर एक शिष्ट मंडल प्रागपुरा थाने में मिल चुका पर अभी तक कोई कार्यवाही नहीं हुई है।

इस प्रकार के अनेकों मामले क्षेत्र में घटित होने से पुलिस प्रशासन के प्रति नाराजगी है । थाना अधिकारी से लेकर पुलिस जाँच अधिकारी की कार्यशैली लचीली नजर आई । जी एल यादव ने बताया

# भरतपुर में राजीव गांधी युवा मित्रों का विरोध प्रदर्शन

**भरतपुर ।** राजीव गांधी युवा मित्रों ने अपने रोजगार की बहाली की मांग को लेकर कलेक्ट्रेट से संभागीय आयुक्त कार्यालय तक विशाल रैली निकाली। रैली का नेतृत्व युवा संघर्ष समिति के प्रदेश अध्यक्ष संजय मीणा ने किया। इस दौरान संजय मीणा ने बताया कि पिछली सरकार के कार्यकाल में प्रदेश भर में लगभग 5 हजार राजीव गांधी युवा मित्रों की भर्ती की गई थी, लेकिन नई सरकार के गठन के बाद केवल राजीव गांधी नाम जुड़ा होने के कारण इस योजना को समाप्त कर दिया गया। उन्होंने कहा कि यदि सरकार को नाम से आपत्ति थी तो योजना का नाम बदला जा सकता था, लेकिन युवाओं से उनका रोजगार छीन लेना पूरी तरह गलत है। संजय मीणा ने आरोप लगाया कि रोजगार खत्म होने के कारण अब तक 6 युवा मित्र साथियों की मौत हो चुकी है, जिनमें से 2 ने आत्महत्या तक कर ली, लेकिन सरकार और प्रशासन ने इस गंभीर मामले पर कोई सुनवाई नहीं की। उन्होंने मुख्यमंत्री से मांग की कि सरकार द्वारा प्रस्तावित अटल प्रेरक भर्ती में राजीव गांधी युवा मित्रों को उनके अनुभव के आधार पर प्राथमिकता दी जाए। चेतावनी देते हुए कहा कि यदि उनकी मांगों पर जल्द निर्णय नहीं लिया गया, तो युवा मित्रों को मजबूरन आंदोलन का रास्ता अपनाना पडेगा। रैली के दौरान युवा मित्रों ने सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए रोजगार बहाली की मांग उठाई।

## धड़ल्ले से हो रहे अवैध अतिक्रमण

**चौमूं / कालाडेरा ।** कालाडेरा नगरपालिका क्षेत्र में अवैध निर्माण कार्य धड़ल्ले से चल रहा है। नगरपालिका प्रशासन के द्वारा अवैध निर्माण कार्य को बन्द करने व अवैध अतिक्रमण को हटाने को लेकर नोटिस भी जारी किया गया। लेकिन अवैध निर्माण कार्य नोटिस के बाद भी धड़ल्ले से चल रहें हैं। साथ ही नोटिस के बाद भी अवैध अतिक्रमण को अभी तक भी हटाया नहीं गया है। वहीं कस्बे के मुख्य मार्गों अस्पताल रोड पर स्थित भोमियां जी महाराज के मन्दिर के पास बिना अनुमति के अवैध तरीके से हरे पेड को काट कर अवैध अतिक्रमण किया गया है जब की अवैध अतिक्रमण की सूचना मिलते ही नगरपालिका प्रशासन ने काटें गए हरे पेड को जप्त करता है।

# शिविर में सहकारिता विभाग ने 12 किसानों को ब्याज मुक्त फसली ऋण दिया

**टोंक।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के निर्देशों की अनुपालना में टोंक जिले की पंचायत समिति निवाई के ग्राम पंचायत ललवाड़ी में सोमवार को आयोजित ग्राम उत्थान शिविर का जिले के प्रभारी सचिव विश्व मोहन शर्मा ने निरीक्षण किया। इस दौरान जिला कलेक्टर कल्पना अग्रवाल भी मौजूद रही। जिला प्रभारी सचिव ने शिविर में 13 विभागों द्वारा लगाई गई स्टॉल पर जाकर 10 दिवसीय शिविरों की प्रगति की जानकारी ली और अधिकारियों को पात्र लोगों को जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ देने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा शिविर के माध्यम से आमजन को सरकार की योजनाओं के बारे में जानकारी भी दी जाएं। शिविर के दौरान सहकारिता विभाग द्वारा 12 किसानों को ब्याज मुक्त फसली ऋण उपलब्ध करवाया गया। साथ ही पशुपालन विभाग द्वारा ग्रामीण नवल कंवर, गिर्राज सिंह, संतोष देवी एवं गोविन्दी देवी को पशुओं की अकाल मृत्यु हो जाने पर मुख्यमंत्री मंगला पशु बीमा योजना के तहत रजिस्ट्रेशन कर बीमा पॉलिसी की प्रति सौपी गई। शिविर में शर्मा ने प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के लाभार्थियों को आवास की स्वीकृत राशि के चौक सौंपे। लाभार्थियों ने बताया कि पूर्व में कच्चे मकानों में रहने के कारण विशेषकर वर्षा ऋतु में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था, जो अब पक्का आवास मिलने से समाप्त हो जाएंगी। साथ ही कृषि विभाग की विभिन्न योजनाओं में कृषि यंत्र, तारबंदी, पाइपलाइन के लिए स्वीकृत राशि के पत्र व मृदा स्वास्थ्य कार्ड सौंपे गए।

- ग्राम उत्थान शिविर का निरीक्षण



टोंक की ग्राम पंचायत ललवाडी में सहकारिता विभाग ने 12 किसानों को ब्याज मुक्त फसली ऋण उपलब्ध करवाया ।


**आम सूचना**

राजस्थान आयुर्वेद नर्सिंग परिषद से मान्यता प्राप्त वीजन शिक्षा समिति देवली टोंक द्वारा संचालित वीजन आयुर्वेद नर्स कम्पाउण्डर प्रशिक्षण केन्द्र में रिक्त रही सीटो पर सीधे प्रवेश हेतु दिनांक 11/02/2026 को संस्था स्तर पर काउस्लिंग रखी गई है। इच्छुक सभी संकाय के छात्र प्रवेश हेतु अपने आश्वयक दस्तावेज (10वीं, 12वीं मूल अंकतालिका, मुलनिवास प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र, आधारकार्ड, फोटो-2) मूल दस्तावेज सहित उक्त दिनांक को संस्था में 9 बजे से 12 बजे तक उपस्थित होकर जमा करा सकते है एवं उक्त दिनांक को दोपहर 2 बजे से काउस्लिंग प्रारम्भ की जावेगी।

सूचनार्थ
प्राचार्य वीजन आयुर्वेद नर्स / कम्पाण्डर प्रशिक्षण केन्द्र



**राजस्थान आवासन मण्डल, वृत्त प्रथम, प्रताप नगर, जयपुर**
क्रमांक 10204 — जाहिर आम-सूचना — दिनांक - 06/02/26

राजस्थान आवासन मण्डल की प्रताप नगर, सांगानेर योजना में आवास संख्या 268/159 (EWS), (एरिया 86.360 वर्गमीटर) प्रताप नगर, सांगानेर का आवंटन श्री खुशी राम आसनानी पुत्र श्री प्रेमचन्द आसनानी को किया जाकर आवंटन पत्र क्रमांक 7709 दिनाक 27.11.2003 एवं संशोधित आवंटन पत्र क्रमांक 8447 दिनांक 30.12.2003 को जारी किया गया। श्री खुशी राम आसनानी के पक्ष में उक्त आवास के पंजीयन प्रपत्र दिनांक 10.09.2010 को सब रजिस्ट्रार जयपुर पंचम के यहाँ पंजीकृत करवाये गये। श्री खुशी राम आसनानी द्वारा उक्त आवास को दिनांक 04.12.2015 के द्वारा श्रीमती सुनीता जांगिड़ पत्नी श्री दिनेश चन्द जांगिड़ को विक्रय कर उप पंजीयक सांगानेर-प्रथम, जयपुर के यहां विक्रय पत्र का पंजीकृत करवाया गया। श्रीमती सुनीता जांगिड़ द्वारा उक्त आवास को दिनांक 20.08.2025 के द्वारा श्री घनश्याम शर्मा पुत्र श्री लक्ष्मी नारायण शर्मा को विक्रय कर उप पंजीयक सांगानेर-प्रथम, जयपुर के यहां विक्रय पत्र का पंजीकृत करवाया गया। क्रेता/केता श्री घनश्याम शर्मा पुत्र श्री लक्ष्मी नारायण शर्मा द्वारा आवासन मण्डल में उक्त आवास में अपना नाम मण्डल रिकार्ड में दर्ज कराने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गयां है।

अतः उक्त आवास के हस्तान्तरण बाबत किसी व्यक्ति/पक्षकार को कोई आपत्ति हो तो अधोहस्ताक्षर कर्ता के कार्यालय में 7 दिवस में अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें अन्यथा यह मानते हुए की मण्डल रिकॉर्ड में नाम दर्ज करने में किसी को कोई आपत्ति नहीं है. श्री घनश्याम शर्मा पुत्र श्री लक्ष्मी नारायण शर्मा का नाम मण्डल रिकॉर्ड में दर्ज कर दिया जावेगा।

सम्पदा प्रबन्धक वृत्त-प्रथम, राज.आवा.मण्डल, जयपुर



**आम सूचना** सर्व साधारण को सूचित रहे कि मेरे अभिभाष्यगण श्री बिशन सिंह शेखावत पुत्र स्व. श्री तेज सिंह शेखावत व श्रीमती रेखा कंवर पत्नि श्री बिशन सिंह शेखावत निवासी- गांव-हांसपुर तहसील-श्रीमाधोपुर जिला-सीकर, हाल निवासी- 36, माउन्ट व्यू, चतरपुरा रोड, खोरा बिसल, जयपुर के पुत्र बजरंग सिंह शेखावत व उसकी पत्नि श्रीमती राधा कंवर गत दो वर्षों से मेरे अभिभाष्यगण के साथ रिहायश नही कर रहे है और कहने सुनने व सम्पर्क में नही है बल्कि मेरे अभिभाष्यगण की सेवा सुश्रुषा करने की बजाय लडाई, झगडा, झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकियां देते है। जिसके कारण मेरे अभिभाष्यगण ने अपने पुत्र बजरंग सिंह व उसकी पत्नि श्रीमती राधा कंवर की गैर वाजिब हरकतो, धमकियों एवं फंसाद करने से व्यथित होकर इन दोनो व इनसे उत्पन्न संतान को अपने परिवार व अपनी चल अचल सम्पत्तियों से बेदखल कर दिया है, इनसे मेरे अभिभाष्यगण का कोई सम्बन्ध व सरोकार नहीं है एवं इनके द्वारा आज से पूर्व व पश्चात किये गये किसी भी कृत्य, लेन-देन, संव्यवहार इत्यादि के लिये मेरे अभिभाष्यगण जिम्मेदार नही होंगे। सूचित रहे।

दिनांक-10.2.2026
भगवत गौड एडवोकेट
मो. 9784599380



प्रपत्र संख्या 7
(देखिये नियम 21)

**कार्यालय सहायक आयुक्त (प्रथम) देवस्थान विभाग, जयपुर**

राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 18 (2) के अधीन नोटिस

समस्त सम्बन्धित व्यक्तियों को

मुकदमा नम्बर DEV/JAIPUR-I/TRUST/2026/1281

चूंकि प्रार्थी श्री MANOJ KUMAR SHARMA, 02 KASHI NAGAR BENAR REILWAY STATION BOYATAWALA JAIPUR ने राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 17 (1) के अन्तर्गत प्रन्यास नया सवेरा शैक्षणिक एवं सामाजिक विकास संस्थान जयपुर 02 KASHI NAGAR BENAR REILWAY STATION BOYATAWALA JAIPUR के सम्बन्ध में अग्रिम जांच किये जाने के लिए आवेदन-पत्र दिया है।

अतएव धारा 18 की उपधारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में उपर्युक्त प्रन्यास जिसकी जांच की जा रही है, में हित रखने वाले समस्त व्यक्तियों के नाम, व्यापक जानकारी के लिए, यह नोटिस प्रकाशित किया जाता है कि वे इस नोटिस के जारी होने की तारीख से साठ दिन के भीतर उक्त प्रन्यास के सम्बन्ध में आपत्तियां, यदि कोई हो प्रस्तुत करे। और यह सूचित किया जाता है कि यदि उपरोक्त निर्दिष्ट अवधि के भीतर कोई आपत्तियां नहीं की गई तो उक्त आवेदन-पत्र निर्धारित रीति से निर्णित किया जावेगा तथा जांच ग्रसित मामले में निष्कर्ष अभिलिखित किया जावेगा।

आज दिनांक 03.02.2026 को मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय मोहर के अधीन जारी किया गया।
आइदा तारीख पेशी 09.04.2026

मोहर अदालत

सहायक आयुक्त
देवस्थान विभाग, जयपुर-प्रथम



प्रपत्र संख्या 7
(देखिये नियम 21)

**कार्यालय सहायक आयुक्त (प्रथम) देवस्थान विभाग, जयपुर**

राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 18 (2) के अधीन नोटिस

समस्त सम्बन्धित व्यक्तियों को

मुकदमा नम्बर DEV/JAIPUR-I/TRUST/2026/1284

चूंकि प्रार्थी श्री KESHAR DEO SHARMA, 22 PRABHAT COLONY VIJAY BARI PATH NO 7, SIKAR ROAD, MURLIPURA JAIPUR ने राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 17 (1) के अन्तर्गत प्रन्यास खाण्डल विप्र विद्यालय समिति जयपुर JAIPUR के सम्बन्ध में अग्रिम जांच किये जाने के लिए आवेदन-पत्र दिया है।

अतएव धारा 18 की उपधारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में उपर्युक्त प्रन्यास जिसकी जांच की जा रही है, में हित रखने वाले समस्त व्यक्तियों के नाम, व्यापक जानकारी के लिए, यह नोटिस प्रकाशित किया जाता है कि वे इस नोटिस के जारी होने की तारीख से साठ दिन के भीतर उक्त प्रन्यास के सम्बन्ध में आपत्तियां, यदि कोई हो प्रस्तुत करे। और यह सूचित किया जाता है कि यदि उपरोक्त निर्दिष्ट अवधि के भीतर कोई आपत्तियां नहीं की गई तो उक्त आवेदन-पत्र निर्धारित रीति से निर्णित किया जावेगा तथा जांच ग्रसित मामले में निष्कर्ष अभिलिखित किया जावेगा।

आज दिनांक 03.02.2026 को मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय मोहर के अधीन जारी किया गया।
आइदा तारीख पेशी 09.04.2026

मोहर अदालत

सहायक आयुक्त
देवस्थान विभाग, जयपुर-प्रथम



प्रपत्र संख्या 7
(देखिये नियम 21)

**कार्यालय सहायक आयुक्त (प्रथम) देवस्थान विभाग, जयपुर**

राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 18 (2) के अधीन नोटिस

समस्त सम्बन्धित व्यक्तियों को

मुकदमा नम्बर DEV/JAIPUR-I/TRUST/2026/1269

चूंकि प्रार्थी श्री MANOHAR LAL KHANDELWAL, B 13, MANDIR MARG SUBHASH NAGAR SHASTRI NAGAR JAIPUR ने राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 17 (1) के अन्तर्गत प्रन्यास जन उपयोगी भवन संस्थान जयपुर JAN UPAYOGI BHAWAN SANSTHAN POLICE ACADEMY ROAD, SHASTRI NAGAR JAIPUR के सम्बन्ध में अग्रिम जांच किये जाने के लिए आवेदन-पत्र दिया है।

अतएव धारा 18 की उपधारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में उपर्युक्त प्रन्यास जिसकी जांच की जा रही है, में हित रखने वाले समस्त व्यक्तियों के नाम, व्यापक जानकारी के लिए, यह नोटिस प्रकाशित किया जाता है कि वे इस नोटिस के जारी होने की तारीख से साठ दिन के भीतर उक्त प्रन्यास के सम्बन्ध में आपत्तियां, यदि कोई हो प्रस्तुत करे। और यह सूचित किया जाता है कि यदि उपरोक्त निर्दिष्ट अवधि के भीतर कोई आपत्तियां नहीं की गई तो उक्त आवेदन-पत्र निर्धारित रीति से निर्णित किया जावेगा तथा जांच ग्रसित मामले में निष्कर्ष अभिलिखित किया जावेगा।

आज दिनांक 05.02.2026 को मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय मोहर के अधीन जारी किया गया।
आइदा तारीख पेशी 08.04.2026

मोहर अदालत

सहायक आयुक्त
देवस्थान विभाग, जयपुर-प्रथम



प्रपत्र संख्या 7
(देखिये नियम 21)

**कार्यालय सहायक आयुक्त (प्रथम) देवस्थान विभाग, जयपुर**

राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 18 (2) के अधीन नोटिस

समस्त सम्बन्धित व्यक्तियों को

मुकदमा नम्बर DEV/JAIPUR-I/TRUST/2026/1245

चूंकि प्रार्थी श्री SUDHIR KUMAR JAIN, KD 19 C, ASHOK VIHAR, PHASE 1, HO NORTH WEST DELHI ने राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 17 (1) के अन्तर्गत प्रन्यास महावीर इंटरनेशनल फाउंडेशन ट्रस्ट S 10, JANTA COLONY, NEAR JANTA SHOPPING JAIPUR के सम्बन्ध में अग्रिम जांच किये जाने के लिए आवेदन-पत्र दिया है।

अतएव धारा 18 की उपधारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में उपर्युक्त प्रन्यास जिसकी जांच की जा रही है, में हित रखने वाले समस्त व्यक्तियों के नाम, व्यापक जानकारी के लिए, यह नोटिस प्रकाशित किया जाता है कि वे इस नोटिस के जारी होने की तारीख से साठ दिन के भीतर उक्त प्रन्यास के सम्बन्ध में आपत्तियां, यदि कोई हो प्रस्तुत करे। और यह सूचित किया जाता है कि यदि उपरोक्त निर्दिष्ट अवधि के भीतर कोई आपत्तियां नहीं की गई तो उक्त आवेदन-पत्र निर्धारित रीति से निर्णित किया जावेगा तथा जांच ग्रसित मामले में निष्कर्ष अभिलिखित किया जावेगा।

आज दिनांक 03.02.2026 को मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय मोहर के अधीन जारी किया गया।
आइदा तारीख पेशी 08.04.2026

मोहर अदालत

सहायक आयुक्त
देवस्थान विभाग, जयपुर-प्रथम



**हैतुक दर्शित करने के लिए सूचना**
(साधारण प्रारूप)
(व्यवहार प्रक्रिया संहिता पहली अनुसूची संख्यांक 4)
न्यायालय अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश स्थान जयपुर (द्वितीय)

रविन्द्र सिंह विरूद्ध मोहन सिंह वगै.
वाद/प्रार्थना पत्र पुर्नविलोकन प्रार्थना पत्र
प्रार्थना-पत्र संख्या 08 सन् 2024

नाम मोहन सिंह पुत्र श्री लक्ष्मण सिंह जाति राजपूत पता 17, राजपूतों का मौहल्ला ग्रा.पो. रामपुर (सेवापुरा) तह. आमेर जिला जयपुर (राज.)

उक्त प्रार्थी ने इस न्यायालय में यह आवेदन किया है-

अतः आपको चेतावनी दी जाती है कि आप उस आवेदन के विरूद्ध हैतुक दर्शित करने के लिए दि. 04 माह 03 सन् 2026 को 10.30 पूर्वान्ह में स्वयं या अपने प्लीडर द्वारा जिसे सम्यक रूप से अनुदेश किया गया हो, उपसंजात हो। यदि आप ऐसा करने में असफल रहेंगे तो उक्त आदेश को सुनवाई और उसका निपटारा एक पक्षीय रूप से किया जाएगा।

यह आज ता. 02 माह 02 सन् 2026 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दी गई।

मोहर

आज्ञा से-रीडर प्रथम
अपर जिला एवं सैशन न्यायाधीश
क्रम-8 जयपुर महानगर द्वितीय



**निविदा आमंत्रण**

**गुजरात और राजस्थान में स्थित 5 प्रमुख होटल संपत्तियों के संचालन का प्रबंधन करने का अवसर**

नीसा लीजर लिमिटेड **("कंपनी")**, एक कॉर्पोरेट देनदार, वर्तमान में, माननीय नेशनल कंपनी लॉ ट्रिब्यूनल, अहमदाबाद बेंच द्वारा दिनांक **26 अप्रैल 2019** को पारित आदेश के अनुसार दिवालियापन और दिवालियापन संहिता, 2016 के प्रावधानों के तहत **कॉर्पोरेट दिवालियापन समाधान प्रक्रिया (सीआईआरपी)** से गुजर रही है। **श्री अमित जैन** को दिनांक **17 दिसंबर 2019** के आदेश द्वारा समाधान पेशेवर के रूप में नियुक्त किया गया है।

कंपनी के पास गुजरात और राजस्थान राज्यों में स्थित पांच होटल प्रॉपर्टीज हैं, जो **"कैम्बे होटल्स एंड रिसॉर्ट्स"** ब्रांड नाम से संचालित होते हैं। **रिजॉल्यूशन प्रोफेशनल इन होटलों के संचालक के रूप में** नियुक्ति हेतु **योग्य और अनुभवी होटल संचालकों** से रुचि की अभिव्यक्ति आवेदन आमंत्रित करता है।

इच्छुक पक्ष निम्नलिखित प्रस्तुत कर सकते हैं:

- **एक या अधिक होटलों के लिए प्रॉपर्टी-वाइज बोलियां, और/या**
- **सभी पांच संपत्तियों के लिए एक समेकित बोली।**

**इच्छुक उम्मीदवारों से आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथिः 20 फरवरी 2026।** संपत्तियों और बोली प्रक्रिया के संबंध में अधिक जानकारी **cirp@neesaleisure.in** पर लिखकर प्राप्त की जा सकती है।

संकल्प पेशेवर को लागू कानून और लेनदारों की समिति की स्वीकृतियों के अधीन, प्रक्रिया में संशोधन, परिवर्तन या उसे रद्द करने और किसी भी या सभी प्रस्तुतियों को स्वीकार या अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित है।

अमित जैन
रिजॉल्यूशन प्रोफेशनल - नीसा लीजर लिमिटेड
आईपी पंजीकरण संख्याः IBBI/IPA-001/IP-P01447/2018-2019/12196



**कार्यालय नगर परिषद टोंक**

क्रमांक :-राजस्व/ठेका/एमसीटी/2025/14007 दिनांक :- 04.02.2026

**निविदा सूचना संख्या : राजस्व/01/2025-26**
**(Nib cod- DLB2526B1195)**

नगर परिषद टोंक क्षेत्र मे अस्थाई तहबाजारी हाट बाजार का ठेका ई-टेण्डरिंग के माध्यम से वित्तीय 2025-26 मे इच्छूक एवं निर्धारित धारक फर्मो/व्यक्तियो से आमंत्रित कि जाता है।

| क्र.सं. | निविदा का कार्य | अस्थाई तहबाजारी हाट बाजार बाबत् |
|---|---|---|
| 1. | अनुमानित प्रारम्भिक आधार मूल्य राशि | 1350000 (1 वर्ष के लिए) |
| 2. | अमानत राशि | 27,000/- |
| 3. | निविदा शुल्क | 1000/- |
| 4. | MD, RISL | 500/- |
| 5. | निविदा आवेदन/डाउनलोड करने की तारीख | 04.02.2026 से 16.02.2026 तक |
| 6. | ऑन लाईन निविदा जमा कराने की अन्तिम तारीख | 16.02.2026 साय : 06.00 बजे तक |
| 7. | ऑन लाईन निविदा खोलने की तारीख | 17.02.2026 अपरान्त 02.00 बजे से |
| 8. | सभी दस्तावेज जमा कराने की तारीख | 17.02.2026 दोपहर 12.00 बजे तक नगर परिषद टोंक राजस्व शाखा मे |
| 9. | निविदा शुल्क MD, RISL शुल्क, धरोहर राशि निम्न प्रकार से जमा करवाना होगा | HDFC Bank A/c No-50100586858491 IFSC Code-0007384 आयुक्त नगर परिषद टोंक |

निविदा से संबंधित विवरण वेब साईट Portal/www.sppp.rajasthan.gov.in http://www.eproc.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकती है।

UBN DLB2526SLOB33128

आयुक्त
नगर परिषद, टोंक

राज.संवाद/सी/25/19414



**उत्तर पश्चिम रेलवे**

**PROFORMA 10.01**
**भारतीय रेलवे**

**No.: EL/C/JP/PRO,** **दिनांक 07.02.2026**

रेलवे लाइनों और परिसरों के सभी उपयोक्ताओ को एतत्द्वारा सूचना दी जाती है कि जयपुर मण्डल, उत्तर पश्चिम रेलवे के निम्नलिखित खण्ड पर 25000 वोल्ट 50 हर्ट्ज, एसी शिरोपरि कर्शण तारों को खण्ड के सामने विनिर्दिश्ट तारीख 31.01.2026 को या उसके बाद ऊर्जित किया जाएगा। उस तारीख पर और उस तारीख से शिरोपरि कर्शण लाइन को सब समय विद्युन्मय माना जाएगा और कोई अनाधिकृत व्यक्ति उस शिरोपरि लाईन की सामीप्यता में दाखिल होने या काम करने नहीं जाएगा।

| खण्ड | तारीख |
|---|---|
| **KWP YARD** KWP Yard, From KWP Yard, From KM: 221/818.25 (Loc. 221/47N) to Km. 224/533.00 (Loc. WSL-40 & WSL-41, L-11/3-4, L-12/5-6) of Khatipura yard line No.9 to 12 & 21 of Jaipur Division of North Western Railway. | **31.01.2026** |

**PROFORMA 10-02**
**भारतीय रेलवे**
**"सड़क उपयोक्ताओं को चेतावनी"**

जन साधारण को एतदद्वारा अधिसूचित किया जाता है कि नॉर्थ वेस्टर्न रेलवे के जयपुर डिवीजन की खातीपुरा यार्ड लाइन नंबर 9 से 12 तथा 21 के सेक्शन K WP यार्ड. **KM: 221 /818.25 (Loc. 221/47N) से Km 224/533.00 (Loc. WSL - 40 & WSL-41, L-11 / 3-4 L-12/5-6)** पर ओवरहेड ट्रैक्शन वायर 31.01.2026 को या उसके बाद 25 KV पर चार्ज किया जाएगा। सभी लेवल क्रॉसिंग पर हाइट गेज लगाए गए हैं, जिनकी सड़क लेवल से **क्लियर ऊंचाई 4.85 मीटर से 4.87 मीटर** है. ताकि ज़्यादा ऊंचाई वाले लोड लाइव ट्रैक्शन तारों (कॉन्टैक्ट वायर) के संपर्क में न आएं या **उनके खतरनाक रूप से पास न आएंए जो लेवल क्रॉसिंग पर रेल लेवल से कम से कम 5.5 मीटर की ऊंचाई पर होंगे।** जन साधारण को एतद्वारा अधिसूचित किया जाता है कि वाहनों के लदान के प्रयोजन के लिए उक्त विनिर्दिष्ट ऊंचाई का पालन करें और यह देखें कि सड़क वाहन में ढोये जा रहे लोड से किसी भी स्थिति में ऊंचाई गेजों का उलंघन न करें।

अत्यधिक ऊंचाई के लोड के खतरे निम्नानुसार है:- **1.** ऊंचाई गेज के लिए खतरा और उसके फलस्वरूप सड़क और रेलवे लाइन पर बाधा। **2.** वाहन पर ले जाये जा रहे सामग्रियों या उपस्कर को खतरा। **3.** चालको की खतरनाक सामीप्यता या संपर्क के कारण आग का खतरा और जीवन की हानि का खतरा।

मुख्य विधुत अभियंता
निर्माण, जयपुर

211-AR/26

हमें /NWRailways NWRailways_ पर फॉलो करें

## संक्षिप्त

### विधिक जागरूकता शिविर आयोजित

**शाहपुरा ।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर जिला जयपुर भँवरलाल बुगालिया एवं तालुका विधिक सेवा समिति शाहपुरा अध्यक्ष ललिता शर्मा अपर जिला एवं सत्र सैशन न्यायाधीश प्रथम के निर्देशन में अधिकार मित्र दिनेश कुमार शर्मा ने महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय बाडीजोडी में बाल- शिक्षा के अधिकार एवं आदिवासियों एवं जनजाति के कानूनी अधिकार, नालसा योजना 1987 अस्पृश्यता निवारण अधिनियम की विधिक जागरूकता शिविर आयोजित किया। इस शिविर की अध्यक्षता प्रभारी प्रधानाचार्य योगेश कुमार खटाना द्वारा की गई। अधिकार मित्र दिनेश कुमार शर्मा ने बताया कि साइबर क्राईम आज अखबारों की सुर्खियों में है। हमें अपने आधारकार्ड नम्बर, जन आधार कार्ड नम्बर, बैंक खाताधारक के नम्बर और अनजान नम्बरों से फोन आवे, तब उन्हें अपनी व्यक्तिगत जानकारी नहीं दे। बैंक अधिकारी, इन्कमटैक्स अधिकारी साईबर अधिकारी, पुलिस अधिकारी आपसे किसी भी तरह की व्यक्तिगत जानकारी नहीं मांगते है। आपको कोई धमकी मोबाइल फोन नम्बर पर दे तो आपको तत्काल साईबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर या पुलिस हेल्पलाइन 112 फोन नम्बर पर सूचित करके फोन से अपनी सिमकार्ड निकाल लेवें। आपको डरना नहीं है।आप जिला विधिक सेवा हेल्पलाइन नंबर 15100 पर सूचित करें। आपकी सावधानी ही आपके बचाव के लिए लाभकारी विकल्प है। संविधान के अनुच्छेद 17 का अधिकार विद्यालय में सभी छात्र-छात्राओं के साथ समानता, बिना किसी जातिगत भेदभाव के सभी को शिक्षा लागू करने का प्रावधान है। लोगों पर अत्याचार रोकथाम के तहत कानूनी कार्यवाही हो सकती है।इस अवसर पर महिला उत्पीड़न समिति की अध्यक्ष रेखा ने उपस्थित छात्र-छात्राओं को उत्पीड़न की स्थिति में आपको डरना नहीं है। इस अवसर पर अध्यापक गण रविशंकर शर्मा, सरदारसमंद रैगर, नारायण लाल शर्मा, सुमन कुमारी बुनकर, संतोष शर्मा, अनामिका शर्मा इत्यादि उपस्थित रहे। इस शिविर में लाभार्थियों की संख्या 109 रही।

### बैंकिंग योजनाओं की जानकारी दी

**पावटा ।** क्षेत्र की ठााम पंचायत भैसलाना स्थित राजकीय सीनियर सेकेंडरी स्कूल में भारतीय रिजर्व बैंक एवं नाबार्ड बैंक के संयुक्त तत्वावधान में आरोह फाउंडेशन द्वारा वित्तीय साक्षरता सप्ताह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं को बैंकिंग योजनाओं, साइबर सुरक्षा और वित्तीय जागरूकता से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। कार्यक्रम के दौरान फाइनेंशियल काउंसलर अमित यादव ने छात्र-छात्राओं को केवाईसी, साइबर फ्रॉड से बचाव, बैंकिंग सेवाओं के सुरक्षित उपयोग तथा विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, सुकन्या समृद्धि योजना और प्रधानमंत्री जनधन खाता योजना के लाभ एवं पात्रता के बारे में भी विद्यार्थियों को समझाया। अमित यादव ने बताया कि वित्तीय साक्षरता सप्ताह 9 फरवरी से 13 फरवरी तक मनाया जा रहा है। इस वर्ष का मुख्य विषय : सुरक्षित बैंकिंग की ओर पहला कदम रखा गया है। इसके अंतर्गत केवाईसी की मूल जानकारी, सेंट्रल केवाईसी रजिस्ट्री खाते की स्वच्छता और बैंकिंग अनुशासन जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विशेष रूप से जागरूक किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि इस दौरान बैंक कर्मचारियों द्वारा भी लोगों को वित्तीय सेवाओं से जोडने के प्रयास किए जाएंगे ।

### शोभा यात्रा निकाली

**कोटपूतली ।** जय बंशी वाले भक्ति से सेवा शक्ति परिवार द्वारा श्री श्याम निशान शोभा यात्रा का भव्य आयोजन किया गया। यात्रा को लेकर स्थानीय श्रद्धालुओं में भारी उत्साह और भक्ति का माहौल देखा गया। समिति अध्यक्ष दिलीप बाबा ने जानकारी दी कि यात्रा प्रातः 10 बजे हरिहर आश्रम से विधि-विधान के साथ प्रारंभ हुई। निशान हाथों में थामे श्रद्धालु श्याम बाबा के जयकारे लगाते हुये नगर के प्रमुख मार्गों से गुजरे। यात्रा की तैयारियां कई दिनों से चल रही थी ।

यात्रा का समापन मोरीजावाला धर्मशाला में हुआ, जहाँ उपस्थित श्रद्धालुओं को संतों का पावन सानिध्य और मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। कार्यक्रम के अंत में विशाल भंडारे में भक्तों ने पंगत प्रसादी पाई ।

# विधायक कुलदीप धनखड़ की मौजूदगी में स्वास्थ्य केंद्र का शिलान्यास

**पावटा ।** क्षेत्र के चहुंमुखी विकास के संकल्प के साथ विराटनगर विधायक कुलदीप धनखड़ ने आज विकास कार्यों की एक नई कडी जोड़ी । विराटनगर विधानसभा क्षेत्र में शिक्षा एवं स्वास्थ्य सुविधाओं को सुदृढ बनाने की दिशा में विधायक धनखड के मुख्य आतिथ्य में राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय, चौबाला के नवसृजित भवन तथा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र राजनोता के नए भवन का विधिवत शिलान्यास किया गया। कार्यक्रमों में जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों एवं ग्रामीणों की उपस्थिति रही। विधायक कुलदीप धनकड द्वारा विधानसभा क्षेत्र विराटनगर के ग्राम चौबाला स्थित राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय के नवसृजित भवन का विधिवत शिलान्यास किया गया। इस अवसर पर विधायक ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराना राज्य सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने बताया कि नए भवन के निर्माण से विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षिणक वातावरण मिलेगा तथा विद्यालय में बढ़ती छात्र संख्या को भी समुचित सुविधा मिल सकेगी। विधायक धनकड ने कहा कि सरकार शिक्षा के स्तर को मजबूत करने के लिए आधारभूत सुविधाओं का विस्तार कर रही है, जिससे ठाामीण क्षेत्र के विद्यार्थियों को शहरों जैसी सुविधाएं उपलब्ध हो सकें। उन्होंने ग्रामीणों से बच्चों को नियमित विद्यालय भेजने तथा शिक्षा के प्रति जागरूक रहने की अपील की। वही विद्यालय चारदिवारी के लिए 10 लाख की घोषणा की। वही इसके पश्चात विधायक द्वारा ग्राम पंचायत राजनौता में बस स्टैंड स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र (सीएचसी) के भवन का शिलान्यास किया गया। इस अवसर पर वक्ताओं ने विधायक धनखड के विजन और क्षेत्र के प्रति उनकी सक्रियता की सराहना की। इस दौरान जिला अध्यक्ष सुरेश बादलीवाल, जिला उपाध्यक्ष रिशाल सिंह शेखावत, प्रागपुरा मंडल अध्यक्ष विकास सिंह शेखावत, प्रदेश मंत्री आरती सिंह, गीता देवी, संतरा देवी, जिला पार्षद तेजपाल धनवाड़िया, संतरा देवी, प्रशासनिक अधिकारी, पार्टी पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।



विधायक कुलदीप धनखड के मुख्य आतिथ्य में राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय, चौबाला के नवसृजित भवन का शिलान्यास हुआ।

- ग्रामीण क्षेत्रों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराना व स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ करना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल

### विराट हिन्दू सम्मेलन 17 को

**कोटपूतली ।** कस्बे के लक्ष्मी नगर स्थित श्रीराम मंदिर में सोमवार को निरंजन दास महाराज, रामबच्चन दास महाराज व विजय कुमार शास्त्री के सानिध्य में आगामी 17 फरवरी को आयोजित किये जाने वाले प्रताप बस्ती के विराट हिन्दू सम्मेलन को लेकर बैठक का आयोजन किया गया। समिति अध्यक्ष विजय शास्त्री ने बताया कि सनातन शक्ति वह शक्ति है जो वासुदेव कुटुम्बकम के विचार पर आधारित हैं, हिन्दू सम्मेलन आज राष्ट्र की आवश्यकता और सामाजिक समरसता व संस्कृति को बनाये रखने के लिये इस प्रकार के आयोजन की अति आवश्यकता हैं। बैठक में कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारियों का वितरण किया गया। इस दौरान रामविलास सिंघल, राजेन्द्र सैनी, नेमीचंद हिंदू, पूर्व चैयरमैन एड. महेंद्र कुमार सैनी, नरेश मेहरा, नेतराम, भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष अरुण कुमार सैनी, केशव, हेमंत, महेष कुमार, बिल्लूराम सैनी समेत अन्य मौजूद रहें।

# फुलेरा में पेंशनर समाज का जिला अधिवेशन इक्कीस को

**फुलेरा ।** राजस्थान पेंशनर समाज उपशाखा फुलेरा की मासिक बैठक उपशाखा अध्यक्ष शक्ति सिंह की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में 21 फरवरी को बगरु में आयोजित होने वाले जिला अधिवेशन को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। साथ ही बैठक में पेंशनरों की विभिन्न समस्याओं के समाधान को लेकर विचार-विमर्श किया गया। आरजीएचएस योजना में आ रही कठिनाइयों, बैंक से संबंधित समस्याओं एवं पेंशन खातों के संचालन में आ रही बाधाओं को प्रमुखता से उठाया गया। पेंशनरों ने मांग की कि इन समस्याओं के शीघ्र समाधान के लिए सरकार से पत्राचार किया जाए। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि पेंशनरों के बैंक खाते बिना किसी अनावश्यक रोक-टोक के सुचारु रूप से संचालित किए जाएं। एसबीआई बैंक द्वारा पेंशनरों को बीमा का लाभ दिया जा रहा है, अपने अकाउंट को पेंशन अकाउंट के नाम से खुलवाएं तभी लाभ मिल सकेगा। बैठक में संगठन को और अधिक मजबूत बनाने तथा अधिक से अधिक पेंशनरों को जोड़ने पर भी सहमति बनी। अंत में सभी उपस्थित सदस्यों ने एकजुट होकर पेंशनरों के हित में संघर्ष जारी रखने का संकल्प लिया। बैठक में नंदकिशोर शर्मा, रामलाल, रामगोपाल, भंवरलाल कुमावत, इकरामुद्दीन कुरेशी, शीला वायलेट, गंगाकाशी जाट, रामअवतार गुप्ता, कन्हैयालाल, बोदूराम गोदारा, मुरारी लाल, नाथूलाल महावर सहित अन्य पेंशनर मौजूद रहे।



राजस्थान पेंशनर समाज उपशाखा फुलेरा की मासिक बैठक उपशाखा अध्यक्ष शक्ति सिंह की अध्यक्षता में आयोजित हुई।

# बीमा कम्पनी को 15 लाख रु. अदा करने के आदेश

**दौसा।** स्थाई लोक अदालत दौसा में पूर्णकालिक अध्यक्ष राजेश चंद्र गुप्ता एवं सदस्य अशोक कुमार शर्मा व सुरेश कुमार गोयल ने लम्बीत एक प्रकरण में बीमा कम्पनी को बीमा राशि 15 लाख रूपये अदा करने के आदेश दिए।

प्राधिकरण के सचिव संतोष अठावाल ने बताया कि प्रार्थिया जयबाई देवी के पति जयसिंह सैनी ने 1022/- रूपये अप्रार्थी बीमा कंपनी को अदा कर वाहन महिन्द्रा बोलेरो संख्या आरजे 29 यूए 8098 का बीमा कराया हुआ था। 6 जनवरी 2024 को जयसिंह सैनी की सड़क दुर्घटना में आई चोटों के कारण दौराने ईलाज 20 जनवरी 2024 को मृत्यु हो गई। जिस पर प्रार्थिया ने अप्रार्थी बीमा कंपनी में मूल बीमा राशि 15 लाख रूपये बीमा क्षतिपूर्ति हेतु बीमा दावा पेश किया।

जिसे बीमा कंपनी ने यह कहते हुए खारिज कर दिया था कि प्रार्थीगण द्वारा मृतक जयसिंह सैनी की मृत्यु किस प्रकार व कैसे हुई व किसकी गलती से हुई नहीं बताना, सडक दुर्घटना से ना होकर अन्य कारणों से मृत्यु होना, मृतक चालक के पास कोई वैद्य डीएल नहीं होना, मृतक द्वारा बीमा पॉलिसी की शर्तों का उल्लघंन करना, असल बीमा पॉलिसी उपलब्ध नहीं कराना, समय पर मृत्यु की सूचना बीमा कंपनी को नहीं देना बताया है। जिस पर न्यायालय स्थाई लोक अदालत ने पत्रावली में उपलब्ध दस्तावेज, तर्कों व साक्ष्य के आधार पर अपने निर्णय में कथन किए कि प्रथम सूचना रिपोर्ट में तफ्तीश कर्ता ने घटना सडक दुर्घटना से होना, मृतक जयसिंह का ड्राईविंग लाईसेंस व बीमा पॉलिसी पत्रावली में पेश करना, मृतक द्वारा बीमा पॉलिसी की किन-किन शर्तों का उल्लघंन किया है उसका उल्लेख नहीं करना बताते हुए अप्रार्थी के तर्कों को खारिज किया है।

- स्थाई लोक अदालत दौसा में पूर्णकालिक अध्यक्ष राजेश चंद्र गुप्ता एवं सदस्य अशोक कुमार शर्मा व सुरेश कुमार गोयल ने लम्बीत एक प्रकरण में बीमा कम्पनी को बीमा राशि 15 लाख रूपये अदा करने के आदेश दिए

### नबजनी का मुख्य आरोपी पकड़ा

**फुलेरा ।** नकबजनी के एक मामले में फुलेरा थाना पुलिस को बडी सफलता हाथ लगी है। फरार चल रहे आरोपी गिरिराज उर्फ मुकेश को गिरफ्तार कर घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल जब्त की गई है। इससे पूर्व इस प्रकरण में एक अन्य आरोप घनश्याम उर्फ भालू को गिरफ्तार कर चोरी का माल बरामद किया जा चुका है। फुलेरा थानाधिकारी राजेंद्रकुमार यादव ने जानकारी देते हुए बताया कि विगत 21 दिसंबर 2025 को परिवादी किशनलाल जाट, निवासी ग्राम सामलपुरा थाना नरैना जिला जयपुर हाल निवासी 49 अनुविहार कॉलोनी, जोबनेर रोड फुलेरा ने थाना फुलेरा में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। रिपोर्ट में बताया गया कि 18 दिसंबर 2025 को दोपहर करीब 12 बजे जब वे अपने घर पहुंचे तो मुख्य द्वार व अन्य कमरों के ताले टूटे हुए मिले तथा घर का सामान बिखरा पड़ा था। जांच करने पर एलईडी टीवी, चांदी की अंगूठियां व गले की चैन, कुछ घरेलू सामान एवं 5000 रुपए नकद चोरी होना पाया गया। थाने पर मामला दर्ज कर अनुसंधान प्रारंभ किया गया। पुलिस द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए 22 दिसंबर 2025 को आरोपी घनश्याम उर्फ भालू को डिटेन कर गिरफ्तार किया गया तथा चोरी का माल बरामद किया गया था, जबकि अन्य आरोपी फरार चल रहे थे।

# एसपी से अब आगुन्तकों का मिलना सहज होगा

**कोटपूतली।** भारत सरकार के डिजिटल इंडिया पहल के तहत वर्ष 2019 में विकसित किया गया स्वागतम-गोव-इन पोर्टल सरकारी कार्यालयों में आगन्तुकों के प्रवेश की प्रक्रिया को सुव्यवस्थित और पारदर्शी बनाने का एक अभिनव प्रयास है। यह पोर्टल एक केंद्रीकृत, क्लाउड आधारित समाधान हैं, जिसे राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र (एनआईसी) द्वारा विकसित किया गया हैं। इसका मुख्य उद्देश्य सरकारी अधिकारियों से मिलने की प्रक्रिया को आसान, सुरक्षित और कुशल बनाना हैं, जिससे नागरिकों को असुविधा से बचाया जा सकें।

जिला पुलिस अधीक्षक द्वारा आगन्तुकां के प्रबंधन में दक्षता, बेहतर सुरक्षा व्यवस्था और प्रशासनिक कार्यों में पारदर्शिता लाने के साथ आगन्तुकों के समय की बचत और मिलने की प्रक्रिया को आसान बनाने हेतु इस प्रक्रिया को अपनाया गया हैं, जिसमें कार्यालय में आने वाले आगन्तुक अपनी समस्याओं की सुनवाई हेतु ऑनलाईन अपॉइंटमेंट से अथवा कार्यालय में आकर अपना पंजीकरण करवा सकते हैं (आगन्तुक अपना फोटो व आई.डी. कृपया साथ रखें)।

कार्यालय में पंजीकरण हेतु रिसेप्शन पर आगन्तुक का विवरण, आने का कारण, फोटो, आई.डी. आदि विवरण दर्ज कर पंजीकरण रसीद उपलब्ध करवाई जायेगी।

स्वागतम पोर्टल से परिवादी ऑनलाईन माध्यम से अपॉइंटमेंट ले सकते है जो अधिकारी द्वारा स्वीकार किया जायेगा और मिलने का समय मय स्थान ऑनलाईन ही अद्यतन किया जायेगा। इस प्रक्रिया से नागरिकों को लम्बी कतारों से मुक्ति व समय की बचत होगी।

उक्त प्रक्रिया जिला कोटपूतली-बहरोड़ में सोमवार से प्रायोगिक तौर पर लागू की जा चुकी है। इससे जिला पुलिस अधीक्षक कार्यालय में एसपी व एएसपी एवं विभिन्न शाखा प्रभारियों का अपॉइंटमेंट ले सकते हैं। इसका आधिकारिक उद्घाटन 16 फरवरी को जिला पुलिस अधीक्षक देवेन्द्र कुमार बिश्नोई द्वारा किया जायेगा।

- स्वागतम् वेब पोर्टल सरकारी कार्यालयों में आगन्तुकों के प्रवेश की प्रक्रिया को सुव्यवस्थित और पारदर्शी बनाने का एक अभिनव प्रयास

### स्काउट गाइड रोवर रेंजर का सम्मान 11 को

**भरतपुर** (निस)। राजस्थान राज्य भारत स्काउट व गाइड राज्य मुख्यालय जयपुर के निर्देशानुसार जिला स्तर पर राज्य पुरस्कार स्काउट गाइड रोवर रेंजर जांच शिविर आयोजित किया गया। जिसमें 123 स्काउट 93 गाइड एवं 23 रोवर 23 रेंजर ने जांच शिविर में सम्मिलित होकर सफलता प्राप्त की।

जिसका सम्मान समारोह राज्यपाल हरिभाऊ किसानराव बागडे के मुख्यातिथ्य में 11 फरवरी को प्रातः 09:00 बजे जगतपुरा जयपुर में आयोजित किया जा रहा है। गिरिराज प्रसाद गर्ग सहा. राज्य संगठन आयुक्त ने बताया कि रोवर निर्मल खींची एम.एस.जे. कॉलेज, ज्योति लक्ष्मीबाई ओपन रेंजर टीम भरतपुर, स्काउट्स अभिषेक, सचिन, प्रियांशु, शान्ति देव एवं सुरेन्द्र सिंह जाखड अध्यापक रा.उ.मा.वि. मैनापुरा, गाइड्स खुशी कुमारी, दिव्या एवं विमलेश कुमारी म.गा.रा.वि. भदीरा यूनिट लीडर विमेलश कुमारी, के नेतृत्व में जिले के समस्त स्काउट गाइड रोवर रेंजर का सम्मान प्राप्त करेंगें।

# मेवात में बालिकाओं को शिक्षित बनाने की पहल

**किशनगढ़ बास ।** एमिड संस्थान व अजे डब्लू एस फाउन्डेशन द्वारा संचालित परियोजना बेहतर कल के लिए पहल के तहत सोमवार को राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय मिर्जापुर मे केरियर परामर्श शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में गांव सरपुर मिर्जापुर चोडावता बृसंगपुर मलखाबास के बच्चों ने भाग लिया। शिविर में एमिड संस्थान के सचिव नूरमोहम्मद ने बालक बालिकाओं को बताया कि मेवात क्षेत्र में बालिकाओं को कम पढाया जाता है। संस्था मेवात मे पिछले 25 सालों से बालिका शिक्षा को बढावा देने के लिए मेवात में निरन्तर काम कर रही है। बालिकाओं को जीवन कोशल के सत्र देकर उनको आत्म जागरुक वे सशक्तिकरण का कार्य कर रही है। उन्होंने छात्र छात्राओ को उनकी रूची के आधार पर केरियर के प्रति मोटिवेट करते हुए बताया कि हम पढाई कर रहे है लेकिन हमको अपना लक्ष्य तय करना होगा कि हमको क्या बनना है हमारा लक्ष्य क्या है लक्ष्य को तय कर लक्ष्य को ध्यान मे रखते हुए वही विषय का चुनाव करना होगा। दसवी के बाद काफी ऐसे कोर्स व डिप्लोमा है जिनमे काफी अच्छा स्कोप है। कक्षा 11 व 12 में हमको लक्ष्य को ध्यान मे रखते हुए विषयों को चुनना होता है। मैनेजिंग डायरेक्टर शाहरूख नूर ने बच्चो को केरियर परामर्श शिविर के बार मे विस्तार से बताया ओर केरियर के प्रति मोटीवेट किया । बच्चों को अपना लक्ष्य तय कर आगे बढने के प्रती मोटीवेट किया। संस्थान की डिप्टी डायरेक्टर आशा नांरग ने बताया संस्थान किशनगढ बास के 25 गांवों में बेहतर कल के लिए पहल पर गांव गांव में बच्चों को उनके केरियर के बारे जागरूक कर रही। लगभग 2000 हजार बच्चो को केरियर परामर्श शिविरो से जागरूक किया जा चुका है। मिर्जापुर स्कूल के प्रिंसीपल रविन्द्र कुमार ने बच्चो को उनके उज्जवल भविष्य का कामना करते हुए बच्चो को करियर के प्रती जागरूक किया और बच्चो को लक्ष्य तय कर आगे बढने के लिए प्रेरित किया।




मेवात के मिर्जापुर स्कूल में शिविर लगाकर छात्रों को कैरियर की जानकारी दी ।

- किशनगढ़ बास के गांव मिर्जापुर में मेवात के पांच गांवों के बच्चों को शिविर लगाकर किया गया प्रेरित
- शिविर के माध्यम से 2000 से अधिक बच्चों को शिक्षा के प्रति जागरूक किया

## सार-समाचार

### फरार लूटेरा गिरफ्तार

**सांभरझील ।** जोबनेर पुलिस ने ज्वैलर्स से लूट के दर्ज प्रकरण में 15 माह से फरार चल रहे 5 हजार रूपये के ईनामी आरोपी को गिरफ्तार कर लूटे गए आभूषण बरामद कर लिए। राशि डोगरा डूडी उप महानिरीक्षक पुलिस, सह-पुलिस अधीक्षक जिला जयपुर ठाामीण ने बताया कि परिवादी ने पुलिस थाना जोबनेर पर रिपोर्ट दर्ज करवायी की गांव हिंगोनिया मे पप्पुराम जैन कि दुकान को पिछले 3 साल से किराये पर लेकर श्रीराम जवैलर्स के नाम से जवैलर्स की दुकान कर रखी है। 13.10.24 की शाम को दुकान को बंन्द करके दुकान में रखा ज्वैलरी का सामान सोना व चाँदी के आभुषण, ढाई लाख रूपये नगद, एक मोबाइल फोन दो बैगों में रखकर दुकान घर पर जा रहा था तो घर से 300 मीटर पहले तीन लड़के बजाज सीटी 100 मोटरसाइकिल लेकर खड़े थे जिन्होने रोककर पिस्टल लगाकर दो बैगो में रखा सामान लूटकर ले गये थे। पुलिस ने यह भी बताया कि लूट की वारदात का खुलासा कर 6 आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका था तथा आरोपी अर्जुन उर्फ एप्पल पुत्र विनोद कुमार जाति सोनी निवासी रेवासा थाना जीणमाता जिला सीकर घटना के बाद से ही फरार चल रहा था जिसकी गिरफ्तारी पर 5 हजार रूपये के ईनाम की घोषणा की गई थी। प्रकरण में फरार आरोपी को शिघ्र गिरफ्तार करने हेतु अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मुख्यालय रजनीश पूनियां के निर्देशन में सेक्टर मुख्यालय स्तर पर जिला स्पेशल पुलिस टीम का गठन किया गया। गठित टीम द्वारा आसूचना संकलन व तकनीकी सहायता द्वारा अथक प्रयास करते हुए लूट की वारदात करने वाले आरोपी को रैवासा सीकर से डिटेन कर थानाधिकारी जोबनेर को सुपुर्द किया गया जिस पर थानाधिकारी जोबनेर ने लूट के आरोपी को गिरफ्तार कर आरोपी के कब्जे से ज्वैलर्स से लूटे गये सोने व चांदी के आभूषण बरामद करने में सफलता प्राप्त की है।

### महिला सशक्तिकरण पर कार्यशाला

**कोटपूतली ।** कस्बे के डाबला रोड स्थित राजकीय कन्या महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के सात दिवसीय विशेष शिविर के तृतीय दिवस सोमवार को प्रशिक्षु आरपीएस पल्लवी गुप्ता के मुख्य आतिथ्य में महिला सशक्तिकरण विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में छात्राओं को आत्मनिर्भर बनकर अपने जीवन के लक्ष्यों को प्राप्त करने और सशक्त व्यक्तित्व विकसित करने का संदेश दिया गया। मुख्य अतिथि आरपीएस पल्लवी गुप्ता ने कहा कि आत्मनिर्भर महिला ही सशक्त महिला होती है। उन्होंने छात्राओं को शिक्षा के साथ कौशल विकास पर ध्यान देने, स्वयं निर्णय लेने की क्षमता विकसित करने और आत्मविश्वास के साथ अपने सपनों को पूरा करने के लिये प्रेरित किया। उन्होंने मोबाइल के दुरुपयोग से बचते हुये उसे शिक्षा और सकारात्मक कार्यों में उपयोग करने का आ ान किया। उन्होंने छात्राओं से संवाद कर उनके भविष्य के लक्ष्यों के बारे में जानकारी प्राप्त की तथा उन्हें सफल होने के लिये महत्वपूर्ण सुझाव दिये। कार्यक्रम में महिला सुरक्षा के तहत राज्य सरकार की महिला पुलिस की कालिका यूनिट से कुसुमलता ने छात्राओं को एवं आपातकालीन हैल्पलाईन नं. 1090, 100 व 112 के उपयोग की जानकारी दी। साथ ही महिला सुरक्षा से जुडे विभिन्न मोबाईल एप डाउनलोड करने और उनके प्रभावी उपयोग के बारे में भी बताया। राजनीति विज्ञान के सहायक आचार्य विमल यादव ने प्रेरक प्रसंगों के माध्यम से छात्राओं को लक्ष्य के प्रति समर्पित रहने और निरंतर प्रयास करते रहने के लिये प्रेरित किया। छात्राओं ने स्वच्छता गतिविधियों के साथ खेलकूद प्रतियोगिताओं और नेतृत्व क्षमता विकास से जुड़े कार्यक्रमों में भाग लिया, जिनमें विजेताओं को पुरूस्कृत किया गया। कार्यक्रम अधिकारी यामिनी यादव व डॉ. प्रिया खंगरावत ने अतिथियों का स्वागत करते हुये शिविर की दैनिक गतिविधियों की जानकारी दी।

### महिला व बाल अधिकार बताए

**शाहपुरा ।** सत्यार्थी मूवमेंट फॉर ग्लोबल कम्पैशन, बाल आश्रम द्वारा संचालित बाल मित्र ग्राम सुरजपुरा के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में निःशुल्क विधिक सहायता एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर बाल आश्रम संस्थापिका सुमेधा कैलाश के निर्देशन में तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोटपूतली-बहरोड़ के सानिध्य में विधिक सेवा समिति विराटनगर के संयुक्त तत्वावधान में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में भाभरू थानाधिकारी रामकिशोर चौधरी मुख्य अतिथि एवं मुख्य वक्ता के रूप में तथा कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय प्रधानाचार्य धर्मराज गुर्जर ने की एवं शिविर में तालुका विधिक सेवा समिति विराटनगर से पैरालीगल वालंटियर मुकेश कुमार सैनी एवं मनीष मिठावा तथा पुलिस सखी मोनू शेखावत की उपस्थिति रही। विधिक जागरूकता शिविर का उद्देश्य महिला एवं बाल सुरक्षा, घरेलू हिंसा, बाल विवाह, पोक्सो अधिनियम तथा लोगों को उनके संवैधानिक एवं कानूनी अधिकारों के प्रति जागरूक करना रहा। साथ ही आमजन को निःशुल्क कानूनी सहायता की जानकारी भी दी गई। इस अवसर पर थानाधिकारी रामकिशोर चौधरी ने कहा कि किसी भी प्रकार के शोषण, हिंसा या अन्याय की स्थिति में पीड़ितों को डरने की आवश्यकता नहीं है। पुलिस आमजन की मित्र है और समाज में विश्वास कायम करना उसका उद्देश्य है। उन्होंने महिला सुरक्षा के लिए गरिमा हेल्पलाइन 181 एवं बच्चों के लिए चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 के संबंध में जानकारी दी। पैरालीगल वालंटियर मुकेश कुमार सैनी ने बच्चों व अभिभावकों को लैंगिक भेदभाव, कन्या भ्रूण हत्या, बाल विवाह रोकथाम तथा शिक्षा के अधिकार से जुड़े कानूनी प्रावधानों की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि कानून का सही ज्ञान सामाजिक बदलाव की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। शिविर में बाल मित्र ठााम सुरजपुरा, छीतौली व बागावास अहिरान सहित आसपास के गांवों से आए 265 से अधिक ठाामीणों, महिलाओं, किशोर-किशोरियों एवं युवाओं ने भाग लिया। प्रतिभागियों द्वारा पूछे गए प्रश्नों का विशेषज्ञों ने समाधान किया। कार्यक्रम में महिला मंडल, युवा मंडल, बच्चों, गणमान्य नागरिकों एवं करुणा सर्किल के सदस्यों की सक्रिय सहभागिता रही।

### सहायता शिविर 10 से

**दौसा ।** विमुक्त, घुमंतू एवं अर्द्ध घुमंतू समुदाय के पात्र व्यक्तियों को केन्द्र एवं राज्य सरकार की योजनाओं से जोड़ने के लिए 10 फरवरी से सहायता शिविर लगाए जाएंगे। जिला परिवीक्षा एवं समाज कल्याण अधिकारी रामराज मीणा ने बताया कि लवाण ठाामीण के लिए 10 व 11 फरवरी को पंचायत समिति लवाण, सिकराय (ठाामीण एवं शहरी) के लिए 11 व 12 फरवरी को सभागार पंचायत समिति सिकराय, सिकंदरा (ठाामीण एवं शहरी) के लिए 11 व 12 फरवरी को अटल सेवा केन्द्र सिकंदरा, मंडावर (ग्रामीण एवं शहरी) के लिए 11 व 12 फरवरी को नगरपालिका मंडावर, बैजूपाड़ा ग्रामीण के लिए 11 व 12 फरवरी को अटल सेवा केन्द्र बैजूपाड़ा, महवा ग्रामीण के लिए 11 व 12 फरवरी को पंचायत समिति महवा, महवा शहरी के लिए 11 व 12 फरवरी को नगरपालिका महवा, बसवा ठाामीण के लिए 12 फरवरी को सभागार पंचायत समिति बसवा, लालसोट (ठाामीण एवं शहरी) के लिए 12 फरवरी को पंचायत समिति लालसोट में शिविर आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि सहायता शिविरों के माध्यम से विमुक्त, घुमंतू एवं अर्द्ध घुमंतू समुदाय के पात्र व्यक्तियों के मतदाता पहचान पत्र, आधार कार्ड, जाति प्रमाण पत्र, मूल निवास प्रमाण पत्र सहित अन्य आवश्यक दस्तावेजों के लिए आवेदन किए जाएंगे।

### योजनाओं के प्रचार-प्रसार के निर्देश

**कोटपूतली ।** एडीएम ओमप्रकाश सहारण ने सोमवार को स्थानीय नगर परिषद में आयोजित ग्राम उत्थान शिविर का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा प्राप्त आवेदनों एवं उनके निस्तारण की प्रगति की विभागवार समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिये कि शिविर में प्राप्त सभी आवेदनों का समयबद्ध, पारदर्शी एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जायें। उन्होंने कहा कि ग्राम उत्थान शिविरों का उद्देश्य ग्रामीणों को योजनाओं का वास्तविक लाभ दिलाना है, इसलिये किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जायेगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिये कि शिविर में आये किसानों एवं ग्रामीणों को राज्य एवं केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी उपलब्ध करवाई जायें तथा पात्र लाभार्थियों को योजनाओं से जोड़ते हुये उन्हें जागरूक किया जायें।

### साक्षात्कार स्थगित

**दौसा ।** खाद्य विभाग के निर्देशानुसार जिले में रिक्त एवं नई सृजित उचित मूल्य दुकानों (एफपीएस) के चयन और आवंटन की प्रक्रिया के तहत 10 से 17 फरवरी तक होने वाले साक्षात्कार अपरिहार्य कारणों से स्थगित किए गए हैं। जिला रसद अधिकारी मोहन लाल देव ने यह जानकारी देते हुए बताया कि आवेदनकर्ताओं को साक्षात्कार की नवीन तिथि के बारे में अवगत करवा दिया जाएगा।



हार्दिक पांड्या के साथ खेलना या उनसे मिलना उनके लिए किसी सपने के सच होने जैसा होगा। उन्होंने साफ कहा कि वह उनके खिलाफ गेंदबाजी करने से ज्यादा उनसे सीखने और बातचीत करने को उत्सुक हैं। - थॉमस ड्राका

पूर्व पाकिस्तानी खिलाड़ी सूर्यकुमार यादव को लेकर बोलते हूए।




**आज का खिलाड़ी ▶** दक्षिणेश्वर सुरेश



**दक्षिणेश्वर सुरेश** ने यादगार प्रदर्शन करते हुए निर्णायक पांचवां मुकाबला अपने नाम कर भारत को रविवार को डेविस कप में नीदरलैंड पर 3 . 2 से जीत दिलाई जिससे भारत ने क्वालीफायर्स के दूसरे दौर में प्रवेश कर लिया। दूसरी बार डेविस कप खेल रहे 25 वर्ष के दक्षिणेश्वर ने दोनों एकल मुकाबले और युकी भांबरी के साथ युगल मुकाबला जीता जिससे लिएंडर पेस के 2004 में जापान के खिलाफ किये गए चमत्कारिक प्रदर्शन की याद जाता हो गई। पेस ने उस समय दोनों एकल और एक युगल मैच जीतकर अकेले दम पर भारत को जीत दिलाई थी।

**क्या आप जानते हैं ?...दोनों टीमों के बीच कुल 211 मैच खेले गए हैं, जिनमें पाकिस्तान ने 88 और भारत ने 80 मैच जीते हैं। टेस्ट और वनडे में पाकिस्तान ने भारत से अधिक मैच जीते हैं।**

## साउथ अफ्रीका ने कनाडा को 57 रन से हराया

अहमदाबाद, 9 फरवरी। साउथ अफ्रीका ने टी-20 वर्ल्ड कप 2026 के 9वें मैच में कनाडा को 57 रन से हरा दिया है। यह अफ्रीकी टीम की पहली जीत है। इस जीत के साथ टीम ग्रुप डी के पॉइंट्स टेबल के पहले स्थान पर आ गई है। अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में कनाडा ने टॉस जीतकर बॉलिंग चुनी। साउथ अफ्रीका ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 4 विकेट खोकर 213 रन बना दिए। यह मौजूदा टूर्नामेंट का सबसे बड़ा स्कोर है। साउथ अफ्रीका के कप्तान ऐडन मार्करम ने 32 बॉल पर 59 रन की पारी खेली। डेविड मिलर ने 39 और ट्रिस्टन स्टब्स ने 34 रन बनाए। कनाडा के अंश पटेल ने 3 विकेट लिए। जवाब में कनाडा 20 ओवर के बाद 8 विकेट के नुकसान पर 156 रन तक ही पहुंच सकी है। नवनीत धालीवाल ने सबसे ज्यादा 64 रन बनाए। हर्ष ठाकर ने 33 रन का योगदान दिया।

## जम्मू-कश्मीर पहली बार रणजी ट्रॉफी के सेमीफाइनल में

नई दिल्ली, 9 फरवरी। जम्मू-कश्मीर की टीम ने इतिहास रचते हुए क्वार्टर फाइनल में मध्य प्रदेश को 56 रन से हराया। पहली बार जम्मू-कश्मीर की टीम ने रणजी ट्रॉफी के सेमीफाइनल में जगह बनाई। इस मैच में आकिब नबी ने पहली पारी में 7 और दूसरी पारी में 5 विकेट लेकर कुल 12 विकेट मैच में झटके। इस खिलाड़ी को प्लेयर ऑफ द मैच भी चुना गया। इंदौर के होलकर स्टेडियम में पहले बैटिंग करते हुए जम्मू-कश्मीर 194 रन पर ऑलआउट हो गया। शुभम खजुरिया ने 60 और युद्धवीर सिंह चरक ने 41 रन बनाए। कुलदीप सेन ने 5 विकेट लिए। मध्य प्रदेश अपनी पहली पारी में 152 रन पर ही सिमट गया। यश दुबे ने फिफ्टी लगाई। जम्मू-कश्मीर के लिए आकिब नबी ने 40 रन देकर 7 विकेट लिए। सुनील कुमार को 3 विकेट मिले।

दूसरी पारी में जम्मू-कश्मीर ने फिर एक बार निचले क्रम के बैटर्स की मदद से 248 का स्कोर बना दिया। वंशराज शर्मा ने 54 रन बनाए। कुलदीप सेन ने 4 विकेट लिए। मध्य प्रदेश 291 रन का टारगेट मिला। इसके जवाब में टीम 234 रन पर ऑलआउट हो गई।

## जयपुर के स्थानीय गणपति नगर रेलवे ग्राउंड पर इंटर डिवीजन क्रिकेट टूर्नामेंट का आगाज



जयपुर, 9 फरवरी। गौरव मीना और धर्मवीर कुमार सैनी के शानदार प्रदर्शन से जयपुर डिविजन रेलवे की टीम जीती। पहले बल्लेबाजी करते हुए अजमेर डिवीजन ने 125 रन बनाए। जिसमें निखिल डोरू व प्रदुमन पारीक ने 23-23 रन का योगदान दिया। गेंदबाजी में गौरव मीना ने 3 विकेट व लखन भारती ने 2 विकेट लिए। जवाब में जयपुर डिवीजन की टीम ने 15.2 ओवर में 126 बना कर जीत दर्ज की। जिसमें धर्मवीर कुमार सैनी ने 81 रन व अंशुल गढ़वाल ने 32 रन बनाए। मैन ऑफ़ द मैच धर्मवीर कुमार सैनी। डीआरएम व प्रेसिडेंट जेडीसीए रवि जैन सर व सेक्रेटरी जेडीसीए सीनियर डीएससी आरपीएफ कमांडर ओंकार सिंह सर व अर्जुन अवार्ड खेलकूद संघ के स्पोर्ट्स ऑफिसर जितेंद्र सिंह मुख्य अतिथि के रूप में पधारे।

## राजस्थान यूथ ने जयपुर क्लब को हराया, भावित कुमावत का शतक




जयपुर, 9 फरवरी। जयपुर जिला क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित व वन रियलिटी द्वारा प्रायोजित के एल सैनी ए डिवीजन लीग में आज के एल सैनी स्टेडियम पर खेले गए मैच में राजस्थान क्रिकेट क्लब ने जयपुर क्लब को 52 रनो से हराया। जयपुर क्लब ने टॉस जीतकर पहले राजस्थान यूथ क्लब को बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किया । राजस्थान यूथ क्रिकेट क्लब ने भावित कुमावत के 127 रन (121 गेंद, 10 चौके व 5 छक्के) रन, कुमार वासुदेव के 24 रन, भुवनेश शर्मा के 31 रन, अभय शर्मा के 43 रन, भगवत सिंह के 37 रन रिहान अली के 33 रन नाबाद व हिमांशु राणा के 41 रनो से 50 ओवर में 8 विकेट पर 383 रनो का विशाल स्कोर बनाया। जयपुर क्लब के लिए निखिल कोहली ने 98 पर 5, हर्षित शर्मा ने 70 पर 2, लोहित केवलिया ने 59 पर एक विकेट लिया। जवाबी पारी में जयपुर क्लब की टीम विवेक सैनी के 24 रन, दक्ष कासलीवाल के 51 रन, मोहम्मद खूबेब के 27 रन, अनिकेत श्रीवास्तव के 50 रन, अर्णव गौतम 51 रन से 45.1 ओवर में 331 रन बनाकर आउट हो गई । राजस्थान यूथ क्रिकेट क्लब के लिए शुभम खंडेलवाल ने 56 पर 3, भुवनेश शर्मा ने 40 पर 2, हिमांशु राणा ने 70 पर 2, रोहन सिंह ने 50 पर 2 व रिहान अली ने 55 पर एक विकेट लिया।

# आईसीसी ने पाकिस्तान की तीनों शर्तें खारिज की, मोहसिन नकवी को 24 घंटे का अल्टीमेटम

नई दिल्ली, 9 फरवरी। अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने भारतीय टीम के साथ द्विपक्षीय श्रृंखलाओं को फिर से शुरू करने की पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) की मांग को खारिज कर दिया है। यह ध्यान देने योग्य है कि पीसीबी ने ये मांगें तब रखीं जब पाकिस्तान सरकार ने चल रहे टी20 विश्व कप 2026 में भारत के खिलाफ खेलने से इनकार कर दिया था, जिसके बाद एक बैठक हुई थी। यह उल्लेखनीय है कि टी20 विश्व कप के बहिष्कार विवाद के मद्देनजर पीसीबी ने आईसीसी के सामने तीन मांगें रखीं; बोर्ड ने भारत के साथ द्विपक्षीय श्रृंखलाओं को फिर से शुरू करने की मांग की, साथ ही भारत, बांग्लादेश और पाकिस्तान के बीच त्रिकोणीय श्रृंखला की भी मांग की।




इसके अलावा, उन्होंने सितंबर में प्रस्तावित श्रृंखला के लिए भारत के बांग्लादेश दौरे का भी अनुरोध किया। हालांकि, आईसीसी ने इन मांगों को खारिज कर दिया है। खबरों के मुताबिक, बोर्ड ने कहा है कि उनके पास भारत टीम को पाकिस्तान के साथ द्विपक्षीय श्रृंखला खेलने की अनुमति देने का अधिकार क्षेत्र नहीं है। यह अधिकार बीसीसीआई के पास है, और बोर्ड भारतीय सरकार द्वारा दिए गए निर्देशों का पालन करेगा। यह उल्लेखनीय है कि आईसीसी ने लाहौर में अपनी बैठक के बाद पीसीबी को 15 फरवरी को भारत के खिलाफ होने वाले मैच में भाग लेने या न लेने के संबंध में अंतिम निर्णय देने के लिए एक दिन का समय दिया था। आईसीसी ने पीसीबी के अध्यक्ष मोहसिन नकवी को पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ से परामर्श करने और बोर्ड के रुख की पुष्टि करने के लिए एक दिन का समय दिया है। वैश्विक शासी निकाय द्वारा भारत-पाकिस्तान मैच की स्थिति पर सोमवार शाम या मंगलवार सुबह आधिकारिक घोषणा किए जाने की उम्मीद है। रविवार को पांच घंटे से अधिक चली इस बैठक में पाकिस्तान के गृह मंत्री मोहसिन नकवी और आईसीसी के उपाध्यक्ष इमरान ख्वाजा भी उपस्थित थे। गौरतलब है कि बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड के अध्यक्ष अमीनुल इस्लाम बुलबुल भी चर्चा में शामिल होने के लिए लाहौर आए थे। यह बैठक तब हुई जब बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड के भारत में मैच खेलने से इनकार करने के बाद बांग्लादेश को टी20 विश्व कप से बाहर करने के खिलाफ मतदान करने वाला पाकिस्तान एकमात्र सदस्य देश बनकर उभरा।

**टी20 विश्व कप**

## भारत - पाकिस्तान मैच पर सस्पेंस, आखिरी फैसला लेंगे प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ

नई दिल्ली, 9 फरवरी। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ इस बात पर अंतिम फैसला लेंगे कि क्या पाकिस्तान 15 फरवरी को कोलंबो में होने वाले आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप 2026 में भारत के खिलाफ होने वाले मैच का बहिष्कार करेगा या नहीं। खबरों के मुताबिक, पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के अध्यक्ष मोहसिन नकवी सोमवार को शरीफ से मुलाकात करेंगे और उन्हें अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) प्रतिनिधिमंडल के साथ हुई अपनी बैठक की जानकारी देंगे।

आईसीसी के उप-अध्यक्ष इमरान ख्वाजा, पीसीबी अध्यक्ष मोहसिन नकवी और बीसीबी अध्यक्ष अमीनुल इस्लाम के नेतृत्व में एक आईसीसी प्रतिनिधिमंडल ने रविवार को लाहौर में मुलाकात की और 15 फरवरी को कोलंबो में होने वाले आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप 2026



में भारत के खिलाफ होने वाले मैच के पाकिस्तान के बहिष्कार के फैसले पर चर्चा की। पाकिस्तानी मीडिया ने बताया कि लंबी बातचीत समाप्त हो गई है और उम्मीद है कि अगले कुछ घंटों में आपसी परामर्श से विवाद का समाधान हो जाएगा। इमरान ख्वाजा, मोहसिन नकवी और अमीन उल इस्लाम के बीच एक रोडमैप को अंतिम रूप दे दिया गया है।

## जिम्बाब्वे के तिगड़ी गेंदबाजों का जलवा, ओमान को 8 विकेट से धो डाला



नई दिल्ली, 9 फरवरी। सोमवार को कोलंबो के सिंहली स्पोर्ट्स क्लब में खेले गए आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप 2026 के आठवें मैच में जिम्बाब्वे ने ओमान को आठ विकेट से करारी शिकस्त दी। ग्रुप बी के इस मुकाबले में जिम्बाब्वे के सलामी बल्लेबाज ब्रायन बेनेट 36 गेंदों पर 48 रन बनाकर नाबाद रहे और सिकंदर रजा की अगुवाई वाली जिम्बाब्वे ने 104 रनों के मामूली लक्ष्य का आसानी से पीछा कर लिया। विकेटकीपर-बल्लेबाज ब्रेंडन टेलर ने भी चोटिल होकर आउट होने से पहले 31 रनों की शानदार पारी खेली। उन्होंने अपनी पारी में तीन चौके लगाए। रजा ने विजयी चौका लगाकर जीत दिलाई।

बेनेट के साथ बल्लेबाजी की शुरुआत करते हुए तादिवानाशे मारुमानी ने भी 11 गेंदों पर 21 रन जोड़े। ओमान के लिए सूफयान महमूद ने शानदार गेंदबाजी करते हुए तीन ओवर में 12 रन देकर दो विकेट लिए। इससे पहले, पहले गेंदबाजी करने का विकल्प चुनते हुए, जिम्बाब्वे को पहली सफलता तब मिली जब ब्लेसिंग मुजरबानी ने दूसरे ओवर में ओमान के कप्तान जतिंदर सिंह को आउट कर दिया। अगले ओवर में रिचर्ड नगारवा ने हम्माद मिर्जा को आउट किया, जब ब्रेंडन टेलर ने विकेट के पीछे एक शानदार कैच लेकर काम पूरा किया।

## स्कॉटलैंड ने इटली को 73 रन से हराया

नई दिल्ली, 9 फरवरी। स्कॉटलैंड ने टी-20 वर्ल्ड कप 2026 में अपनी पहली जीत दर्ज कर ली है। सोमवार को ग्रुप-सी के तीसरे मुकाबले में स्कॉटलैंड ने डेब्यू कर रही इटली टीम को 73 रन से शिकस्त दी। कोलकाता के ईडन गार्डन्स स्टेडियम में खेले गए इस मैच में इटली ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया, लेकिन स्कॉटलैंड के बल्लेबाजों ने इस फैसले को गलत साबित कर दिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए स्कॉटलैंड ने 20 ओवर में 4 विकेट के नुकसान पर 207 रन बनाए, जो इस वर्ल्ड कप का अब तक का सबसे बड़ा स्कोर रहा। टारगेट का पीछा करते हुए इटली की टीम 17.4 ओवर में 9 विकेट खोकर 134 रन ही बना सकी। इटली के कप्तान वेन मैडसेन कंधे में चोट के कारण बल्लेबाजी के लिए मैदान पर नहीं उतर सके। स्कॉटलैंड की जीत में ओपनर जॉर्ज मुन्से की अर्धशतकीय पारी अहम रही। मुन्से ने 84 रन बनाए, जबकि उनका विकेट ग्रांट स्टीवर्ट ने लिया, जो इटली के टी-20 वर्ल्ड कप इतिहास का पहला विकेट भी रहा। इटली की टीम इस टूर्नामेंट के जरिए पहली बार वर्ल्ड कप में उतरी है। मुन्से के अलावा ब्रैंडन मैकमुलेन ने नाबाद 41 रन बनाए और माइकल जोन्स ने 37 रन का योगदान दिया। वहीं, माइकल लीस्क ने महज 5 गेंदों पर नाबाद 22 रन ठोके और गेंदबाजी में भी 4 विकेट झटके।

## प्रीमियर लीगः लिवरपूल के खिलाफ फैसले पर भड़के हालैंड, वीएआर विवाद के बीच मैनचेस्टर सिटी की बड़ी जीत

नई दिल्ली, 9 फरवरी। एंफील्ड में जो कुछ हुआ, उसकी गूंज अब भी फुटबॉल जगत में सुनाई दे रही है। लिवरपूल के खिलाफ इंजरी टाइम में रयान चेरकी के गोल को रद्द किए जाने और डोमिनिक सोबोस्लाई को रेड कार्ड दिखाए जाने के फैसले पर मैनचेस्टर सिटी के मैच विनर एरलिंग हालैंड ने खुलकर नाराजगी जताई।

प्रीमियर लीग के इस मुकाबले में मैनचेस्टर सिटी 2-1 से आगे चल रही थी, तभी 99वें मिनट में एक विवादास्पद घटना सामने आई, जिसने पूरे मैच की चर्चा को दिशा दे दी। लिवरपूल के गोलकीपर एलिसन सेट पीस के दौरान आगे आए हुए थे, इसी बीच चेरकी ने अपने ही हाफ से लंबा पास खेला, जिस पर हालैंड तेजी से गोल की ओर बढ़े।

मौजूद जानकारी के अनुसार, हालैंड को रोकने की कोशिश में सोबोस्लाई ने उन्हें पीछे से खींचा, जो साफ तौर पर गोल करने के अवसर को रोकना माना गया। इसके बाद हालैंड ने भी जवाबी प्रतिक्रिया में सोबोस्लाई को पकड़ लिया, जब वह गेंद को गोल लाइन



से क्लियर करने की कोशिश कर रहे थे। गेंद नेट में चली गई और सिटी खिलाड़ियों ने जश्न मनाना शुरू कर दिया।

हालांकि वीएआर जांच के बाद चेरकी का गोल रद्द कर दिया गया और शुरुआती फाउल के लिए सोबोस्लाई को रेड कार्ड दिखा दिया गया। इस फैसले ने मैदान के बाहर बहस को और तेज कर दिया।

मैच के बाद स्काई स्पोर्ट्स से बात करते हुए हालैंड ने कहा कि नियमों का पालन जरूरी है, लेकिन इस फैसले से उन्हें व्यक्तिगत तौर पर निराशा हुई। उन्होंने कहा कि सोबोस्लाई को तीन मैचों का प्रतिबंध झेलना पड़ेगा, जो उन्हें सही नहीं लगता। हालैंड के अनुसार, गोल को मान्य कर देना ज्यादा बेहतर विकल्प होता, बजाय इसके कि किसी खिलाड़ी को रेड कार्ड दिया जाए।

गौरतलब है कि यह फैसला मैच के नतीजे को तो नहीं बदल सका, लेकिन चर्चा का बड़ा विषय जरूर बन गया हैं। मैनचेस्टर सिटी ने एंफील्ड में 2021 के बाद पहली बार जीत दर्ज की। इससे पहले मुकाबले में लिवरपूल ने सोबोस्लाई के शानदार फ्री-किक गोल से बढ़त बनाई थी, जिसे बर्नार्डो सिल्वा ने बराबर किया। इसके बाद स्टॉपेज टाइम में एलिसन द्वारा मैथियस नूनेस पर किए गए फाउल पर सिटी को पेनल्टी मिली, जिसे हालैंड ने आत्मविश्वास के साथ गोल में बदला।

इस जीत के साथ पेप गार्डियोला की टीम खिताबी दौड़ में मजबूती से आगे बढ़ रही है और अब वह शीर्ष पर मौजूद आर्सेनल से सिर्फ छह अंक पीछे है, जबकि लीग में अभी 13 मुकाबले बाकी हैं। विवाद चाहे जितना भी हो, सिटी के लिए यह जीत बेहद अहम साबित हुई है और उसका असर अंक तालिका पर साफ दिखाई दे रहा है।

## लिंड्से वॉन के लिए राफेल नडाल का भावुक संदेश

नई दिल्ली, 9 फरवरी। विंटर ओलंपिक में अमेरिकी स्कीइंग स्टार लिंडसे वॉन के साथ हुआ हादसा अब इंसानी जज़्बे की कहानी कह रहा है। बता दें कि इस दर्दनाक घटना के बाद टेनिस के दिग्गज खिलाडी राफेल नडाल ने वॉन के लिए भावुक संदेश साझा किया हैं। नडाल ने कहा कि लिंडसे वॉन साहस की मिसाल हैं और उनकी मजबूती लाखों खिलाड़ियों को प्रेरित करती हैं। उन्होंने वॉन को मजबूत रहने और जल्द स्वस्थ होने की शुभकामनाएं दी। मौजूद जानकारी के अनुसार, यह हादसा इटली के कोर्टिना डी'अम्पेज़ो में डाउनहिल स्पर्धा के दौरान हुआ हैं। रेस शुरू होने के कुछ ही सेकंड बाद तेज रफ्तार में वॉन का संतुलन बिगड़ा, वह हवा में घूमती हुई और बर्फ पर जोर से जा गिरी हैं। धूप भरे मौसम के बावजूद यह दुर्घटना बेहद गंभीर रही।

## तारिक क्रिकेट एकेडमी की जीत में विनय, तविश व निखिल चमके

जयपुर, 9 फरवरी। यूनियन क्रिकेट क्लब द्वारा आयोजित प्रथम मुमताज खान स्मृत्ति लीग कम नॉक आउट क्रिकेट प्रतियोगिता के अन्तर्गत संस्कार ठाउण्ड में खेले गये मैच में तविश शर्मा 86 रन की शानदार पारी तथा निखिल 13 रन पर 5 विकेट व विनय शर्मा 21 रन पर 4 विकेट की शानदार गेंदबाजी की बदौलत संस्कार क्रिकेट एकेडमी को 174 रन से हराकर फाइनल में प्रवेश किया जंहा उसका मुकाबला नैना एकेडमी व एनबी एकेडमी के मध्य होने वाले कल दूसरे सेमीफाइनल के विजेता से बुद्धवार 11 फरवरी को नैना एकेडमी ठाउण्ड जगत पुरा में होगा।

टॉस जीतकर तारिक एकेडमी ने पहले बल्लेबाजी का निर्णय लिया लेकिन 69 रन बनते बनते उनके 5 मुख्य बल्लेबाज आउट हो गये। निचले के बल्लेबाज तविश शर्मा 86 रन (60 गेंद, 9 चोके 4 छक्के) में पहले उदित 39 रन के साथ मिलकर 92 रन की साझेयदारी निभाई। उसके बाद विनय शर्मा 20 रन के साथ मिलकर अपनी टीम



को स्कोर आल आउट होने से पहले 35.3 ओवर में स्कोर 209 रन पहुंचा दिये। गेंदबाजी में संस्कार एकेडमी की ओर से रूद्र 25 रन पर 4 विकेट लेकर सबसे सफल गेंदबाज रहे जबकि कलरव व बादल पायला प्रत्येक 2-2 विकेट लेकर अन्य सफल गेंदबाज रहे।

जवाबी पारी में संस्कार एकेडमी की टीम निखिल 13 रन पर 5 विकेट तथा विनय शर्मा 21 रन पर 4 विकेट की गेंदबाजी के समक्ष बिल्कुल नहीं टीक सकी ओर 102 ओवर में मात्र 35 रन पर सिमट गयी। इस मैच का मैन ऑफ द मैच विनय शर्मा तारिक क्रिकेट एकेडमी रहें ।

## वैभव सूर्यवंशी बने भारतीय क्रिकेट के नए सुपरस्टार - गौतम गंभीर

नई दिल्ली, 9 फरवरी। शुक्रवार को हरारे में खेले गए अंडर-19 विश्व कप फाइनल में भारत ने इंग्लैंड को 100 रन से हराकर रिकॉर्ड छठी बार खिताब अपने नाम किया। इस जीत के नायक वैभव सूर्यवंशी रहे, जिन्होंने महज़ 80 गेंदों में 175 रन की अविश्वसनीय पारी खेली। यह अंडर-19 विश्व कप फाइनल इतिहास का सबसे बड़ा व्यक्तिगत स्कोर रहा। गौरतलब है कि भारत ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाज़ी करने का फैसला किया था। वैभव ने शुरुआत से ही इंग्लैंड के गेंदबाज़ों पर दबाव बना दिया। 15 चौके और 15 छक्कों से सजी उनकी पारी ने स्कोरबोर्ड को तेजी से आगे बढ़ाया। कप्तान आयुष म्हात्रे ने 53 रन की संयमित पारी खेली, जबकि अभिज्ञान कुंडू ने 40 रन जोड़कर रनगति बनाए रखी। भारतीय टीम 411/9 के विशाल स्कोर तक पहुंची।

जवाब में इंग्लैंड की शुरुआत ठीक रही, लेकिन मध्यक्रम लड़खड़ा गया। 142/2 से टीम 177/7 तक सिमटती चली गई। मौजूद जानकारी के अनुसार, केलैब फाल्कनर ने अकेले दम पर 67 गेंदों में 115 रन बनाकर संघर्ष किया, लेकिन लक्ष्य इतना बड़ा था कि इंग्लैंड की टीम उसे चुनौती नहीं दे सकी।

मैच के बाद वैभव सूर्यवंशी ने इंस्टाग्राम पर ट्रॉफी के साथ तस्वीर साझा की और लिखा कि उन्हें मैदान पर खेलना अच्छा लगा और वह खुश हैं कि टीम की जीत में योगदान दे सके। उन्होंने मिले समर्थन के लिए आभार भी जताया।

भारत के इस शानदार अभियान की क्रिकेट जगत में खूब सराहना हुई। पूर्व अंडर-19 विश्व कप विजेता कप्तान विराट कोहली ने टीम की निरंतर सफलता की तारीफ की, वहीं मुख्य कोच गौतम गंभीर ने इसे भारतीय क्रिकेट के उज्ज्वल भविष्य का संकेत बताया।

## किलियन एम्बाप्पे का फिर चला जादू, वालेंसिया के खिलाफ गोल दागकर रियल मैड्रिड को दिलाई शानदार जीत




नई दिल्ली, 9 फरवरी। रविवार को खेले गए ला लीगा मुकाबले में रियल मैड्रिड ने वालेंसिया को उसके घरेलू मैदान पर 2-0 से हराकर अंक तालिका में शीर्ष पर मौजूद बार्सिलोना से दूरी एक अंक तक सीमित रखी। इस मुकाबले में रियल मैड्रिड ने ज्यादातर समय गेंद पर नियंत्रण बनाए रखा, लेकिन मौके बनाने में टीम को संघर्ष करना पड़ा। पहले हाफ में वालेंसिया के गोलकीपर स्टोले दिमित्रिएव्स्की को ज्यादा मेहनत नहीं करनी पड़ी और मैच काफी हद तक फीका रहा।

मौजूद जानकारी के अनुसार, मैच का पहला गोल 65वें मिनट में आया, जब फुलबैक अल्वारो कारेरेस ने किस्मत का साथ पाते हुए बढ़त दिलाई।

बॉक्स में आगे बढ़ते समय वह पहले गेंद गंवा बैठे, लेकिन डिफेंस की क्लीयरेंस उन्हीं से टकराकर वापस उनके पास आ गई। 22 वर्षीय कारेरेस ने तेजी दिखाते हुए निचले कोने में सटीक शॉट लगाया और स्कोर खोल दिया।

इसके बाद वालेंसिया की ओर से कोई ठोस प्रतिक्रिया देखने को नहीं मिली। स्टॉपेज टाइम में रियल मैड्रिड ने मुकाबले को पूरी तरह अपने नाम कर लिया। सब्स्टीट्यूट ब्राहीम डियाज ने काउंटर अटैक शुरू किया और बाएं फ्लैंक से लो क्रॉस दिया, जिस पर किलियन एम्बाप्पे ने नजदीक से गोल कर जीत पक्की कर दी।

गौरतलब है कि यह एम्बाप्पे का लीग में 23वां गोल रहा, जिससे वह गोल्डन बूट की दौड़ में बाकी खिलाड़ियों से काफी आगे निकल चुके। इस मैच में रियल मैड्रिड को कई अहम खिलाड़ियों की कमी खली। विनिसियस जूनियर निलंबन के कारण बाहर रहे, जबकि जूड बेलिंघम, रोड्रिगो और एदर मिलिटाओ चोट के चलते नहीं खेल पाए। इन हालात में कोच अल्वारो आर्बेलोआ को अकादमी के युवा खिलाड़ियों राउल असेन्सियो, डेविड जिमेनेज और गोंजालो गार्सिया को मौका देना पड़ा। मैच के बाद आर्बेलोआ ने कहा कि वालेंसिया के खिलाफ खेलना हमेशा कठिन होता है और टीम ने पूरी प्रतिबद्धता दिखाई हैं। उन्होंने माना कि खेल में चमक की कमी रही, लेकिन मजबूती और अनुशासन ही ऐसी जीत की नींव होते हैं। उन्होंने यह भी रेखांकित किया कि गोलकीपर थिबो कोर्टुआ को पूरे मैच में एक भी बचाव नहीं करना पड़ा।

# डीपीएल सीज़न-18 में 20 टीमें भाग लेंगी

जयपुर, 9 फरवरी। डीपीएल जयपुर में डॉक्टर्स के बीच खेला जाने वाला बेहद प्रतिष्ठित वार्षिक क्रिकेट टूर्नामेंट है। एक ओर जहां अभी इंडियन प्रीमीयर लीग के मैचों को लेकर लोगों में उत्साह रहा है। तो वहीं दूसरी ओर डॉक्टर्स सोशल एण्ड वेलफेयर सोसायटी के तत्वावधान में सवाई मानसिंह मेडिकल कॉलेज के क्रिकेट ठाउंड में आयोजित होने वाली डॉक्टर्स क्रिकेट प्रीमियर लीग -20 में बैट और बॉल का रोमांच सिर चढ़कर बोलेगा।

गौरतलब है कि डॉक्टर्स प्रीमियर लीग एक अनूठी क्रिकेट लीग है जो आईपीएल की तर्ज़ पर डॉक्टरों के बीच खेली जाती है। इस बार सीज़न-18 में 20 टीमें भाग ले रही हैं। प्रत्येक वर्ष की भांति इस बार भी ये लीग एक सामाजिक संदेश के साथ खेली जा रही है जिसमें स्तन कैंसर के प्रति जागरूकता का प्रचार प्रसार होगा ।

# रैफल्स सिरमौर कप के लिए आज से होगी टीमों के बीच टक्कर

जयपुर, 9 फरवरी। जयपुर पोलो सीजन 2026 के अंतर्गत रैफल्स सिरमौर कप (14 गोल्स) के लिए चार टीमों के बीच कल से मुकाबलों की शुरुआत होगी। इन चार टीमों में जयपुर अरावली, जिंदल पोलो टीम, कैरेसिल सुहाना और विमल एरियन अचीवर्स शामिल हैं। इस कप के लिए फाइनल मुकाबला 15 फरवरी, रविवार को राजस्थान पोलो क्लब ग्राउंड पर दोपहर 3.30 बजे आयोजित होगा।

इस टूर्नामेंट के लिए मुकाबले कुछ इस प्रकार से होंगे। मंगलवार, 10 फरवरी को राजस्थान पोलो क्लब ग्राउंड (आरपीसी) पर जयपुर अरावली और जिंदल पोलो टीम के बीच मैच खेला जाएगा। इसी प्रकार, बुधवार 11 फरवरी को आरपीसी ग्राउंड पर कैरेसिल सुहाना और विमल एरियन अचीवर्स के बीच मुकाबला होगा। वहीं, गुरुवार, 12 फरवरी को मेंटेनेंस डे रहेगा।

शुक्रवार, 13 फरवरी को पीपीसी और आरपीसी ग्राउंड पर टीमों के बीच क्रॉस सेमिफाइनल मुकाबले आयोजित होंगे।

टीम जयपुर अरावली से खेलने वाले खिलाड़ियों में हिज हाइनेस महाराजा सवाई पद्मनाभ सिंह, लांस वॉटसन, प्रताप सिंह कानोता और मैनुअल फर्नांडीज लोरेंटे शामिल होंगे। टीम जिंदल पोलो से वैंकटेश जिंदल, सिद्धांत शर्मा, सिमरन शेरगिल और मैक्स चार्ल्टन खेलेंगे। इसी प्रकार, टीम कैरेसिल सुहाना की ओर से अशोक चांदना, कुलदीप सिंह राठौड़, मैनुअल प्राडो और माटियास वायल खेंलेगे। वहीं, टीम विमल एरियन अचीवर्स में शमशीर अली, डेनियल ओटामेंडी, अलेजो अरामबुरु सहित एक अन्य खिलाड़ी शामिल होंगे।

इसके अतिरिक्त, शनिवार, 14 फरवरी को राजस्थान पोलो क्लब ग्राउंड पर दोपहर 3.30 बजे ईटन कॉलेज और मेयो कॉलेज के बीच एक टेस्ट मैच का आयोजन होगा।

# फुटबॉल में लड़के व लड़कियों ने स्किल टेस्ट में लगाई पूरी ताकत

जयपुर, 9 फरवरी। सवाई मान सिंह स्टेडियम में राजस्थान राज्य क्रीडा परिषद द्वारा आयोजित की जा रही अकादमियों/बालिका खेल संस्थानों की चयन ट्रायल के अंतर्गत सोमवार को फुटबॉल में लड़के एवं लड़कियों ने स्किल टेस्ट में पूरी ताकत लगाई। राजस्थान राज्य क्रीड़ा परिषद द्वारा गठित कमेटी ने बारीकी से नज़र रखी। राजस्थान राज्य क्रीड़ा परिषद की सचिव श्रीमती नीतू बारूपाल ने बताया कि सोमवार को ही बालिका वालीबॉल



अकादमी-जयपुर (70), बालक वालीबॉल अकादमी-झुंझुनू (95), बालिका आवासीय खेल संस्थान (बॉक्सिंग खेल)-जयपुर (7), बालिका आवासीय खेल संस्थान (भारोत्तोलन खेल)-जयपुर (14) के लिए कुल 186 खिलाड़ियों का रजिस्ट्रेशन एवं मेडिकल के बाद बैटरी टेस्ट लिया गया। इनके स्किल टेस्ट मंगलवार को होंगे।

# राजस्थान की भूमि सदियों से आयुर्वेद का केन्द्र रही है- भजनलाल

## मुख्यमंत्री ने राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान के स्वर्ण जयन्ती समारोह में सुश्रुत भवन का लोकार्पण किया

जयपुर, 09 फरवरी। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि राजस्थान की मिट्टी में आयुर्वेद की जड़ें गहरी हैं, यहां औषधि उत्पादन की अद्भुत क्षमता है। प्रदेश के पहाड़ी, वन, औषधीय पौधे इसके साक्षी हैं कि यहां की भूमि सदियों से आयुर्वेद का केन्द्र रही है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार आयुर्वेद के संवर्धन तथा जनमानस में उसके व्यापक उपयोग के लिए प्राथमिकता से कार्य कर रही है।

- **मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि शिक्षा, प्रशिक्षण, अनुसंधान और रोगी सेवा, इन चारों स्तम्भों पर राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान ने पिछले पाँच दशकों में नेतृत्व स्थापित किया है।**



*मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने सोमवार को राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान के स्वर्ण जयंती समारोह को संबोधित किया। इस अवसर पर एनआईए परिसर में नवनिर्मित ओपीडी ''सुश्रुत भवन'' का लोकार्पण किया।*

मुख्यमंत्री ने सोमवार को राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान के स्वर्ण जयंती समारोह में अपने उद्बोधन के दौरान कहा कि वर्ष 1976 में राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान एक महाविद्यालय के रूप में आरंभ होकर आज देश के प्रमुख डीम्ड टु बी आयुर्वेद यूनिवर्सिटी के रूप में विकसित हो गया है। राजस्थान की धरती पर स्थापित इस संस्थान ने पचास वर्षों में जिस ऊंचाई, प्रतिष्ठा और राष्ट्रीय नेतृत्व को प्राप्त किया है, वह प्रेरणास्पद है। उन्होंने कहा कि शिक्षा, प्रशिक्षण, अनुसंधान और रोगी सेवा - इन चारों स्तंभों पर राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान ने पिछले पांच दशकों में नेतृत्व स्थापित किया है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारे देश को विश्वगुरु बनाने में आयुर्वेद और योग की प्रमुख भूमिका रही है।

केन्द्रीय राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) आयुष मंत्रालय और राज्य मंत्री स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय प्रताप राव जाधव ने कहा कि राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान की 50 वर्ष की यह यात्रा शोधकर्ताओं और कर्मयोगियों की अटूट निष्ठा, समर्पण और तपस्या का प्रतीक है।

उप मुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा ने कहा कि प्रदेश में आयुष्मान आदर्श ग्राम योजना लाकर आयुर्वेद और योग के माध्यम से आरोग्य ग्राम बनाए जा रहे हैं।

इस दौरान मुख्यमंत्री ने एनआईए परिसर में नवनिर्मित ओपीडी ''सुश्रुत भवन'' का लोकार्पण किया। इससे पहले उन्होंने प्रदर्शनी का अवलोकन भी किया।

## जेल में आतंकी अब्दुल रहमान की हत्या

फरीदाबाद, 09 फरवरी। फरीदाबाद की जेल में रविवार देर रात कैदियों के बीच हुई मारपीट के दौरान आतंकी अब्दुल रहमान की हत्या कर दी गई। मृतक आतंकी को कुछ समय पहले ही जम्मू-कश्मीर से फरीदाबाद जेल में शिफ्ट किया गया था।

हत्या का आरोप इसी जेल में बंद अरूण चौधरी नामक कैदी पर लगा है।घटना के बाद सभी कैदियों को बैरकों में बंद कर दिया गया है।

आतंकी अब्दुल रहमान की हत्या की खबर जेल प्रबंधन को सोमवार की सुबह गिनती के दौरान मिली। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर अगली कार्रवाई शुरू कर दी है।

# सुप्रीम कोर्ट से सेंगर को नहीं मिली जमानत

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

- **सुप्रीम कोर्ट ने उन्नाव रेप पीड़िता के पिता की हिरासत में मौत से जुड़े केस में हाई कोर्ट के फैसले को बरकरार रखते हुए आरोपी कुलदीप सेंगर को जमानत नहीं दी।**

नई दिल्ली, 9 फरवरी। सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को उन्नाव बलात्कार पीड़िता के पिता की हिरासत में मौत से जुड़े मामले में पूर्व भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) विधायक कुलदीप सिंह सेंगर को जमानत देने से इनकार करने के दिल्ली हाई कोर्ट के फैसले में हस्तक्षेप करने से मना कर दिया।

चीफ जस्टिस (सीजेआई) सूर्यकांत तथा न्यायमूर्ति जॉयमाल्य बागची और एन.वी. अंजनरिया की पीठ ने यह कहते हुए राहत देने से इनकार किया कि यह मामला ''नैतिक अधर्मता (मॉरल टर्पीट्यूड)'' से जुड़े अपराधों से संबंधित है।

हालाँकि, अदालत ने यह भी कहा कि सेंगर द्वारा अपनी सजा के खिलाफ दायर अपील हाई कोर्ट में लंबित है और इसे पीड़िता की उस अपील के साथ प्राथमिकता के आधार पर सुना जा सकता है, जिसमें 10 साल की सजा बढ़ाने की मांग की गई है। अदालत ने कहा, ''हम उस मामले में अपीलकर्ता (पीड़िता) को यह स्वतंत्रता देते हैं कि वह हाई कोर्ट के समक्ष इसका उल्लेख कर सके। दिल्ली हाई कोर्ट एक सप्ताह के भीतर अपील पर सुनवाई करे और यदि हाई कोर्ट को लगे कि इसे सेंगर की अपील के साथ सुना जा सकता है, तो दोनों को एक साथ सुना और निपटाया जा सकता है। यदि इसके लिए पीठ की संरचना में बदलाव की आवश्यकता हो, तो वह भी किया जा सकता है।''

# कांग्रेस ओम बिड़ला के ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

महिला सांसदों ने लोकसभा अध्यक्ष को एक कड़ा पत्र लिखा है, जिसमें उन्होंने स्पीकर के सभी आरोपों का खंडन किया है और कहा है कि वे कड़ी मेहनत से यहां तक पहुंची हैं और उनके खिलाफ इस तरह की टिप्पणी करना अध्यक्ष के लिए उचित नहीं है।

- **महिला सांसदों ने स्पीकर की टिप्पणी पर भारी आपत्ति की, उनके अनुसार, वे बड़ी मेहनत से भारी संघर्ष के बाद जीतकर आई हैं और स्पीकर को कोई अधिकार नहीं है, उन पर ऐसी टिप्पणी करने का।**

कांग्रेस अविश्वास प्रस्ताव में शामिल होने के लिए अन्य विपक्षी दलों के नेताओं से बातचीत कर रही है।

कुछ दल इस बात पर चर्चा कर रहे हैं कि उन्हें क्या कदम उठाना चाहिए।

लेकिन कांग्रेस के पास अविश्वास प्रस्ताव लाने के लिए पर्याप्त संख्या है। इसके लिए 20 दिन पहले नोटिस देना होता है और यह मार्च में बजट सत्र दोबारा शुरू होने पर लागू होगा।

समाजवादी पार्टी, डीएमके और वाम दल इस प्रस्ताव के समर्थन में हैं और सूत्रों के अनुसार, कई अन्य दल भी इसमें शामिल हो सकते हैं।

विपक्षी नेताओं ने ओम बिड़ला पर आरोप लगाया है कि वे विपक्ष की बात सुनने और उन्हें संसदीय प्रक्रिया का हिस्सा बनने देने के बजाय, सत्तारूढ़ दल की आवाज बन गए हैं।

# संसद ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

निरोधक दस्ते और डॉग स्क्वॉड तुरंत मौके पर पहुंचे।

डीएफएस के एक अधिकारी ने कहा कि अब तक 15 स्कूलों ने धमकी मिलने की सूचना दी है। सभी परिसरों की गहन जांच की जा रही है। इनमें से आठ धमकियों को बाद में फर्जी बताया गया। वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों ने बताया कि ईमेल की लोकेशन और सोर्स पता करने के लिए साइबर टीमें सक्रिय कर दी गई हैं।

# कांग्रेस ने ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

करने के लिए खड़ी होंगी, तब शायद उस जन्मदिन पार्टी के बजट पर भी प्रकाश डालें, जिसे एप्स्टीन की एक सहयोगी ने उनके बेटे के लिए आयोजित किया था। खेड़ा ने कहा, हम जो कुछ खोज रहे हैं, वह बड़े स्कैंडल का केवल सिरा मात्र है। ऊपर से नीचे तक, भाजपा-एप्स्टीन के संबंध गहरे दिखाई देते हैं। उन्होंने कहा, अमेरिकी न्याय विभाग की वेबसाइट पर ये दस्तावेज़ उपलब्ध है। उन्होंने कहा, एप्स्टीन फाइलों में जो सामने आया है और पूरी दुनिया में हलचल मचा रहा है, दीया कुमारी इसे स्वीकार करें, खंडन करें या मौन रहें, यह उन्हीं पर निर्भर है। दीया कुमारी राजस्थान सरकार में नंबर दो की स्थिति में हैं और उपमुख्यमंत्री के रूप में वे सरकार में एक जिम्मेदार पद संभाल रही हैं।

# मान को विदेश यात्रा की ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

राजनीतिक मंजूरी की मांग को लंबित रख दिया और उनकी तय यात्रा पर कोई जवाब नहीं दिया।

यह तीसरा अवसर है, जब मुख्यमंत्री मान विदेश यात्रा के लिए राजनीतिक मंजूरी हासिल नहीं कर पाए हैं। जनवरी में उन्हें यूके और इज़रायल की यात्रा के लिए भी मंजूरी नहीं दी गई थी

विदेश मंत्रालय ने पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान को यूनाइटेड किंगडम और इज़रायल की आधिकारिक यात्रा के लिए राजनीतिक मंजूरी देने से इनकार कर दिया था। इससे पहले, पेरिस ओलंपिक के दौरान फ्रांस जाने के उनके अनुरोध को भी खारिज कर दिया गया था।

राजनीतिक मंजूरी बार-बार नहीं मिलने से एक बार फिर केन्द्र और राज्य के संबंध चर्चा में आ गए हैं। आम आदमी पार्टी (आप) ने केन्द्र सरकार पर विपक्ष द्वारा शासित राज्यों को निशाना बनाने का आरोप लगाया है।

पार्टी नेताओं का कहना है कि ऐसे प्रतिबंध पंजाब की निवेश, शिक्षा और प्रवासी भारतीयों से जुड़ी गतिविधियों में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भागीदारी करने की क्षमता को प्रभावित करते हैं, खासकर तब, जब अन्य राज्यों के मुख्यमंत्री पहले विदेश यात्राएं कर चुके हैं।

पंजाब के मुख्यमंत्री अगले महीने होने वाले इन्वैस्टर्स समिट से पहले राज्य के लिए निवेश जुटाने के उद्देश्य से इन दो यूरोपीय देशों में प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व करने वाले थे।

# नरवणे की अप्रकाशित पुस्तक सर्कुलेट करने पर एफ.आई.आर.

नई दिल्ली, 09 फरवरी। दिल्ली पुलिस ने सेना प्रमुख जनरल एमएम नरवणे की अप्रकाशित पुस्तक के प्रसार के संबंध में प्रथम सूचना रिपोर्ट (एफआईआर) दर्ज की है। पुलिस ने विभिन्न ऑनलाइन सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म और समाचार मंचों पर मिली जानकारी का संज्ञान लिया, जिसमें दावा किया गया था कि पुस्तक फोर स्टार्स ऑफ डेस्टिनी की एक प्री-प्रिंट प्रति सर्कुलेट की जा रही है।

- **दिल्ली पुलिस ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म से मिली जानकारी के आधार पर संज्ञान लेकर रिपोर्ट दर्ज की।**
- **पता चला है कि पुस्तक की पीडीएफ कॉपी, जिसे पेंगुइन रैंडम हाउस इंडिया प्राइवेट लिमिटेड ने बनाया है, कुछ वेबसाइट्स पर उपलब्ध है।**

यह भी बताया गया कि इस पुस्तक के प्रकाशन के लिए संबंधित अधिकारियों से आवश्यक अनुमति अभी तक प्राप्त नहीं हुई है।

जांच करने पर पता चला कि इसी शीर्षक वाली एक टाइप की हुई पुस्तक की पीडीएफ कॉपी, जिसे पेंगुइन रैंडम हाउस इंडिया प्राइवेट लिमिटेड द्वारा तैयार किया गया है, कुछ वेबसाइटों पर उपलब्ध है, और कुछ ऑनलाइन मार्केटिंग प्लेटफॉर्म पर पुस्तक का अंतिम कवर इस तरह प्रदर्शित किया गया है, जैसे वह बिक्री के लिए उपलब्ध हो।

अभी तक अनुमति नहीं मिलने के कारण अप्रकाशित इस पुस्तक के लीक होने की गहन जांच के लिए स्पेशल सेल में मामला दर्ज किया गया है।

# शरद ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

बारामती आवास पर पहुंचकर उनकी जांच की। इसके बाद शरद पवार को अस्पताल में भर्ती होने की सलाह दी गई थी।






राष्ट्रदूत (एच.यू.एफ.) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस, सुधर्मा, एम.आई.रोड़, जयपुर एवं सुधर्मा-II, लालकोठी शॉपिंग सेंटर, टोंक रोड़, जयपुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादकः- राजेश शर्मा । आर.एन.आई. नं. 3641/57, ई-मेल-rastrdut@gmail.com **कोटा कार्यालयः**-पलायथा हाउस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन:2386031, 2386032, फैक्स:0744-2386033 **बीकानेर कार्यालयः**-कुंम्भाना हाउस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन:2200660, फैक्स: 0151-2527371 **उदयपुर कार्यालयः**-आयड, मेन रोड आयड, उदयपुर। फोन: 2413092, 2418945, फैक्स: 0294-2410146 **अजमेर कार्यालयः**-घूघरा घाटी, जयपुर रोड,अजमेर। फोन: 2627612, फैक्स:0145-2624665 **जालोर कार्यालय :-** जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोन: 226422, 226423, फैक्स: 02973-226424 **हिण्डौनसिटी कार्यालय :-** जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोन: 230200, 230400, फैक्स: 07469-230600 **चूरू कार्यालयः** एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोन: 256906, 256907, फैक्स:01562-256908